वर्ष : 06 अंक : 348

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

सोमवार, 24 जून 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन



Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

## एक नजर

### सुकमा में आईइडी विस्फोट, कोबरा वाहिनी के दो जवान शहीद

**सुकमा।** सुकमा जिले के जगरगुंडा पुलिस थाना क्षेत्र के सिलगेर और टेकुलागुडेम के बीच रविवार को दोपहर 03 बजे नक्सलियों के आईईडी की चपेट में आकर सीआरपीएफ 201 कोबरा वाहिनी के दो जवान मौके पर बलिदान हो गए। दोनों जवान एडवांस पार्टी को ट्रक से चालक एवं सहचालक के रूप में लेकर जा रहे थे। एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सीआरपीएफ की 201 कोबरा वाहिनी के सिलगेर कैम्प से टेकलगुड़ेम जाने के लिए एडवांस पार्टी आरओपी ड्यूटी के लिए ट्रक से रवाना की गई थी। रास्ते में नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट कर रखा था। इसी दौरान रविवार को करीबन 03 बजे आईईडी की चपेट में आने से 201 कोबरा वाहिनी के ट्रक चालक विष्णु आर एवं सहचालक जवान शैलेन्द्र की मौके पर मौत हो गई एवं बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं।

### नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं का मामला दर्ज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) (यूजी) में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं। यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे।

### रेलवे ने विकसित किया कवच का नया संस्करण

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का नया और अधिक सक्षम एवं प्रभावशाली संस्करण कवच 4.0 विकसित किया है तथा परीक्षण के बाद इसे शीघ्र ही लगाना शुरू किया जाएगा। सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कवच की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अधिकारियों ने कवच के संस्करण 4.0 की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया। रेल मंत्री को बताया गया कि कवच के सभी तीन अनुमोदित निमार्ता संस्करण 4.0 के परीक्षण के उन्नत चरण में हैं।

## मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का किया अवलोकन, बोले

# बुरुडीह डैम को बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप विकसित करना प्राथमिकता

संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित बुरुडीह डैम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने अवलोकन के क्रम में बुरुडीह डैम को राष्ट्रीय स्तर पर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने को लेकर अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार राज्य के कई नए पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृतिक सुंदरता के दृष्टिकोण से एक बहुत ही आकर्षक राज्य है। यहां पर्यटन की प्रबल संभावनाएं हैं यही कारण है कि हमारी सरकार राज्य में चिन्हित कई धार्मिक, आध्यात्मिक स्थलों सहित पहाड़, डैम, फॉल आदि आकर्षक जगहों को विकसित करने के उद्देश्य से कार्य योजना बना रही है।



**अधिकारियों को दिए निर्देश :** मुख्यमंत्री ने अवलोकन के दौरान अधिकारियों से राज्य सरकार द्वारा बुरुडीह डैम में किए जाने वाले कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मौके पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग, वन विभाग और पूर्वी सिंहभूम जिला के अधिकारियों को बेहतर तालमेल और समन्वय बनाकर बुरुडीह डैम के विकास कार्य को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत मूर्त रूप देने का निर्देश दिया।

### डैम का पानी आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को उपलब्ध कराएंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के समय ही व्यक्तिगत रूप से मैं जंगल से घिरे हुए इस ऐतिहासिक बुरूडीह डैम की खूबसूरती से परिचित हूं, इस डैम का सर्वांगीण विकास हो, यह पहले से ही मेरे मन में था। इस डैम का पानी बुरुडीह आस-पास क्षेत्र के किसान वर्ग को मिले इसी उद्देश्य से हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर सेक्टर में विकास की एक लम्बी लकीर खींचने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### पर्यटन को बढ़ावा देने वाले सभी मूलभूत व्यवस्थाएं उपलब्ध होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम का सौंदर्यीकरण कार्य सहित राष्ट्रीय स्तरीय पर्यटन के सभी जरूरी व्यवस्थाओं को एक निश्चित समय सीमा के अंदर पूरा करना सुनिश्चित यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। यहां गेस्ट हाउस, खेल मैदान, पार्क निर्माण इत्यादि सभी कार्य प्राथमिकता के तौर पर किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से लोग इस पर्यटन स्थल में आकर यहां की खूबसूरती का आनंद ले सकें, इस निमित्त डैम को कनेक्ट करने वाला सड़क सहित बिजली, पानी और पर्यटकों के ठहरने की पूरी सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुरुडीह डैम को विकसित कर घाटशिला क्षेत्र को एक नई पहचान देनी है। मौके पर मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण किया तथा पेड़ों में रक्षासूत्र बांधकर वृक्ष को संरक्षित करने का संदेश भी दिया।

## मुख्यमंत्री ने मऊभंडार, घाटशिला में 2141 विकास योजनाओं की दी सौगात

# जन भागीदारी से राज्य की बदलेंगे तस्वीर और तकदीर : चंपाई सोरेन

- 20484 लाभुकों के बीच लगभग 71 करोड़ 63 लाख की बांटी परिसंपत्तियां
- विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बीच सरकार विकास को दे रहे गति

संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि झारखंड को संवारना है। इस राज्य को नई दिशा देना है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे बढ़ाना है। इसी प्रतिबद्धता के साथ हमारी सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित मऊभंडार में आयोजित विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग और भागीदारी से झारखंड को अव्वल राज्य बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को हमारी सरकार कई नई सौगात देने जा रही है। अब बिजली उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा। वहीं, 25 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम उम्र की बहनों और बेटियों को सरकार आर्थिक सहायता देने जा रही है। किसानों के दो लाख रुपए तक का कृषि लोन माफ करने का भी निर्णय सरकार ने लिया है। इन योजनाओं के जरिए राज्य की जनता को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने का प्रयास हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं। आप इस बात से वाकिफ हैं कि सरकार गठन के साथ कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से सामना करना पड़ा। ऐसे हालत में भी हमारी सरकार ने जीवन और जीविका के लिए बेहतरीन कार्य किया। इसके बाद जब विकास को गति गति देने की शुरूआत हुई तो कई विपरीत परिस्थितियां आ खड़ी हुई। लेकिन, इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए हम विकास को लगातार गति देने का काम कर रहे हैं।



### गरीबों के पक्के मकान के सपने को कर रहे सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अपने दम पर अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख गरीबों और जरूरतमंदों को पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। हमारी सरकार का संकल्प है कि इस राज्य में कोई भी व्यक्ति मिट्टी का कच्चा घर या झुग्गी झोपड़ी पर रहने को मजबूर नही रहे। सबके पास अपना पक्का मकान हो यह राज्य सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। ऐसे में आपकी भावनाओं, उम्मीदों और आकांक्षाओ को पूरा करने की दिशा में हम लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में 'आपकी योजना -आपकी सरकार -आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिए सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान करने के साथ कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम आगे भी चलाया जाएगा, क्योंकि जनता से जुड़कर हम राज्य को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### योजनाओं का तोहफा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45 करोड़ 79 लाख 99 हजार 980 रुपए की 2141 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। इसमें 14 करोड़ 88 लाख 44 हजार 580 रुपए की 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 30 करोड़ 91 लाख 55 हजार 400 रुपए की योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, छात्रवृत्ति योजना, वन पट्टा वितरण योजना और मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत अनेकों कल्याणकारी योजनाओं के 20, 484 लाभुकों के बीच 71 करोड़ 63 लाख 4 हजार 200 रुपये की परिसम्पतियों का वितरण किया।

# जल्द ही 4.50 लाख अबुआ आवास की मिलेगी सौगात




संवाददाता

**रांची।** राज्य में अबुआ आवास योजना से इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.50 लाख आवास का आवंटन होगा। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग जिलावार लक्ष्य तय करने में जुटा है। लाभुकों की संख्या में वृद्धि होने की वजह से सरकार ने यह लक्ष्य तय किया है। संभवतः अगले सप्ताह इसे फाइनल कर दिया जाये।

सभी जिलों को मिलाकर करीब 4.50 लाख आवास का आवंटन किया जायेगा यानी इतने बेघरों के लिए तीन कमरों के आवास निर्माण की स्वीकृति दी जायेगी। जानकारी के अनुसार जिलों से रिपोर्ट मंगायी गयी है। इसकी समीक्षा की जा रही है। विभागीय सचिव ने आवास आवंटन में पूरी पारदर्शिता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख लाभुकों को ही आवास देने का लक्ष्य रखा गया था। इन्हें पहली किस्त के तहत 30-30 हजार रुपये काम शुरू कराने के लिए दिए गये हैं। वहीं, जिन्होंने पहले चरण का काम पूरा करके वेबसाइट में फोटो अपडेट किया है, उन्हें 50-50 हजार रुपये दिए गये हैं। इसकी संख्या अभी कम है। ग्रामीण विकास सचिव के. श्रीनिवासन ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिन लाभुकों ने संतोषजनक काम किया है उन्हें अविलंब दूसरी किस्त की राशि आवंटित करें।

# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

- पहले दिन सदस्यों को दिलाई जाएगी शपथ
- 3 जुलाई तक चलेगा पहला सत्र है
- प्रधानमंत्री मीडिया को करेंगे संबोधित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से प्रारंभ होने जा रहा है। कल सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी और अगले दिन अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। बुधवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा जिस पर चर्चा होगी और प्रधानमंत्री का वक्तव्य होगा। पहला सत्र 3 जुलाई तक है और इसके बाद थोड़े दिनों के ब्रेक के बाद बजट सत्र आयोजित किया जाएगा।

परंपरा के तहत प्रधानमंत्री कल सुबह 10 मीडिया को संबोधित करेंगे। इसी दौरान प्रोटेम स्पीकर को राष्ट्रपति शपथ दिलाएंगी। प्रोटेम स्पीकर 11 बजे सदन की बैठक आयोजित करेंगे। सबसे पहले प्रधानमंत्री और नेता सदन नरेन्द्र मोदी, उसके बाद प्रोटेम स्पीकर को सहयोग करने के लिए बने पैनल के सदस्य और फिर मंत्रियों को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

अगले दिन लोकसभा अध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके अगले दिन राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर दोनों सदनों में चर्चा होगी जिसका उत्तर प्रधानमंत्री देंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।

## गृहमंत्री ने की बाढ़ की समस्या से निपटने के दीर्घकालिक उपायों की समीक्षा, बोले

# आपदा प्रबंधन 'शून्य हताहत दृष्टिकोण' के साथ आगे बढ़ रहा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को बाढ़ प्रबंधन की समुचित तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने देश में बाढ़ की समस्या कम करने के लिए व्यापक और दूरगामी नीति तैयार करने के दीर्घकालिक उपायों की भी समीक्षा की।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का आपदा प्रबंधन 'शून्य हताहत दृष्टिकोण' के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की। उन्होंने मौसम विभाग और केन्द्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि उन्हें वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों को हर साल दुरुस्त करना चाहिए। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा उपलब्ध कराई गई सैटेलाइट इमेजिज के विभिन्न एजेंसियों द्वारा अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया।



शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्ययन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने भी के निर्देश दिए। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि देश के सभी प्रमुख बांधों के फ्लड गेट्स सुचारु रूप से कार्य कर रहे हों। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को डाइवर्ट करने की व्यवस्था हो, जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व पर्यटन विकसित हों।

**राज्य में मानसून की दस्तक** | **अभी संताल परगना वाले इलाके में ही सक्रिय है मानसून**

# 25-26 जून को राजधानी में जमकर बरसेंगे बादल

संवाददाता

**रांची।** लंबे समय तक भीषण गर्मी झेलने के बाद मानसून पूर्व की झमाझम बारिश ने लोगों को बड़ी राहत दी। राज्य के संताल परगना वाले इलाके में 25 जून तथा 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी रांची और आसपास के इलाके में भी भारी बारिश का अनुमान है। 24 जून को राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 25 जून को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है।

रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि 26 जून को संताल के साथ-साथ राजधानी और आसपास वाले इलाकों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर 'येलो अलर्ट' किया गया है। अभी मानसून संताल परगना वाले इलाके में ही सक्रिय है। अरब सागर से आने वाली मानसून की हवा कोल्हान के करीब पहुंच गयी है। अगले दो-तीन दिनों में इसका असर दिख सकता ह। मानसून और कई जिलों में प्री मानसून बारिश के कारण मौसम का मिजाज बदल गया है।

### पलामू प्रमंडल में सबसे अधिक 40 डिग्री व राजधानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री

पलामू प्रमंडल के कुछ जिलों को छोड़ शेष जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि से नीचे चला गया है। केवल डालटनगंज का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के आसपास रिकार्ड किया गया। वहीं, सिमडेगा में कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। कोलेबिरा में 80 मिमी के आसपास बारिश हुई। तेनुघाट में 55 तथा गिरिडीह में भी 50 मिमी के आसपास बारिश हुई। पिछले 25 घंटे में राजधानी के टाटीसिलवे में भी अच्छी बारिश हुई। बारिश और बादल छाये रहने के कारण राजधानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेसि के आसपास रहा।



### नगर विकास विभाग जल जमाव को लेकर गंभीर

नगर विकास विभाग बारिश में होनेवाले जल जमाव को लेकर गंभीर है। मुख्यमंत्री के सचिव सह नगर विकास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने सभी शहरी निकायों को जल जमाव रोकने की योजना बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने नाले-नालियों की सफाई कराते हुए जल-जमाव की समस्या की रोकथाम के उपाय करने के लिए योजना बना कर काम करने का निर्देश दिया है। नगर विकास सचिव ने निकायों को जल-जमाव से निपटने के लिए नालियों की सफाई करने का भी निर्देश दिया है।

## बिहार में एक सप्ताह में तीसरा पुल धराशायी

# मोतिहारी में निमाणाधीन पुल गिरा

एजेंसी

**पटना।** अररिया और सीवान जिले में पुल धराशायी होने की घटना के बाद मोतिहारी जिले में भी एक पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। मोतिहारी के घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की शनिवार को ढलाई हुई थी और रविवार को पुल भरभराकर गिर गया।

करीब डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण हो रहा था। पुल की ढलाई का काम पिछले कई दिनों से चल रहा था। आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड श्रीकृष्णनगर की ओर से कराया जा रहा था। शनिवार को पुल के एक हिस्से की ढलाई की गई थी, जो आज गिर गया। लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की वजह से पुल धराशायी हो गया। ग्रामीणों ने सरकार से इसकी जांच की मांग की है।



18 जून को अररिया के बकरा नदी पर बन रहे पुल का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया था। इसके दूसरे दिन सीवान में गंडक नहर पर बना पुल भी गिर गया था और आज ऐसी ही घटना मोतिहारी में हुई। एक सप्ताह में निमार्णाधीन पुल ध्वस्त होने की यह तीसरी घटना है।

## एक नजर

### एटीएम रूम का सायरन बजने पर दौड़ी पुलिस

**रांची।** राजधानी के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत किशोरगंज रोड पर स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम रूम का सायरन रविवार को अचानक बजने लगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। बताया गया कि मशीन के कार्ड स्ट्रिप को बदलने की कोशिश की गई थी। इसी वजह से सायरन बजने लगा था। सायरन बजने के बाद पुलिस ने बैंक के मैनेजर को बुलाया और उनसे एटीएम में छेड़छाड़ की जांच करने को कहा। एटीएम के कार्ड स्ट्रिप के जांच करने पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान एटीएम में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई है। सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

### विकास कच्छप बने झारखंड के पहले इंटरनेशनल मेडलिस्ट पहलवान

**रांची ।** अम्मान (जॉर्डन) में 21 जून से आयोजित अंडर-17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में राज्य के विकास कच्छप ने पदक जीत कर इतिहास रच दिया है। 30 जून तक खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में रविवार को विकास ने कोरिया के पहलवान को हराकर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जीतने के साथ ही वह झारखंड का पहला इंटरनेशनल पहलवान बना, जिसने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है। दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित भारतीय कुश्ती टीम के चयन ट्रायल में विकास कच्छप ने 48 केजी भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया था और भारतीय कुश्ती टीम में अपना स्थान पक्का किया था। झारखंड के पहलवान विकास कच्छप को अंडर-17 एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर,(भाप्रसे), अभिभावक के रवि कुमार (भाप्रसे), खेल निदेशक, झारखंड सुशांत गौरव, (भाप्रसे), संघ के मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव-रजनीश कुमार, जेएसएसपीएस सीईओ जीके राठौर के अलावा विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, उप निदेशक, खेल राज किशोर खाखा, सीनियर प्रशिक्षक राजीव रंजन एवं सभी जिला कुश्ती अध्यक्ष, सचिव एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### तलवारबाजी प्रतियोगिता बुधवार को

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया जा रहा है इसी के तहत झारखंड फेंसिंग संघ ने आगामी बुधवार 26 जून को एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन करेगी यह जानकारी झारखंड फेंसिंग संघ के सेक्रेटरी जय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता बिरसा स्टेडियम मोराबादी के फेंसिंग हाल में आयोजित किए जाएंगे प्रतियोगिता ओपन वर्ग की होगी। पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रहे भारतीय दल का उत्साहवर्धन ओलम्पिक दिवस समारोह का उद्देश्य होगा। फ्यूल योर जर्नी टू ओलम्पिक सक्सेस के थीम के साथ ये समारोह आयोजित होंगे। इस वर्ष का ओलंपिक दिवस समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पेरिस ओलंपिक के कगार पर हैं। हमारी टीम इस भव्य खेल आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रही है, और निश्चित रूप से हमें उन्हें पदक जीतने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

### भगवान और गुरु की क्या कृपा होती है तो यह सत्संग से मिलता है: रामा भाई

**रांची।** श्री योग वेदांत सेवा समिति रांची के तत्वाधान में पूज्य संत श्री आसाराम बापू के कृपा पात्र शिष्य रामा भाई का गीता भागवत सत्संग शिव मंदिर महावीर मंदिर डोरंडा धर्मशाला के परिसर में रविवार को सर्वप्रथम गुरु की आरती के बाद सत्संग प्रारंभ हुआ। इस मौके पर रामा भाई ने कहा कि भगवान और गुरु की क्या कृपा होती है तो सत्संग से मिलता है। संसय मिटाने के लिए ही गरुड़ जी कागभुसुंडी जी के पास गए। राम कथा सुनकर गरुड़ जी का संसय मिटा। सत्संग के आयोजन में मनीष भाई, संदीप भाई, प्रवीण भाई, स्वामी का स्वागत धर्मेंद्र तिवारी ने किया।

### बस तुम हिंदी गाना का टीसर हुआ लॉन्च

**रांची।** राजधानी के मेन रोड स्थित गुरुद्वारा में अरदास के साथ बस तुम हिंदी मियूजीक वीडियो का टीसर सिनबुल्स यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया। बस तुम हिंदी गाना को गया है झारखंड के लोकप्रिय गायक विवेक नायक ने और इस वीडियो को डायरेक्ट किया है सुमित सचदेवा ने। इसके प्रोड्यूसर हैं अतुल मल्होत्रा , मुख्य किरदार निभाया है निकी शर्मा और प्रिया वर्मा ने इसकी शूटिंग रांची के खूबसूरत लोकेशन मे की गयी है और इसे एडिट किया है सुमित सिन्हा, कांसेप्ट और सिनेमाटोग्रैफी सुमित सचदेवा, प्रोडक्शन हेड कुणाल भारती, लिरिक्स ओम जी, म्यूजिक डायरेक्टर जयंत डोराई और साकेत साल्ट रिकार्ड ,लाइन प्रोड्यूसर विक्रम साबू, स्टील फोटोग्राफी अरमान अंसारी , फोकस अमन, मेकअप जया ड्रोन संतोष ,प्रॉडक्शन हाउस सीने बुल्स रांची है।

### 55 रक्तदाताओं ने किया रक्त दान

**रांची।** श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रक्तदान शिविर व मधुमेह की निः शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया । यह शिविर श्री श्याम सेवा ट्रस्ट अपने स्थापना काल से ही मानव सेवा के पुनीत कार्य के प्रति प्रतिब्रध है । इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने कहा कि वर्तमान युग में रक्तदान महादान है साथ ही देश में मधुमेह की बढ़ती आक्रमता को देखते हुए समय पर इसकी जांच व रोक थाम अति आवशक है। मानव सेवा की इस कार्य में श्याम प्रभु की कृपा से श्री श्याम सेवा ट्रस्ट भविष्य में ओर तेज गति से योगदान करेगा। शिविर में नागरमल मोदी सेवा सदन के डॉक्टरों और वल्ड बैंक की टीम ने सहयोग किया। शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त संग्रह किया गया तथा 73 लोगों की निः शुल्क मधुमेह जांच की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गौरव परसरामपुरिया ,सुमित पोद्दार, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया , राजेश सारस्वत , अभिषेक डालमिया, नितेश केजरीवाल, अमित जालान, मनोज सिंघानिया का सहयोग रहा।

### रांची के रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन के लिए ब्राजील पहुंचे

**रांची।** प्रतिष्ठित उद्योगपति और यंग इंडियंस रांची के संस्थापक अध्यक्ष रितेश गुप्ता जी-20 युवा उद्यमिता सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए ब्राजील पहुंचे हैं। इस सम्मेलन में भारत के 21 राज्यों से सदस्य शामिल हुए हैं और रितेश गुप्ता ने झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। रितेश गुप्ता अब के राष्ट्रीय टीम का भी हिस्सा हैं। रितेश गुप्ता की कंपनी, पारागोन फाइनेंस लिमिटेड, बीएसई में 1992 से सूचीबद्ध है। यह कंपनी 1986 से रांची में ऑटोमोबाइल वित्त और अन्य व्यापारिक ऋण प्रदान कर रही है। उनकी इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वैश्विक उद्यमिता के मुद्दों पर चर्चा करना और भारत की ओर से युवा उद्यमियों की आवाज को विश्व पटल पर प्रस्तुत करना है। रितेश गुप्ता की इस उपलब्धि से न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड का गौरव बढ़ा है।

# कांग्रेस ने धमेन्द्र प्रधान का किया पुतलादहन

संवाददाता

**रांची।** रांची जिला और रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में नीट-यूजी-2024 परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ रविवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया।

कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़कर अविलंब नीट यूजी परीक्षा को रद्द करें तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान अपना इस्तीफा दें।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी डायरेक्टर को हटाकर एनडीए सरकार मामले को लीपापोती करने में लगी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान



को इस्तीफा देना चाहिए। देश में पिछले पांच सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुई है। भारत जैसे युवा देश में केन्द्र की एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य को अधंकारमय बनाने पर तुली हुई है। करोड़ों होनहार मेहनतकश छात्रों के साथ खिलवाड करना घोर नाइंसाफी है।

### आलोक, लाल किशोर और राजेश निलंबन मुक्त

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर रविवार को आलोक कुमार दुबे सहित तीन नेताओं को निलंबन मुक्त कर दिया गया। इनमें लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता शामिल है। तीनों को सम्य विचारोपरांत तत्काल प्रभाव से निलंबन मुक्त कर दिया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के अनुमोदन के बाद यह निर्णय लिया गया है। साथ ही यह उम्मीद जताई गई है कि तीनों वरिष्ठ नेता कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर पूरी दृढ़ता से कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत 12 फरवरी को कांग्रेस की अनुशासन समिति की अनुशंसा पर आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू और साधुशरण गोप को तत्काल प्रभाव से अगले छह वर्षों के लिये झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा पार्टी से निलंबित कर दिया गया था।

# सोरेन सरकार ने झारखंड को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी : शिवराज सिंह

संवाददाता

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को रांची में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी उपस्थित रहे। चौहान ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, झारखंड के कार्यकर्ताओं, नेतृत्व, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं और पूरी टीम ने लोकसभा चुनाव में परिश्रम की पराकाष्ठा की है और इसी का नतीजा है कि, भाजपा ने यहां शानदार सफलता हासिल की है। हम झारखंड में 9 सीटें जीते हैं और लगभग 52 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगे रही है। मैं यहां के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करता हूं।



### झारखंड में चारो तरफ केवल लूटः शिवराज सिंह चौहान

प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, झारखंड में चारों तरफ केवल लूट का माहौल है। चंपई सोरेन सरकार में चाहे रेत हो, चाहे कोयला हो, चाहे खनिज हो या फिर ट्रांसफर पोस्टिंग हो। हर तरफ केवल लूट ही मची है। उन्होंने कहा कि, जेएमएम के नेता गिरफ्तार हो रहे हैं, इनके मंत्री जेलों में हैं। हम एक-एक काला चिट्ठा खोलेंगे और भ्रष्टाचार में लिप्त हर एक को सजा दिलाएंगे। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि, झारखंड को भ्रष्टाचार की तबाही से मुक्त कराना है, और इसलिए हम सब, हमारे कार्यकर्ता परिश्रम की पराकाष्ठा, प्रयत्न की परिसीमा करेंगे और फिर से झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना कर झारखंड को कुशासन से मुक्त करेंगे।

### बेरोजगार युवाओं के साथ बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छलावा

श्री चौहान ने कहा कि, झारखंड की सोरेन सरकार हिंदुस्तान की सबसे भ्रष्ट सरकार है। इस सरकार ने भोली-भाली जनता से जो वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इस सरकार ने युवाओं से सरकारी नौकरियों का वादा किया था, लेकिन आज तक एक भी नियुक्ति पत्र किसी को नहीं दिया। इन्होंने बेरोजगार युवाओं के साथ भी बेरोजगारी भत्ते के नाम पर छलावा किया, बेरोगजारी भत्ते का वादा किया लेकिन निभाया नहीं। उन्होंने कहा कि, अकेले केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड को पिछले कुछ वर्षो में मनरेगा में अकेले ही 21 हजार 55 करोड़ रूपए दिए लेकिन न तो मनरेगा का काम ठीक से हो पाया न ही झारखंड का विकास हो पाया। यहां की भ्रष्ट सरकार मनरेगा और विकास कार्यों की राशि भी डकार गई।

### झारखंड में इस बार भाजपा सरकार

प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि, जहां-जहां बूथ जीते हैं वहां शानदार सफलता के लिए अभिनंदन कार्यक्रम किए जाएंगे। अब झारखंड को कुशासन से मुक्त कराने का संकल्प यहां के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं ने लिया है। विधानसभा चुनाव में पूरी टीम दिन और रात मेहनत, लगन के साथ परिश्रम करेगी। कार्यकर्ताओ में आज जो विजय का आत्मविश्वास दिखाई दिया है, उससे हम आश्वस्त हैं कि, झारखंड में इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि, ये देश का सौभाग्य है कि, नरेंद्र मोदी तीसरी बार लगातार भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। वर्ष 1962 के बाद यह चमत्कार पहली बार हुआ है, जब ऐसा शानदार बहुमत प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमारी पार्टी, हमारे गठनबंधन एनडीए को मिला हो और मोदी के नेतृत्व में हमारा देश विकसित भारत तो बनेगा ही लेकिन झारखंड को भी विकसित झारखंड बनाने का हमारा संकल्प है।

## विधायक निधि के लिए राज्य ग्रामीण विकास विभाग ने जारी किए 410 करोड़




संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विधायक निधि के 410 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्रों के विधायकों के लिए 220 करोड़ और अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 190 करोड़ जारी किये गये हैं।

राशि की निकासी संबंधित जिलों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी करेंगे। निकासी की गयी राशि संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार खोले गये बैंक खाता में रखी जायेगी। कार्यकारी एजेंसी, संवेदक और वेंडर को उनके द्वारा समर्पित मापी पुस्त, विपत्र एवं फोटोग्राफ इत्यादि के जांच के बाद ही राशि का भुगतान होगा। यह जानकारी रविवार को ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने दी।

### ग्रामीण विकास सचिव ने दिये गए निर्देश

आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक योजना की गाइडलाइन के तहत किया जाये।

निकासी की गयी राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृति की टिकाउ परिसंपत्तियों के सृजन पर ही किया जाये।

निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करना अनिवार्य होगा।

यदि किसी विधानसभा सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है तो उनके द्वारा अनुशंसित योजना की राशि निकासी कर दूसरे जिलों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

# कर्रा में तीन और बैटरी चोर गिरफ्तार

### मोबाइल टावर से चुरायी गयी तीन बैटरी जब्त

संवाददाता

**रांची।** कर्रा थाना पुलिस ने मोबाइल टावरों से लगातार हो रही बैटरी चोरी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन और चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस गिरफ्त में आये चोरों में धुर्वा मौसी बाड़ी का आनन्द साव, धुर्वा मियां टोली का संतोष उरांव और हुलहुंडू कार रहने वाला प्रदीप मिंज शामिल है।

गिरफ्तार तीनों चोर कर्रा थाना के वांछित थे,जिन्हें पुलिस तलाश कर रही थी इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की गिरोह का एक आरोपी खूंटी बाजार टांड़ की तरफ घूम रहा है जो संभवतः किसी मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने के लिए रेकी कर रहा है। इसकी जानकारी जिले के पुलिस कप्तान अमन कुमार को दी गयी,उनके निर्देश पर कर्रा थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए खूंटी



तमाड़ रोड के गोल चक्कर के पास छापामरी की गयी जहां से धुर्वा मौसीबाड़ी के रहने वाले आनन्द कुमार साव को गिरफ्तार किया गया, इससे पूछताछ के दौरान मिली जानकारी पर अन्य दोनों आरोपियों संतोष और प्रदीप को टावरों से चुरायी गयी तीन बैटरियों के साथ गिरफ्तार किया गया।

मालूम हो कि 20 जून को भी कर्रा थाना प्रभारी ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी करने वालो गिरोह को खदेड़ा था जिसमें एक आरोपी रातू थाना के फुटकल टोली के जाकिर अंसारी को कुलहुट्टु जंगल के पास मारुति में लदे चोरी की 40 पीस बैटरी और चोरी करने में इस्तमाल किये जाने वाले टूल्स के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उस वक्त इसके साथ रहे अन्य लोग जंगल का फायदा उठा कर भाग निकले थे,जाकिर अंसारी ने पुलिस को टावरों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के सभी लोगों के नाम व पता बताया था,जिसके बाद से पुलिस इनकी तलाश में लगी हुई थी। थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि अभी गिरोह के और चोरों की गिरफ्तारी बाकी है। जिस पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पर्यावरण की रक्षा के बिना आत्म निर्भर भारत का संकल्प अधूरा



संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के रूप में मनाया। अपने दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर आए केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर परिसर नामकुम में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनो जीवन के आधार हैं। दोनों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज दुनिया की प्राथमिकता है। दुनिया बढ़ती गर्मी से परेशान है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत भी बनाना है और पर्यावरण को भी स्वस्थ करना है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित प्रदेश पदाधिकारियों, विधायक सांसद गण ने भी विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया।

### अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस प्रारम्भ

रांची। राजधानी के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान राष्टपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के पास झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के द्वारा ओलम्पिक दिवस समारोह का शुभ आरंभ रविवार की सुबह किया गया। समारोह में मोराबादी मैदान में क्रॉस कंट्री दौड़ के साथ साथ साइकलिंग और स्केटिंग का भी आयोजन किया गया। प्रात अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ की शुरूआत मॉर्निंग वॉकर और धारावाहिक रामायण के अकंपन मुरारी लाल गुप्ता के द्वारा झंडा दिखा कर किया गया। इसके अलावे साइकिलिंग और स्केटिंग की शुरूआत झारखंड ओलम्पिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक के द्वारा फ्लैग ऑफ के द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ मधुकांत पाठक ने कहा की इस वर्ष का अंतराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस इस लिए काफी महत्वपूर्ण हैं की हमारी टीम पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रही है। जिनका हमें उत्साहवर्धन करना हैं उन्होंने कहा की आज के दिन पूरी दुनिया में यह समारोह मनाया जा रहा है। झारखंड में यह दिनांक 29 जून तक चलेगा। हमारा देश 2036 ओलम्पिक की मेजबानी करने के लिए कृतसंकल्पीत है ।

# अपने व्यवहार से ही हम सब कुछ हासिल कर सकते है : संजय सेठ

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में जब भी मैं आता हूं, लगता है कि अपने परिवार में आया हूं। पूरे देश में ऐसा प्रेस क्लब दूसरा नहीं है। इस क्लब पर समाज को नाज है। उक्त बातें रविवार को प्रेस क्लब में रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सम्मान समारोह में कही। श्री सेठ द रांची प्रेस क्लब के एसोसिएट मेंबर भी हैं। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होने कहा की प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने जो भरोसा मुझ पर जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। जीवन में पैसे से, पद से कुछ हासिल नहीं कर सकते, अपने व्यवहार से ही हम सब कुछ हासिल कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार रांची प्रेस क्लब पहुंचे श्री सेठ का



स्वागत क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत ने शॉल ओढ़ाकर किया।

उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि, सह सचिव रतन लाल और कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, आलोक कुमार सिन्हा, अंजनी कुमार, आरजे अरविंद, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार ने पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन मैनेजिंग कमेटी सदस्य आरजे अरविंद ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश राय, प्रमोद झा, निलय सिंह, सुनील सिंह, सुशील सिंह मिंटू, दिलीप सिंह, परवेज कुरैशी, आमिर, काजल मेहता, अजय लाल, प्रभात जायसवाल मौजूद थे।

## पर्यावरण की सुरक्षा के लिए मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएं : संजय सेठ

संवाददाता

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने रविवार को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत मोराबादी स्थित शहीद संकल्प शुक्ला पार्क में अपनी मां के चित्र के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि यह धरती हमारी मां है और इसे सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।

संजय सेठ ने कहा कि आज पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम से लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं। कंक्रीट का जाल बिछ रहा है। इसका दुष्परिणाम हम सबों के सामने हैं। इसे बचाने के लिए हम सबों को जल, जंगल, जमीन को सुरक्षित



करने की आवश्यकता है। हम सबों को अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगानी चाहिए। यही नहीं जिस तरह हम अपने बच्चों की देखभाल करते हैं, ठीक उसी प्रकार हमें पौधों की भी देखभाल करनी होगी।

**एक नजर**

### सेवा के कार्यों के लिए चास रोटरी क्लब को मिला सम्मान



**बोकारो।** रोटरी मंडल 3250 के सत्र 23-24 के रोटरी गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने संपूर्ण मंडल के सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर मंडल के क्लब और रोटरी सदस्यों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया। रविवार को जमशेदपुर स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिष्ठापक गवर्नर अप्रिशिएसन का अवार्ड चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद को मिला। इसके साथ ही क्लब को विभिन्न श्रेणियां में कुल छह पुरस्कार मिले। अध्यक्ष पूजा बैद ने अपने साथी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ सदस्यों के साथ तालियों की घोष के मध्य इन पुरस्कारों और सम्मान को ग्रहण किया। गौरतलब है कि मंडल 3250 की विभिन्न रोटरी क्लबों को विभिन्न सामाजिक प्रकल्पों को पूर्ण करने पर सत्र के अंत में उनके सेवा कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें सम्मानित किया जाता है। रोटरी मंडल 3250 के सत्र 3250 के गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया ने मानवीय सेवा कार्यों के लिए रोटरी क्लब चास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अध्यक्ष पूजा बैद, सचिव डिंपल कौर, कोषाध्यक्ष विनोद चोपड़ा, सहित नरेंद्र सिंह, मुकेश अग्रवाल, मंजीत सिंह, रितु अग्रवाल, माधुरी सिंह, संजय बैद आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान में योगाभ्यास कराया गया



**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल स्थित ब्रह्माकुमारी संस्थान में रविवार सुबह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मीनू झा, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रगति मुरस्कर तथा डॉ संगीता रानी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह आरंभ किया। डॉ संगीता के द्वारा मेडिटेशन कराया गया। उन्होंने शारीरिक योग और राजयोग के लाभ बताए, कहा कि हमारा तन और मन दोनो का स्वस्थ रहना जरूरी है, इसलिए शरीर के लिए योग या योगा और मन के लिए राजयोग करना चाहिए, इससे जीवन में सकारात्मकता और खुशी आ जाती है। संस्था द्वारा पूरे भारत में यह योग दिवस एक साथ मनाया जा रहा है। राजयोग द्वारा हम परमात्मा से योग अर्थात मिलन मनाते हैं, उससे हमारा मन शुद्ध होता है और हम श्रेष्ठ संकल्प करते हैं। योग में सहायक की भूमिका चंद्रहास मिश्रा ने निभाई। मौके पर बहन कमला, गायत्री, प्रियंका, निशा,पुष्पा, मीना, अंबिका, आरती, सुचिता, अंजू, बसंती, सुमित्रा, सर्वदेव सिंह,बद्री प्रजापति, राजीव टेढ़वाल, राजीव रंजन, ब्रह्मदेव, संतोष आदि मौजूद थे।

### महाराजगंज में भारी मात्रा में शराब बरामद



सिवान/बोकारो। जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर महाराजगंज शहर के नया बाजार सब्जी मंडी के समीप एक बंद पडे मकान से भारी मात्रा में विदेशी शराब को बरामद किया है। बताया जाता है कि उत्पाद विभाग को यह सूचना मिली थी की उस बंद पडे मकान से शराब का धंधा किया जाता है। इस सूचना के आधार पर टीम ने छापेमारी कर मकान के घर का ताला तोड़कर उसमें रखे भारी मात्रा में विदेशी शराब को बरामद किया है। उत्पाद विभाग इस मामले में जांच कर रही है कि यह शराब किसकी थी और कहां से लाई गई थी। उत्पाद विभाग के एस आई राजेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि सब्जी मंडी के समीप एक बंद पड़े मकान में विदेशी शराब भारी मात्रा में रखी हुई हैं। उक्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई जिसमें शराब बरामद हुआ है। मामले में जांच की जा रही है।

## 14वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए बोकारो की टीम गठित

# डीपीएस बोकारो में सेलेक्शन ट्रायल में 50 से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल, 13 चयनित

संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से आगामी 29 जून को जमशेदपुर में आयोजित 14 वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी प्रतियोगिता को लेकर बोकारो जिले की टीम रविवार को गठित कर ली गई। सेक्टर-4 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के स्वीमिंग पूल में बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित सेलेक्शन ट्रायल में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं अन्य जगहों से 50 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। सुबह छह बजे से ही उनका आना शुरू हो गया। सभी ने पूरे उत्साह के साथ पूल में छलांग लगाई और तैराकी में अपने दमखम दिखाए। इनमें से 13 का चयन तैराकी की विभिन्न स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया। बोकारो डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ० ए एस गंगवार के अनुसार, चयन प्रक्रिया के तहत बालक



वर्ग में सात एवं बालिकाओं के वर्ग में छह तैराकों का चयन किया गया। इनमें आदित्य सिंह, ईशान आलोक, अरण्या रोहन, वरुणादित्य रॉय, अंकित बासु, प्रज्ञान कुमार, आनंद राज देवनाथ, अनुभूति झा, प्रियाश्री दुबे, अनुष्का यशी, सुप्रिया सिंह, गुरलीन तथा अदित्रि चौहान के नाम शामिल हैं। जबकि, प्रशिक्षक के रूप में बोकारो टीम के साथ रूपेश कुमार मौजूद रहेंगे। बोकारो जिले की उक्त टीम 29 जून को जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में होनेवाली 14वीं झारखंड राज्य सीनियर स्विमिंग प्रतियोगिता 2024 में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम के तैराक स्विमिंग की फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बटरफ्लाई स्ट्रोक, फ्रीस्टाइल रिले और मेडले रिले रेस स्पधाओं में अपने दमखम दिखाएंगे। डॉ० गंगवार ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तैराकों को मिलाकर झारखंड की महिला-पुरुष नेशनल टीमें तैयार की जाएंगी, जो भारतीय तैराकी महासंघ के द्वारा आगामी सितंबर माह में आयोजित 77वें ग्लेनमार्क सीनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप 2024 में हिस्सा लेंगी। उन्होंने बोकारो टीम के सभी सदस्यों को राज्यस्तरीय उक्त प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# राज्य संघ के निर्देश पर सभी माध्यमिक शिक्षक सड़क पर उतर कर करेंगे आंदोलन

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो के सिटी पार्क में बोकारो जिले के माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के विद्यालय प्रधान एवं शिक्षकों की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अखिलेश सिंह वरीय शिक्षक भूषण प्लस टू उच्च विद्यालय नावाडीह ने की। इस बैठक में झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड के महासचिव रविंद्र प्रसाद सिंह मुख्य रूप से आमंत्रित थे। इस बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए हुए 150 से अधिक शिक्षकों ने सहभागिता की एवं जिला प्रशासन द्वारा लिए गए इस बेहद कठोर निर्णय के प्रति काम उत्तीर्ण प्रतिशत वाले विद्यालयों के शिक्षकों के वेतन निकासी पर जो रोक लगाई गई है, इस पर शिक्षकों ने नाराजगी व्यक्त की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था जिला शिक्षा पदाधिकारी, बोकारो के अनुशंसा पर उपायुक्त, बोकारो द्वारा बोकारो जिले के 61 माध्यमिक एवम उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 400 प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के मासिक वेतन विगत अप्रैल 2024 से जून 2024 तक पर अनिश्चित कालीन रोक लगा दी



गई है। इस पर विचार करना। बता दें कि इसका कारण यह बताया गया कि माध्यमिक परीक्षा 2024 में 90% से नीचे परीक्षा परिणाम होने की वजह से वेतन बंद किया गया है। इस निर्णय के परिणाम स्वरूप शिक्षकों को हो रही आर्थिक परेशानियों को देखते हुए उचित समाधान तलाश करने पर चर्चा की गई। सभी ने सर्वसम्मति से कई कारणों का विवेचन किया।जिला कार्यालय के द्वारा गलत और भ्रामक आंकड़ा उपायुक्त को दिया गया। यह गलती परीक्षा में सम्मिलित छात्रों के बदले नामांकन के आधार पर आंकड़ा दिया गया जिससे परिणाम जायदा गलत दिख रहा है। सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विषयवार शिक्षको की कमी, परीक्षा का जो एक सत्र होता है उसे 20 दिन पहले हीं परीक्षा का आयोजन किया। जबकि राज्य के किसी भी अन्य जिले में परीक्षाफल के आधार पर इस प्रकार से शिक्षकों के वेतन पर रोक नहीं लगाई गई है।

# रक्तवीर परिवार के सहयोग से लगा रक्तदान शिविर



संवाददाता

**बोकारो।** बारी कोऑपरेटिव स्थित अपना लाइब्रेरी, दी अचीवर्स एकेडमी रितुडीह एवं दी लाइब्रेरी रितुडीह और बोकारो रक्तवीर परिवार के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सभी नवयुवक और नवयुवतियों का पहला रक्तदान था। इस शिविर के मुख्य अतिथि माराफारी थाना प्रभारी कमल किशोर मौर्य ने रक्तदान कर शुरूआत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान से शरीर को कोई नुकसान नहीं होता है बल्कि फायदा ही होता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए संस्था के निदेशकों के प्रति आभार जताया। मौके पर संस्था के निदेशक सुधीर कुमार, सुशील कुमार एवं सोनी कुमारी ने भी अपने विचार रखे। शिविर में संस्था के 25 यूनिट रक्त का संग्रह इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लक बैंक द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता में ब्लड सेंटर के संजय शर्मा, विनय कुमार, रंजन कुमार, चुरामन, विकास आदि की अहम भूमिका रही।

## एलईडी बल्ब बनाकर महिलाएं बन सकती है स्वावलंबी

# कसमार के बगदा में समर्पण संस्था ने प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन



संवाददाता

**बोकारो।** कसमार प्रखंड के बगदा पंचायत सचिवालय में रविवार को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर स्वयंसेवी संस्था समर्पण ने जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि संस्था द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए कई तरह के प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वालंबी बनाने का काम कर रही है। समर्पण के सचिव राजेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की है। जिसमें संस्था द्वारा कम पूंजी में रोजगार अपनाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। कसमार के बगदा में एलईडी बल्ब बनाने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपना खर्च स्वयं उठा सकें। बताया गया कि बगदा पंचायत में अलग-अलग समूहों में महिलाओं को जोड़कर तीन महीने का एलईडी बल्ब बनाने का प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें अन्य प्रशिक्षणों से भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में सचिव राजेश कुमार, जिला समन्वयक अजीत कुमार, प्रोजेक्ट समन्वयक निलेश कुमार, नीतू कुमारी, महेश कुमार साव, लक्ष्मी देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।

# पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को करें आत्मसात: लक्ष्मण



कसमार में भाजपा ने मनाई पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

संवाददाता

**बोकारो।** भाजपा के कसमार प्रखंड कार्यालय में रविवार को प्रखर राष्ट्रवादी,भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मंडल अध्यक्ष राजेश पांडेय की अध्यक्षता में मनाया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला बीस सूत्री कमिटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्श एवं विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि देश की एकता व अखंडता के लिए पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने त्याग व समर्पण की जो परिभाषा स्थापित की, वो राजनीतिक आदर्श एक मानक के रूप में अमर हो गया है। मौके पर प्रखंड महामंत्री परमेश्वर नायक, भवानी मुखर्जी, प्रताप सिंह, मध्येंदु शेखर मुखर्जी, अजय पाल, संजय पांडेय, मोहित कुमार समेत अन्य कई कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रतिदिन बढ रही सडक दुर्घटनाएं

# प्रशासन व आम जन को मिलकर रोकथाम करने की आवश्यकता

संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** दिन प्रतिदिन शहर से लेकर गांव तक सडक बढ़ती जा रही दुर्घटनाएं लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इन सड़क दुर्घटनाओं में बडी संख्या में लोग असमय काल के गाल मे समा रहे हैं। इसमें युवा पिढी की संख्या अधिक है।

चुकि वाहन चालक अधिक युवा हीं होते हैं। जबकि युवा ही हमारे देश की रीढ भी हैं, सडक दुर्घटना के रोकथाम के लिए सरकार द्वारा नियम, कानून तो बना दिए गये हैं, परन्तु इसका पालन नही होना सड़क दुर्घटना का पहला कारण साबित हो रहा है।




वाहन चलाने के दौरान लापरवाही तथा तेज गति से भी लोगों को क्षति हो रही है। दुसरी ओर प्रशासन यातायात नियमों के अनुपालन सख्ती से करवाने में विफल रही है। नाबालिग बच्चे बेखौफ दो पहिया, चार पहिया वाहन लेकर उड रहे हैं, यातायात नियमों से अनभिज्ञ उन्हें न अपनी जान की परवाह है न औरों की। ऐसे में न तो घर में रोकटोक करने वाले अविभावक हैं, न ही किसी चौक-चौराहे पर सख्ती से जांच करने वाले। दुसरी ओर जांच के नाम पर सिर्फ चलान काट कर खानापूर्ति की जा रही है। अश्चर्य की बात यह है कि नाबालीग वाहन चलाते हैं पर पकड़े नही जाते।

जिला परिवहन विभाग इस ओर ना ही जागरुक्ता अभियान चला रही है और ना ही मामलें पर संज्ञान ले रही है। यही कारण है कि जब तक उन्हें नियमो की जानकारी होता दुर्घटना को अंजाम दे देते हैं। सरकार शहर से लेकर गां तक सडकें तो दुरूस्त कर दी, पर हमारी बुद्धि दुरूस्त नही हो सकी है। बगैर हेल्मेट के दो पहिया वाहन, बगैर सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाना शान समझते हैं। बिना ड्राईवरी लाईसेंस के युवक ट्रैक्टर पर तेज आवाज में भोजपुरी गाना बजाते तो हर गल्ली मुहल्ले के सडकों पर मिल ही जायेंगे। वहीं प्रतिदिन हाईवा द्वारा हो रही सडक दुर्घटना कोई नई बात नही है। ऐसे में बढती सडक दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आमजन में जागरूकता फैलाने के साथ सख्ती का भी प्रयोग करना होगा।

# खूंटी में बाइक रैली निकाल कर नशापान के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

## नशे के विरुद्ध अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं: कमांडेंट



संवाददाता

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर एनसीबी रांची जोन के बैनर तले रॉयल किंग्स मोटरसाइकिल क्लब और रांची राइडर्स द्वारा एनसीबी के सहयोग से रविवार को जुबली पार्क जमशेदपुर से एनसीबी जोनल कार्यालय रांची और रांची से 94 बटालियन सीआरपीएफ कैंप खूंटी तक बाइक रैली निकाली गई।

रैली के दौरान खूंटी कोर्ट के अधिवक्ता केदार ने बच्चों के साथ रास्ते में राइडर्स को गुलाब फूलों के साथ स्वागत किया। कमांडेंट विनोद कुमार, एनसीबी के सहायक निदेशक राणा प्रताप यादव और अधीक्षक एस शारिक उमर ने राइडर्स को संबोधित करते हुए नशापान के विरुद्ध अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर कमांडेंट 94 बटालियन विनोद कुमार ने उपस्थित सभी राइडर्स के साथ ही एनसीबी एवं सीआरपीएफ पदाधिकारियों को नशापान के विरुद्ध शपथ दिलाई गई।

## एक नजर

### साइबर पुलिस की सक्रियता से 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार



गिरिडीह। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया है कि उनको प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना मिली थी कि गिरिडीह जिले के गांडेय एवं सरिया थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर एसपी ने साइबर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी करते हुए तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में मोहम्मद जमीर अंसारी, बॉबी गुप्ता, उदय मंडल शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तो ने पुछताछ के दौरान बताया कि लोगों को व्हाट्सप्प पर एस बी आई योनो लाइट.एपीके का लिंक भेजकर एवं एयरटेल पेमेंट ऐप के माध्यम से साइबर ठगी का काम करते हीं। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, छः सिम और दो बाइक भी बरामद किया है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया गया 71वां बलिदान दिवस



**बेरमो।** पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के फुसरो स्थित आवासीय कार्यालय में रविवार को डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 71 वां बलिदान दिवस मनाया गया। अध्यक्षता पूर्व सांसद श्री पांडेय ने की। यहां उपस्थित लोगों ने डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। आज श्री मोदी इतने सबके लोकप्रिय हैं कि काश्मीर और पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भी श्री मोदी को चाहते हैं। पाक अधिकृत कश्मीर भी जल्द भारत में मिलाने का प्रयास होगा। डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारधारा पर हीं भाजपा चल रही है। कहा कि कश्मीर, राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कोरिडोर, मथुरा वृंदावन का मामला भाजपा को ही हल करना है। हमारा सौभाग्य है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं। इसका परिणाम इस बार लोकसभा चुनाव में देख चुके हैं पार्टी मात्र 240 सीट हीं जीत पायी। इसलिए धरातल पर काम करने की आवश्यकता है। वरीय नेता मधुसूदन सिंह ने कहा कि आज के दिन 23 जून 1953 को शेख अब्दुल्ला के शासन काल में डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की हत्या कश्मीर में कर दी गई थी। आज वे होते तो देश और भी ज्यादा विकसित होगा। वे दो विधान, दो संविधान, दो प्रधान और दो झंडा के विरुद्ध आंदोलन कर रहे थे। पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेकर ही उनके सपनों को पूरा किया जा सकता है। वे भाजपा के अहम कार्यकर्ता थे। आजादी के बाद भारत को दो भागों में बांटा गया था। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के पूरक थे। इस कारण वे मंत्री पद को भी त्याग कर दिये। आज नरेंद्र मोदी उनके सपनों के राष्ट्र को बनाने में लगे है। मौके पर बैभव चौरसिया, दिनेश यादव, रोहित मित्तल, जीतेंद्र सिंह, अनिल गुप्ता, संत सिंह, शंकर सिन्हा, नवल किशोर सिंह, बबलू सिंह, मूलचंद खुराना, दिनेश सिंह, सुदेश भुइयां, शिवप्रकाश पांडेय, मनोज चंद्रवंशी, डी दामोदरम, दशरथ यादव, सोनू कुमार, ज्योति कुमारी, राजेश रविदास, शिवप्रकाश पांडेय आदि मौजूद थे।

### श्राद्धकर्म में कांग्रेस नेता विमल कृष्ण चौबे को दी श्रद्धांजलि

**बोकारो।** कसमार के गर्री निवासी कांग्रेस पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष विमल कृष्ण चौबे के बारहवीं श्राद्धकर्म के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गोमिया विधायक डॉ० लंबोदर महतो, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, बोकारो जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता, सुशील झा, रीता सिंह, हरेंद्र सिंह, मुरारी कृष्ण चौबे, मुमताज अंसारी, लालमोहन लायक, नाजिर हुसैन, भरत राउत, रासनारायन सिंह, सुबोध मिश्रा, आशा देवी व अन्य अलग अलग राजनीतिक दलों के नेताओं ने स्व० विमल कृष्ण चौबे को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन रीजनल समिति की सूची जारी

# विधायक अनूप सिंह बने रीजनल सचिव व गिरिजा शंकर पांडेय रीजनल अध्यक्ष

संवाददाता

**कथारा।** इंटक से संबद्ध सीसीएल इकाई में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ लंबे समय से श्रमिक संगठन के रूप में कार्य प्रदान कर मजदूरों का सबसे मजबूत और विश्वसनीय संगठन रहा है। लगभग दो दशक से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ में तीन-चार गुटों में बंट कर लोग अपनी-अपनी दावेदारी कर रहे थे। परिणाम स्वरूप 5 वर्षों से अधिक समय से सीसीएल के हर सदन से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के प्रतिनिधित्व को बाहर रखा गया। लंबे समय से चल रहे विवाद को देखते हुए बेरमो के विधायक व फेडरेशन के अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने बड़ा फैसला लेते हुए 27 मार्च 2022 को जमाडोभा में यूनियन के केंद्रीय मीटिंग में आरसीएमएस को



आरसीएमयू के नाम से नए यूनियन का गठन किया। साथ हीं झारखंड राज्य में इसका रजिस्ट्रेशन व निबंध करवाया। नए यूनियन के नाम से सीसीएल के सभी इकाइयों में मजदूरों का सदस्यता शुल्क काटे जाने का निर्देश जारी हुआ। वर्तमान में सीसीएल में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन संचालित है। पूरे सीसीएल में यह संगठन सबसे बड़ा मजदूर संगठन वाला संस्था होने का अपना नया इतिहास बनाया। संगठन का सदस्य संख्या सीसीएल में लगभग 7000 से ऊपर है। सीसीएल में संचालित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की नई रीजनल समिति गठित हुई जिसमें रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडेय, रीजनल सचिव अनूप सिंह, कोषाध्यक्ष किशोरी प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष श्यामल सरकार, महेंद्र विश्वकर्मा, पांच वरिय उपाध्यक्ष सात उपाध्यक्ष नौ सचिव 51 संगठन सचिव सहित 66 कार्य समिति के सदस्य चुने गए। नई समिति गठित करते हुए रीजनल सचिव बेरमो विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने सीसीएल के सीएमडी को पत्र प्रेषित करते हुए संबंधित विभागों को प्रतिलिपि प्रेषित है। रीजनल समिति में रीजनल अध्यक्ष गिरिजा शंकर पांडेय।तथा रीजनल सचिव कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह को चुने जाने पर कथारा क्षेत्र से जुड़े अजय कुमार सिंह, विल्सन फ्रांसिस, वेदव्यास चौबे, दयाल यादव, राजेश शर्मा, आशीष चक्रवर्ती, अर्जुन रविदास, राजेंद्र दास, उत्तम कुमार, सुरेश महतो, मो सनाउल्लाह, रणजीत सिंह, एच अधिकारी, शहादत हुसैन, इस्लाम अंसारी, रंजय कुमार सिंह, मो आशिक महम्मुद अंसारी, नसीम अख्तर, बलराम गोप, बबलू सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, संतोष सिंह, चंद्रशेखर प्रसाद, जितेंद्र पासवान, मंसूर खान, आनंद मांझी, शैलेंद्र मुर्मू, सुजीत मिश्रा, अनीश कुमार, अमनदीप सिंह, पिंटू राय, विजय नायक, बिंदु चंद हेंब्रम, संतोष राम गोड आदि लोगों ने हर्ष प्रकट किया है।

## घर से भागे तीन नाबालिग बच्चों को किया गया रेलवे पुलिस के हवाले

संवाददाता

**बेरमो।** गोमो-बरकाकाना रेल खंड के फुसरो-बेरमो स्टेशन के अमलो हॉल्ट में रविवार को रेलवे कर्मचारी आलोक कुमार ने पढ़ने के डर से भागे तीन नाबालिग बच्चों को पकड़कर रेलवे पुलिस को सौंप दिया। स्टेशन परिसर से पकड़े गये सभी नाबालिग बच्चे बिहार के रहने वाले हैं। सभी की उम्र 14 से 15 वर्ष है। तीनों बच्चे पढ़ाई के डर से घर को छोड़कर कमाने के लिए भाग रहे थे। तभी संदेह होने पर अमलो हॉल्ट के टिकट संचालक आलोक कुमार ने तीनों बच्चों को पकड़ कर पूछताछ किया तो तीनों बच्चों ने घर से भागने की बात स्वीकार की। मामले की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस के प्रधान आरक्षी अरुण तिवारी दलबल के साथ अमलो हॉल्ट पहुंचकर तीनों किशोर को पकड़ कर फुसरो स्टेशन ले आए। यहां रेलवे पुलिस ने तीनों किशोर के स्वजन को जानकारी देते हुए कागजी कार्रवाई कर बरकाकाना चाइल्ड केयर भेज दिया गया। मामले की जानकारी मिलते हीं आसपास के लोगों का अमलो स्टेशन परिसर में भीड़ उमड पड़ी। पकड़े गये बच्चों में अजीत कुमार, पिता बिनोद साव पता मुरलीगंज सहरसा निवासी है। आयुष कुमार पिता अवधेश साह पता पूर्णिया जिला खगामीर गंज व अमन कुमार पिता रवींद्र शाह पता बिहार के सुपौल थाना जादिया निवासी है। अजीत का मौसी का बेटा है आयुष, जबकि अमन का अजीत दोस्त है। पकड़े गये तीनों किशोर ने बताया कि वे लोग पढ़ाई नहीं करना चाहते हैं। परिजन पढ़ने के लिए अक्सर मारपीट करते हैं। जिसके कारण वे लोग प्लानिंग कर कमाने की मंशा से घर छोड़कर भाग निकले। बताया कि चार दिनों पूर्व हीं तीनों घर से एक साथ निकले थे। जो काम की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं।

## जिनके बलिदान से झारखंड अलग हुआ उन्हें भूल गई झारखंड सरकार : काशीनाथ

संवाददाता

**बेरमो।** आजसू पार्टी का 38 वां स्थापना दिवस नेताओं व कार्यकताओं ने करगली गेट स्थित पार्टी कार्यालय में शनिवार को मनाया। यहां कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड आंदोलनकारी स्व० युगल किशोर महतो की पत्नी लीलामनी देवी, स्व. मोहन महतो की पत्नी सरस्वती देवी, स्व. काली ठाकुर के पुत्र गोपाल ठाकुर को पैर धोकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ हीं केट काटकर व महिलाओं व लोगों के बीच पौधा वितरण कर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बेरमो विस क्षेत्र प्रभारी काशीनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन की मांग आजसू पार्टी ने शुरूआत की थी। झारखंड के लिए कई आंदोलनकारियों ने अपनी कुबार्नी दी है। जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। कहा कि वर्तमान



झारखंड सरकार आंदोलनकारियों को भूल गयी है जिनके खून-पसीने से झारखंड बना है। लेकिन कुछ दल सिर्फ सत्ता पर आकर लूटने का काम कर रहे हैं। कहा कि स्थापना दिवस में हम सभी संकल्प लेते हैं कि 2024 में झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे। केंद्रीय सचिव संतोष कुमार महतो एवं बुच्चू सिंह ने कहा कि हमने बेरमो में पार्टी को काफी मेहनत से सींचा है। एक-एक कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर जोड़े हैं। आज बेरमो में पार्टी पूरी तरह से मजबूत हो चुकी है। कहा कि राज्य में होने वाले चुनाव में एनडीए की सरकार बनाने के लिए आजसू पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता तन-मन से मेहनत करेंगे। अध्यक्षता फुसरो नगर अध्यक्ष महेश देशमुख व संचालन जिला उपाध्यक्ष महेंद्र चौधरी ने किया।

## मानव श्रृंखला चलाकर मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

संवाददाता

**बेरमो।** नगर विकास एवं आवास विभाग रांची के निर्देश पर नगर परिषद फुसरो के कार्यपालक पदाधिकारी गोपेश कुंभकार के नेतृत्व में रविवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा फुसरो नप कार्यालय से बैंक मोड़ फुसरो तक मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरूक किया गया। इओ गोपेश कुंभकार ने कहा कि मादक पदार्थ मानव जीवन के लिए हानिकारक है। कहा कि लोग जागरूक होकर मादक पदार्थ का त्याग करें। इसके सेवन से लोगों को कई तरह की गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। सिटी मिशन मैनेजर सुजीत कुमार त्रिवेदी ने कहा कि फुसरो शहरवासियों को मादक पदार्थ का त्याग करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा



रहा है। कहा कि युवा पीढ़ी नशे की लत में पड़कर अपने जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हर किसी को मादक पदार्थ का त्याग कर स्वस्थ जीवन जीना चाहिए। दिव्यांश मिश्रा ने कहा कि नशे से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है एवं घर परिवार की स्थिति दयनीय हो जाती हैं। इस दौरान महिलाओं ने नशे को ना और जिंदगी को हां, हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त हो जीवन हमारा, ड्रग्स के कुचक्र को तोड़ो-जीवन से नाता जोड़ो आदि नारे लगाए गए। संचालन सामुदायिक संघटनकर्ता तपन कुमार अड्डी ने किया। मौके पर सामुदायिक संसाधन सेविका रेखा देवी, लक्ष्मी सिंह, सुनीता देवी, बेबी देवी, मुन्नी देवी, पिंकी नारंग आदि मौजूद थे।

## जल नल योजना जरीडीह में फेल स्वच्छता का काम धरातल पर अधुरा

संवाददाता

**जमुआ/गिरिडीह।** जमुआ प्रखण्ड के जरीडीह पंचायत में जल नल एवं सोख्ता गड्ढा निर्माण कार्य धरातल पर कहीं नजर नही आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छता के तहत सोख्ता गड्ढा वर्मी कम्पोस्ट बनाने के कार्य की राशि निकासी के एक साल बाद भी कोई कार्य धरातल पर दिखता नहीं है। उक्त बातें पंचायत के अर्जुन प्रसाद वर्मा, कलावती देवी एवं मानसी देवी एवं वीक्रम कुमार ने कही।ग्रामीणों का कहना था कि ड्राई जॉन में भी स्ट्रक्कर लगाए जा रहे हैं।12000 लीटर का एक भी टॉवर नही बना है।एक जगह 8000 लीटर का बना है उसमे पूरा पानी भरता भी नही है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि



राजीव रंजन ने कहा कि जल नल का कार्य जैसे तैसे संवेदक करवा रहे हैं।कहा कार्य मे न तो गुणवत्ता है और न पारदर्शिता ही है।कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिएं। स्वच्छता के कार्य सोख्ता गड्ढा बनाने एवं वर्मी कमोस्ट इकाई बनाने में भारी अनियमितता पर कुछ बोलने पर कतराते हैं। बहुत पूछने पर बतलाते हैं कि तीन गांवो में स्वच्छता के कार्य के लिए 9700 रुपये प्रति गांव मिले हैं। कार्य हुआ है सिर्फ रिपोर्ट नही किया गया है। जल नल के संवेदक बबलू चौधरी ने कहा कि भीषण गर्मी में कार्य मे कठिनाई होती है। लेकिन जन शिकायतों के मद्देनजर कार्य मे कोई कमी पाई जएगी तो उसे सुधारा भी जाएगा।

## दो युवकों में मारपीट दोनों अस्पताल में भर्ती

संवाददाता

**फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के पुराना सुभाष नगर झंडा चौक महावीर मंदिर के समीप रविवार को दो युवकों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों घायल हो गये। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा बेरमो पुलिस को दिये जाने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायल युवकों को सीसीएल के ढोरी केंद्रीय अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में एक पक्ष के सुभाष नगर निवासी राजेंद्र राम के पुत्र अनुज कुमार ने बताया कि वह एक्सीस बैंक में लोन डिपाटमेंट में कार्य करता है। रविवार को वह झंडा चौक के पास खड़ा था। इसी दौरान तीन नंबर निवासी राजू सिंह नसे में धूत होकर आया और अचानक हमारे साथ मारपीट करने लगा। बताया कि राजू सिंह के साथ पहले पैसा का लेनदेन होता था। उसके पास मेरा एक चेक था। जिसे उसने बाउंस कराकर हम पर केश किया। जिसका मामला न्यायालय में है। बताया कि एक लाख रुपए का मामला है लेकिन उसने लालच में आकर आठ लाख रुपए चेक बाउंस का केश किया है। वहीं दूसरे पक्ष के तीन नंबर तिरहुत नगर निवासी राजू सिंह ने कहा कि प्रतिदिन की तरह वह झंडा चौक के रास्ते सीसीएल ढोरी एरिया के अमलो परियोजना में सेकेंट सिफ्ट की ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान पहले से प्लान बनाकर वहां मौजूद अनुज कुमार, उसके पिता एवं उसके भाई ने हमारे साथ मारपीट किया। अगर पुलिस नहीं आती तो वे हमें जान से मार देते। कहा कि पहले से पैसे का लेने देन था। जिसमें हमने केश भी किया है। जिस पर उन्हें हमें धमकी दिया था कि पैसा नहीं देंगे जो करना है कर लो।

### शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल निवासी समाजसेवी जीतेंद्र गुप्ता की माता के श्राद्ध कार्यकर्म में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में उपस्थित लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए जीतेंद्र गुप्ता की दिवंगत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के बोकारो जिला अध्यक्ष जोधन नायक, बोकारो जिला संरक्षक भुवनेश्वर प्रसाद साहू, समाजसेवी विनोद कुमार साव, अजय कुमार गुप्ता, विकास साव एवं अन्य गण्यमान्य लोग शामिल हुए। विदित हो कि चार माह पूर्व समाजसेवी जीतेंद्र गुप्ता के पिता स्व० सीआर गुप्ता का निधन हो गया था। उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहने की साहस दें।

## महिला मुक्ति संस्था की किशोरियों ने किया एक्सपोजर विजिट

संवाददाता

बोकारो। सहयोगिनी संस्था द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान को समझने के लिए रविवार को हजारीबाग की महिला मुक्ति संस्थां की किशोरियां कसमार पहुंची। सभी किशोरियां एक्पोजर विजिट में आई थीं। इस दौरान किशोरियों ने सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह को रोकने को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। प्रखंड के धधकिया गांव में कार्यक्रम आयोजित करके बाल विवाह रोकने के अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान किशोरियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या पर प्रकाश डाला।



दोनों संस्थाओं ने अपनी-अपनी जानकारी भी साझा की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि किशोरियां बाल विवाह तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए आगे आ रही हैं। मौके पर कुमारी किरण सूरजमणि देवी, मंजू देवी, निक्की कुमारी, पूनम कुमारी, महिला मुक्ति संस्था की लीला देवी, ज्योति मिर्धा, काजल कुमारी, प्रियंका कुमारी,गुनगुन कुमारी, पम्मी खातून, प्रेणना कुमारी, नैना कुमारी , रवि कुमार, चंदन कुमार तथा गौतम सागर मौजूद थे।

### पीवीयूएनएल प्रबंधन का रवैया निराशाजनक : आदित्य नारायण

**पतरातू।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को कटिया सरना काली मन्दिर परिसर में आयोजित की गई। आदित्य नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का संचालन प्रदीप महतो ने किया। आज के बैठक में स्पष्ट किया गया कि पीवीयूएनएल प्रबंधन के द्वरा वार्ता के क्रम में बहुत ही सकारात्मक आश्वासन तो दिया जाता है परन्तु बाद में फिर वही ढाक के तीन पात। प्रबंधन दिए गए आश्वासन को हवा में उड़ा देता है। अभी मैन पावर सप्लाई करने वाले बाहरी एजेंसी कुछ विस्थापित विरोधी अधिकारियों से मिलकर लगातार विस्थापित - प्रभावित ग्रामीणों को दरकिनार कर गुपचुप ढंग से बाहरी लोगों की नियुक्त कर ही रहे हैं।

## झारखंड में लूटे जा रहे हैं फर्जी पट्टा बनाकर जमीन : बेनीलाल महतो

संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड में चारों और लूट एवं भ्रष्टाचार व्याप्त है। यहां कोयला, लोहा, बालू, अभ्रक, नदी, नाला, पहाड़, झाड़ी, आम व खास गैरमजरूआ जमीन फर्जी पट्टा बनाकर लूटे जा रहे हैं। जमीन लूट की खबर सबसे अधिक रांची, धनबाद, बोकारो में सुनने में आ रही है। उक्त बातें रविवार को रानीबाग फुसरो स्थित कार्यालय में झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से जमीन घोटाले की उच्च स्तरीय जांच



कराकर गरीबों की हड़पी जमीन वापस दिलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में रेलवे में दुर्घटना बढ़ गई है। बंगाल में बड़ी रेलवे घटना हुई लेकिन रेल मंत्री इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी भी नहीं ले रहे हैं जबकि इससे पहले बड़ी दुर्घटनाओं में अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री स्तीफा दे देते रहे हैं। श्री महतो ने कहा कि यूपीएससी और जेपीएससी में पैरवी के बल पर पहुंचे कुछ अधिकारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। इन परीक्षाओं की जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जांच के आदेश दिए गए हैं जो स्वागत योग्य है। श्री महतो ने कहा कि कभी एनडीए तो कभी इंडी गठबंधन ने बारी बारी से झारखंड को लुटा है। कहा कि राज्य अलग हुए 24 साल हो गए। लेकिन झारखंड में रोजगार के लिए अब तक की सरकारों ने कोई भी उद्योग नहीं लगाया। जिसके कारण यहां के बेरोजगार युवक रोजगार के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे हैं।

## एक नजर

### सामाजिक कार्यकर्ता जय मंगल पाण्डेय ने जदयू का दामन थामा



**धनबाद।** कतरास के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स के प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस अवसर पर बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मालकेरा निवासी जय मंगल पाण्डेय ने जदयू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने जय मंगल पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा कि अपने - अपने गांव - पंचायत में जदयू पार्टी को मजबूत करें। ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में जदयू पार्टी एक मजबूत विकल्प के रूप में झारखंड प्रदेश में दिखाई दे। इस अवसर पर जदयू नेता और पूर्व जिला परिषद सदस्य सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान, जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बिन्दु देवी, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष मिट्ठू रजवार, सपन दुबे, प्रेम चन्द्र रजक, महेंद्र मौहली, जितन राम मांझी आदि उपस्थित रहें।

### दो जिगरी दोस्तों के शव पहुंचते ही मनईटांड़ में पसरा मातम

**धनबाद।** झरिया में रहने वाले दोस्त की मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने शुक्रवार को मोहलबनी घाट गए दो जिगरी दोस्त करण कुमार आर्या व सचिन तुरी की दामोदर नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई है। दोनों युवक धनबाद के मनईटांड़ कुम्हारपट्टी के रहने वाले थे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव मनईटांड़ कुम्हारपट्टी पहुंचे। शव आते हीं माहौल गमगीन हो गया। करण के शव से लिपटकर मां विलाप कर रही थी। मां यह कहते हुए बेसुध हो रही थी कि कहां खो गया लाल, किसी तरह वापस आ जा। वहीं उसके पिता प्रेम प्रकाश आर्या एक कोने में खड़ा होकर सिसक रहे थे। सचिन के शव से लिपटकर बहन और मां दहाड़ मारकर रो रही थीं। दो जिगरी दोस्तों के एक साथ शव देख वहां मौजूद सभी लोगों की आंखे नम हो गईं। करण आर्या मेडिकल कंपनी में एमआर का काम करता था। उसके पिता प्रेम कुमार आर्या एक बैंक में गाड़ी चलाते हैं। सचिन धनबाद की मेडिकल दुकान में काम करता था। दोनों परिवार मनईटांड़ कुम्हारपट्टी में उदित नारायण सिंह के मकान में वर्षों से भाडा.पर रहते आ रहे हैं। मालूम हो कि दोनों जिगरी दोस्तों के शव को एक साथ एक हीं वाहन से मटकुरिया श्मशानघाट ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### खिलाड़ियों को मेडल एवं कप देकर सम्मानित किया गया

**धनबाद।** प्रखंड स्तरीय 63 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024-25 में शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ ने शानदार जीत दर्ज की। बता दें कि भिस्तीपड़ा धनबाद खेल ग्राउंड में 63 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 -25 प्रखंड स्तरीय फुटबॉल में शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ ने बीजीएच हाई स्कूल लोयाबाद को 1-0 से हराकर फाइनल मैच में अपनी शानदार जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को मेडल एवं कप देकर सम्मानित किया गया।महाविधालय प्राचार्य डॉ० अरुण कुमार महतो ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं अगले मैच के लिए बेहतर अभ्यास करने की सलाह दी। अगला मुकाबला अब जिला स्तरीय होगा।

### मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखंड सरकार



**धनबाद।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता को लेकर नगर निगम धनबाद के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह जागरूकता रैली नगर निगम कार्यालय से शुरू हो कर बेकारबांध तक गई। बेकारबांध पहुचने पर वहां नगर निगम द्वारा पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे सहायक नगर आयुक्त श्रीमती संतोषनी मुर्मू एवं सहायक नगर आयुक्त प्रसुन्न कौशिक ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचने के लिए समाज से अपील की। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ से दूर रहकर अपने जीवन को बेहतर बनाएं। नशा से जीवन बर्बाद हो जाता है। समाज पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। अपराधिक घटनाओं से क्षेत्र में अशांति का माहौल कायम हो जाता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को नशे से दूर रहने की अपील की।

#### कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने रणधीर वर्मा चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया

# पेपर लीक में केंद्र सरकार कटघरे में खड़ी है: संतोष सिंह

### नीट -यूजी 2024 परीक्षा पेपर लीक मामले में धनबाद कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, उच्च स्तरीय जांच की मांग



संवाददाता

**धनबाद।** अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार नीट पेपर लीक घोटाला के विरोध में रणधीर प्रसाद वर्मा चौक पर धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला दहन कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि नीट -यूजी 2024 परीक्षा पेपर लीक घोटाला में केंद्र सरकार कटघरे में खड़ी है। परिणाम को लेकर असंख्य शिकायतें परीक्षार्थियों ने दी है। परीक्षा परिणाम में अनियमितता होने के आरोपों से देश के लगभग 24 लाख छात्र अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं। परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने 04 जून, 2024 को नीट -यूजी 2024 के परिणाम जारी किये। कहा कि परीक्षार्थियों को ग्रेस मार्क्स किस आधार पर दिये गए यह भी खुलासा नहीं किया गया। बल्कि बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने शत -प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। जिसके आधार पर पूरे देशभर में संशय का वातावरण है। बिहार तथा गुजरात में चुनिन्दा परीक्षा केन्द्रों पर धांधली के आरोपों में कई गिरफ्तारियां हुई हैं। जो कि संगठित भ्रष्टाचार का उदाहरण है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी कुछ बिन्दुओं पर गम्भीर चिन्ता व्यक्त की है। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव में जारी घोषणा पत्र में छात्रों के सुरक्षित भविष्य के लिये पेपर लीक के विरुद्ध कड़े कानून बनाने का वादा किया था। कांग्रेस पार्टी देश के छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शमशेर आलम, रामगोपाल भुवानिया, रवि रंजन, आशोक लाल, नवनीत नीरज लक्ष्मण तिवारी, राजेश्वर सिंह यादव, अक्षयवार प्रसाद, योगेन्द्र सिंह योगी, जावेद रजा, महेंद्र दुबे, सोनु, हरेन्द्र शाही, संजय जयसवाल, दिलीप मिश्रा, गुड्डू खान, अशिफ राहुल राज, अशिष सिन्हा, दिनेश यादव, दिलीप मिश्रा, इम्तियाज अली, मृत्युंजय सिंह, राहुल राज, सेफुद्दीन अंसारी, कार्तिक घोश, डेबिड सिंह, जय प्रकाश चौहान, मो प्रिन्स, पवन यादव, विशाल राउत, पिंटू तुरी, गेरूल हसन, प्रीतम रावानी, राजीव पांडेय, अनील राय, मालुम खान, रूद प्रताप सिंह, छोटु सिंह, विजय राम सुरेश सिंह, फैयज अहमद आदि शामिल थे।

## धनबाद स्टेशन पर यात्रियों की संपत्ति उड़ाने वाली लेडी गैंग का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद स्टेशन पर यात्रियों की संपत्ति उड़ाने वाली लेडी गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। दो नाबालिग समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में रेसुब पोस्ट धनबाद के अधिकारी व स्टाफ रेलवे ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 07 पर समय करीब 11:30 बजे ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के कोच संख्या र5 पर तीन महिला एवं एक लड़का को संदिग्ध अवस्था में देखा, जो देखकर भागने लगे। तीन महिला एवं एक लड़का को दौड़ाकर पकड़ा गया। पकड़ाए महिलाओं ने अपना नाम भारती टुडू, उम्र-19 वर्ष, पति-पवन टुडु, पता-चंद्रपुरा स्टेशन के पास ओम निवास के पीछे, थाना-चंद्रपुरा, जिला-बोकारो (झारखंड), गोद में एक 4 महीने की बच्ची, जिसका नाम निकिता, तनु कुमारी, उम्र-15 वर्ष, पिता- संजु गोप, पता-चंद्रपुरा स्टेशन के पास ओम निवास के पीछे, थाना-चंद्रपुरा, जिला-बोकारो(झारखंड), शीतल कुमारी, उम्र-14 बर्ष, पिता-संजु गोप, पता-चंद्रपुरा स्टेशन के पास ओम निवास के पीछे, थाना-चंद्रपुरा, जिला-बोकारो और एक लड़का ने अपना नाम देवा पाँसे, उम्र-11 बर्ष, पिता-संजय पाँसे, पता-हटिया स्टेशन के पास, थाना-हटिया, जिला-रांची (झारखंड) बताया। चेक करने पर भारती टुडू के पास से पर्स मिला, जिसमे एक इंडसइंड बैंक का डेबिट कार्ड, अरून मडैया नामक व्यक्ति का वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड, ललिता मडैया नामक महिला का वोटर कार्ड, आधार कार्ड, श्रम कार्ड, जिस पर मोबाईल संख्या 6287865750 अंकित है तथा 1500/- रुपये नकद मिला, तनु कुमारी के पास से पर्स मिला, जिसमे एक जोड़ी चांदी का पायल एवं एक गले का चेन एवं चांदी का हनुमान जी का लॉकेट, शीतल कुमारी के पास से लेडिस पर्स, जिसमे 600 रुपए नकद मिला तथा देवा पाँसे के पास से पर्स मिला,जिसमें कुल 71,400/- रुपये तथा रुस्तम अली नामक व्यक्ति का आधारकार्ड, पैन कार्ड मिला। जिसके बारे में पूछने पर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। कड़ाई से पूछने पर सभी ने बताया कि हमलोग गरीब लोग हैं तथा अपना भरण-पोषण के लिए कभी-कभी ट्रेन से रेलयात्री का पर्स चोरी कर लेते हैं।

## सोनारी में मनाई गई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



**जमशेदपुर ।** सोनारी रूपनगर बस्ती में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि श्याम प्रसाद मुखर्जी सेवा संस्थान के बैनर तले मनाई गई। जहां फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी रहे देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों के बीच पेन , पेंसिल इत्यादि का वितरण भी किया गया। साथ ही बस्ती वासियों के बीच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश भी डाला गया। मौके पर संस्थान के प्रमुख अशोक सिंह, प्रदीप सिंह, महेंद्र यादव, चुन्नू भूमिज, रामप्रसाद शाह समेत अन्य मौजूद थे।

## धनबाद डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केन्द्र जिला कमिटी की बैठक संपन्न



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद स्थित कैहुनर मैदान धनबाद में धनबाद जिला के डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र के संचालकों की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता तोपचांची के प्रज्ञा केंद्र सचालक अमीर राज पाण्डेय ने की। इस अवसर पर डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केन्द्र झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिजीत दास बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। बैठक में धनबाद जिला कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अमीर राज पाण्डेय अध्यक्ष, रास बिहारी महतो उपाध्यक्ष,असागर मिर्या महासचिव, दिनेश साधू कोषाध्यक्ष ,राम दयाल साह मीडिया प्रभारी एंव मोकिम असारी सह मीडिया प्रभारी एवं 17 प्रखंड पर्यवेक्षक चुने गए। पर्यवेक्षक गण को सभी प्रखंडों मे कमिटी गठन करवाने की जिम्मेदारी दी गई। इस आशय की जानकारी धनबाद डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केन्द्र के जिला महासचिव असगर मिर्या ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। इस डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र की बैठक में विकास कुमार गोप ,मुकेश कुमार महतो ,राम दयाल साह,नील कमल दास ,काशी नाथ महतो ,फिरोज असारी ,अजय कुमार मडल ,संजय पाल ,रमेश रजक व अन्य मौजूद थे।

## सांसद ढुल्लू महतो का भतीजा खुशवंत देवा ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो के भतीजा खुशवंत देवा के सौजन्य से चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिजुलिया मंडल के ग्राम गोपीड़ीह में 63 '५ का ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका उद्घाटन सांसद ढुलू महतो के भतीजा खुशवंत देवा ने नारियल फोड़कर किया। बता दें कि सांसद के भतीजा खुशवंत देवा के पहुंचने पर सभी ग्रामीणों ने फुल माला पहनाकर खुशवंत देवा का भव्य स्वागत किया। मौके पर खुशवंत देवा ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली की यहां का ट्रांसफार्मर जल गया है, तुरंत विभाग के संबंधित अधिकारी को फोन कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया था। गांव में खुशवंत देवा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्थानीय जनसमस्याओं से उन्हें अवगत भी कराया।

इस पर खुशवंत देवा ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। सांसद महोदय के शपथ ग्रहण से पहले हीं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में काम धरातल पर दिखने लगा। कहीं भी क्षेत्र में कोई भी जनहित से जुड़ी समस्या है तो आदेश करने का काम करें उसे तुरंत समाधान करने का काम करेंगे। खुशवंत देवा ने लोगों को भरोसा दिया कि किसी भी प्रकार की तकलीफ हो तो बेझिझक बताने का काम करें। इधर नया ट्रांसफार्मर पाते हीं गोपीडीह के ग्रामीणों ने सांसद की पूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जनता के हितैषी एकमात्र हमारे लोकप्रिय धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ही हैं जो छोटी से छोटी समस्या को भी अपना समझ निराकरण करने का काम करते हैं। मौके पर मुख्य रूप से अरविंद दुबे, भाजपा नेता बबलू चौबे, अविनाश पाठक, राखोहरी तिवारी ,रामजीवन तिवारी, गोपाल चन्द्र तिवारी, राजा राम गोप, बलराम गोप, नारायण गोप, गुरुपद गोप, संजय गोप आदि गणमान्य व्यक्ति गण उपस्थित थे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया



संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री रहे डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मना रही है। इसी के निमित्त भाजपा बरटाँड मंडल के तत्वाधान में रविवार को सिटी सेंटर चौक स्थित डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित भाजपा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय एवं निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि देश के असंख्य आमलोगों एवं भारतीय जनता पार्टी के करोड़ो कार्यकर्ताओ के प्रेरणापुंज अमर बलिदानी डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक बहूआयामी वक्तितव के स्वामी हीं नहीं वरन एक महान शिक्षाविद, देशभक्त, राजनेता, सांसद, अद्म्य साहस के धनी और सहृदय मानवतावादी थे। सह मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा उर्फ.कुमार अमित ने कहा कि डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक निशान एक विधान एक प्रधान का नारा देकर जम्मू कश्मीर को देश का अभिन्न अंग बनाने के संघर्ष में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने पश्चिम बंगाल को भारत का हिस्सा बनाए रखने की वैचारिक व व्यावहारिक लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश की एकता अखंडता और स्वाभिमान के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार मंडल ने की। इस अवसर पे सुनील उराँव, पुष्पा राय, अमरजीत कुमार, टुन्ना सिंह, मनोज रिंकू सिन्हा, बी बी पी सिन्हा, लोहा सिंह, किशोर मंडल, सरोज शुक्ला, बरटांड मंडल, मीडिया प्रभारी बृजनंदन शर्मा, अमित सिंह, सुनील ठाकुर, अजय मलाकार, अरविंद भारती, अजयकांत सिन्हा सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# कोल इंडिया कर्मियों के ट्रांसफर की बड़ी स्कीम हुई लॉन्च

संवाददाता

**धनबाद।** कोल इंडिया में रोज कुछ ना कुछ नई योजनाएं लॉन्च हो रही हैं। एक तरफ कंपनी निजी हाथों की ओर बढ़ रही है तो दूसरी ओर कर्मियों की संख्या लगातार कम रही है। कोयला खदानों में आउटसोर्स कंपनियों के बढ़ते प्रभाव की वजह से नई-नई स्कीम लॉन्च की जा रही है। फिलहाल कोल इंडिया ने सरप्लस नन एग्जीक्यूटिव मैनपॉवर को जरूरत के अनुसार दूसरी कंपनियों में भेजने के लिए इंसेंटिव स्कीम लॉन्च किया है। इस स्कीम के तहत दूसरी कोयला कंपनी में जाने के इच्छुक सरप्लस मैनपॉवर को एक लाख का भुगतान मिलेगा। अगर धनबाद कोयलांचल की बात की जाए, तो बीसीसीएल में लगभग सात हजार सर प्लस मैनपॉवर है। इन 7 000 मैनपॉवर को दूसरी कंपनियों में शिफ्ट करने की बीसीसीएल की योजना है। मैनपॉवर बजट के अनुसार जो भी सर प्लस कर्मी हैं, अगर दूसरी कोयला कंपनी में, जहां कर्मियों की जरूरत है, जाने को तैयार होते हैं तो इंसेंटिव स्कीम के तहत एक लाख ट्रांसफर बेनिफिट के रूप में मिलेगा। शर्त होगी कि 5 साल तक फिर स्थानांतरित कर्मियों का अन्य किसी कंपनी में तबादला नहीं होगा। फिलहाल कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में 2208 एग्जीक्यूटिव हैं।

**बीसीसीएल में 31632 नॉन एग्जीक्यूटिव कार्यरत हैं**

इसी तरह बीसीसीएल में 1907 और सीसीएल में 2168 एक्सक्यूटिव हैं। वहीं अगर नॉन एग्जीक्यूटिव की बात की जाए तो ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में 46236 कर्मी हैं ,तो बीसीसीएल में 31632 नॉन एग्जीक्यूटिव कार्यरत हैं। सीसीएल में 31804 है। मजदूर संगठन भी यह मानते हैं कि आउट सोर्स कंपनियों की डोर पकड़कर कोल इंडिया अब निजी हाथों की ओर बढ़ रही है। 50 सालों से अधिक समय के बाद झरिया और रानीगंज की बंद 23 खदानों को निजी हाथों में सौंप दिया गया है और भी सौपें जाने की तैयारी चल रही है। जानकारी निकल कर आ रही है कि कोल इंडिया व बंद पड़ी कोयला खदानों से राजस्व बढ़ाने के लिए इन बंद पड़ी 23 भूमिगत खदानों को निजी हाथों में दे दिया गया है। असुरक्षित या अधिक खनन खर्च की वजह से कोल इंडिया इन कोयला खदानों को राजस्व साझेदारी या माइंस डेवलपर एंड ऑपरेटर मोड पर चलाने को दी है। इन 23 खदानों में अधिकतर खदान देश के सबसे पुराने खनन क्षेत्र झरिया और रानीगंज की माइंस है। कहने को तो कोल इंडिया की मनसा घरेलू कोयले का उत्पादन बढ़ाने और राजस्वृद्धि का है। यह बात भी सच है कि झरिया और रानीगंज की पुरानी बंद खदाने कुछ जटिल प्रकृति की है। कुछ खदानें तो गैसीय भी है। कोल इंडिया की ओर से चिन्हित की गई 23 खदानों के साथ ऐसा किया गया है।

**कुल सालाना क्षमता 3.414 करोड़ टन निर्धारित**

इनमें अधिकांश खदाने भूमिगत यानी अंडरग्राउंड माइन्स है। इन खदानों की कुल सालाना क्षमता 3.414 करोड़ टन निर्धारित किया गया है। जबकि इन खदानों से खनन के लिए भंडार 63.5 करोड़ टन होने का अनुमान है। कोल इंडिया धीरे-धीरे अब निजीकरण की ओर बढ़ रही है। 5 साल में 90% के लगभग अगर यह सब व्यवस्था चली जाए, तो कोई आश्चर्य नहीं है। सूत्र बताते हैं कि कोल इंडिया ने कुल 34 खदानों को चिन्हित किया है। जिनसे उत्पादन नहीं हो रहा था ।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में पुण्य तिथि एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



संवाददाता

**रामगढ़ ।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट रामगढ़ झारखंड के संस्थापक स्व. गोविंद साह एवं स्व. राधा देवी के दसवीं पुण्यतिथि आयोजित कर श्रद्धांजलि सभा रखी गई। जहां माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया, साथ ही पुण्यात्मा की आत्मा की शांति के लिए पूजन एवं हवन कार्यक्रम की गई। मौके पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति महोदय श्री बी.एन.साह ने अपने संबोधन में कहा कि की माता पिता के दूरदर्शी सोच को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास कर रहा हूं। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काफी प्रयासरत हूं।साथ ही उन्होंने माता पिता के जीवन संघर्ष से अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा से सीख लेने की बात कही। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो.(डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो.(डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो.(डॉ.) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, डॉ अनिल कुमार , विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण कर्मचारीगण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

## सुभाषितम्

**जिस तरह जौहरी ही असली हीरे की पहचान कर सकता है, उसी तरह गुणी ही गुणवान की पहचान कर सकता है। - कबीर**

## पक्षियों पर भी काल की छाया

जिस तेजी से पृथ्वी पर जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है उसी तेजी से वनों का भी विनाश हो रहा है। और वनों के खत्म होने के साथ ही वन्य जीवों की अनेक प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त होती जा रही है । कड़वा सच तो यह है कि 50 वर्ष से भी कम समय में वन्य जीवो की संख्या 69 प्रतिशत तक कम हो गयी। वन्य जीवों के अस्तित्व पर आए संकट का एक अन्य कारण भी है आदमी के अविवेकपूर्ण क्रियाकलाप। जिसमें पैसा कमाने की हवस के चलते वन्य जीवो को निर्ममता से मारकर उनके अंगों का अनेक प्रकार से उपयोग किया जाता है। प्राकृतिक आवासों के विनाश। फैलती सघन कृषि तथा तस्करों का शिकारियो के सम्मिलित प्रहार से परिंदों का अस्तित्व भी संकट में पड़ गया है। पक्षियों के तस्करों व शिकारियों ने देश में पाई जाने वाली तकरीबन 1200 प्रजातियों में से कई के अस्तित्व को मिटा कर रख दिया है । काबिलेगोर बात है कि दुनिया में 8600 पक्षियों की प्रजातियो में से 180 प्रजातियां ऐसी हैं ।जो केवल भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाती है दुर्भाग्यवश इन पर ही सबसे ज्यादा खतरा मडरा रहा है।

कोयल की कूक, कौओं की कांव कांव, चिड़ियों की चहचहाहट, झींगुरों की झनकार, मेढकों की टर टर जंगली तोतों की नकल करती आवाजें बहुत जल्द ही अतीत का हिस्सा बन सकतीं हैं। दुनिया भर में पाई जाने वाली तोतों की तकरीबन 330 प्रजातियों में से 100 से अधिक की जान संकट में है। सुंदर व खूबसूरत प्रजाति कैरोलिना, परकीत विलुप्त हो गई है। हेसिथमेका व स्कारलेट मैका नामक प्रजातियां खतरे में है ।कैरीलिग तोता यात्री कबूतर ।क्षुपी मुर्गी तथा पहाड़ी मैना इत्यादि तो बिल्कुल लुप्त हो चुके हैं। कुक्कुट सारस ।गजदंत चोंच। कठफोड़वा। हवाई राजहंस आदि पक्षी प्रजातियां अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है ।मध्य प्रदेश व राजस्थान के जंगलों में पाए जाने वाले खरमोर व भटुक कड़ी अंधा धुंध शिकार की वजह से लाल सूची में आ गए हैं ।मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में खरमोरे अभ्यारण में इन्हें संरक्षित किया जा रहा है ।लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भी केवल भारत में पाई जाने वाली दुर्लभ पक्षी प्रजाति की संख्या केवल 1500 से भी कम रह गई है ।सोन चिरैया या गोड़ावन विश्व के दुर्लभतम पक्षियों में से एक है। दो दशक पहले तक इनकी संख्या मध्य प्रदेश के करैरा और घाटीगांव क्षेत्र में बहुत थी लेकिन खनन कार्य व वनों के कटने से इस प्रजाति का अस्तित्व समाप्ति की ओर है। हालांकि इस प्रजाति को संरक्षित करने के लिए करेरा और घाटीगांव में अभ्यारण बनाकर इन्हें संरक्षित करने का प्रयास किया गया था लेकिन अथक प्रयासों के बावजूद इनकी संख्या में इजाफा नहीं हो सका।

तमाम सारे पक्षियों की प्रजातियां जो शीतकाल में गर्म क्षेत्रों में प्रवास करती थी अब घटाते वनों और प्राकृतिक आवास के कारण समाप्ति के कगार पर है। दुर्लभ प्रजाति के पक्षी साइबेरियन सारस निरंतर घटती जा रहा रहीं हैं। यही नहीं बंगाल फ्लोरिंकन सफेद कौआ। डोडो व हिमालय क्षेत्र के अनेक परिंदों का अस्तित्व अंधाधुंध शिकार की वजह से मिट गया है। हालात यह है कि सुबह चिड़ियों की चहचहाहट। शाम को कीड़े मकोड़ों के शोर से लेकर रात में सिंहों की दहाड़, सियार, लोमड़ी की आवाजें कम हो रही है। इसी तरह राष्ट्रीय पक्षी मोर भी अब मांस के लिए बड़ी संख्या में मारा जा रहा है हालात यही रहे तो आने वाली पीढ़ी बहुत सारे वन्य जीवों का दीदार करने से वंचित हो जाएगी।

## चिंतन-मनन

## शाश्वत प्रेम अंतहीन है

प्रेम कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा।

इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है। प्रेम प्रतीक है यहां परमात्मा का और उसका स्वभाव परमात्मा जैसा है। परमात्मा कभी पूरा नहीं होगा, नहीं तो समाप्त हो जाएगा। उसकी पूर्णता बड़ी गहन अपूर्णता जैसी है। उपनिषद कहते हैं कि उस पूर्ण से पूर्ण को निकाल लो तो भी वह पूर्ण ही रहता है। उस पूर्ण में और पूर्ण को डाल दो, तो भी वह उतना ही रहता है, जितना था। वह जैसा है, वैसा ही है; उसमें घट-बढ़ नहीं होती।

प्रेम भी जैसा पहले दिन होता है, वैसा ही अंतिम दिन भी होगा। जो चुक जाये, उसे तुम प्रेम ही मत समझना; वह काम वासना रही होगी। जिसका अन्त आ जाये, वह शरीर से सम्बन्धित है। आत्मा से जिस चीज का भी सम्बन्ध है, उसका कोई अन्त नहीं है। शरीर भी मिटता है, मन भी मिटता है; आत्मा तो चलती चली जाती है। वह यात्रा अनन्त है। मंजिल कोई है नहीं, क्योंकि अगर मंजिल हो तो मृत्यु हो जायेगी। तो कबीर कहते हैं : ढाई आखर प्रेम का! वे प्रेम के ढाई अक्षर की तरफ इशारा तो करते ही हैं, गहरा इशारा है प्रेम के आधेपन का। प्रेमी और प्रेयसी के बीच एक अदृश्य धारा है, एक अदृश्य आंदोलन है, एक सेतु है जिससे वे दोनों जुड़ गये हैं और एक हो गये हैं।

## आज का राशिफल

**मेष** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**वृष** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**मिथुन** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क** : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहें। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**सिंह** : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा।

**कन्या** : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**तुला** : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।


**धनु** : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें।

**मकर** : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मीन** : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

# दक्षिण अफ्रीका चुनाव में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे



आर.के. सिन्हा

भारत के लोकसभा चुनाव के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधीजी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाइयां लड़ीं। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है क्योंकि वहां करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते हैं। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं।

एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ।

खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। मौजूदा दौर में अफ्रीका के कई देश तेजी से आर्थिक विकास कर रहे हैं। अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ भी अफ्रीका में संभावनाए तलाशता रहा है। कारोबारी रिश्ते में भारत अभी इन सभी से पीछे है। ऐसे वक्त में जब कि चीन की अर्थव्यवस्था उतार पर है। यूरोप भी संकट से जूझ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अफ्रीका के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है।


भारत की चोटी की कंपनियों जैसे टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अफ्रीका में तगड़ा निवेश है। अफ्रीका में हर जगह टाटा की उपस्थिति दिखती है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अफ्रीकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।

इस बीच, अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अफ्रीका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। जैसे कि इसके नाम से ही स्पष्ट है कि यहां गुलाब ही गुलाब हैं। यहां गुलाब के लाल, पिंक, सफेद समेत साढ़े पांच हजार से अधिक पौधों की 65 प्रजातियां खुशबू बिखेरती हैं। इधर का सारा वातावरण बेहद सुंदर और आनंद की अनुभूति देता है। दिल्ली में अफ्रीका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है।

वैसे राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नामों पर भी सड़कें हैं। क्वामें नक?मा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट ऑफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी। उसी दौर में यहां विभिन्न अफ्रीकी देशों के नौजवान पढ़ने के लिए आने लगे। उनमें केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी शुरू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी थे। अतः ऐसा लगता है कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत, दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ्रीकी देशों से सम्बन्ध और मजबूत करने के साथ स्थायी करेगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# शिक्षा को ध्यान की दरकार है



गिरीश्वर मिश्र

देश के सामर्थ्य के लिए शिक्षा का महत्व सभी जानते हैं, मानते हैं और बखानते हैं। समकालीन चचाओं में 'युवा भारत' की भूमिका सभी लोग दुहराते हैं और 'डेमोग्रेफिक डिविडेंड' की बातें करते नहीं थकते। चुनावी घमासान में सबने एक स्वर से देश को आगे ले जाने की कसमें खाईं थीं किंतु शिक्षा की प्रासंगिकता तथा रोजगार के लिए शिक्षा के महत्व को लेकर लगभग सभी मौन ही धारण किए रहे। वे इसकी स्थिति से से संतुष्ट थे या फिर थक हार कर यह मान चुके हैं कि इस सिलसिले में कुछ भी मुमकिन नहीं है। मंहगाई, बेरोजगारी, आरक्षण की सख़्त जरूरत, पड़ोसी देशों के साथ रिश्ते और भारतीय संविधान की सुरक्षा जैसे भारी भरकम मुद्दों के बीच शिक्षा और संस्कृति से जुड़े सवाल लगभग नदारद थे। घोषणा-पत्र, संकल्प-सूची और गारंटियों की काकली के बीच शिक्षा द्वारा मनुष्य के निर्माण और उसके संवर्धन और संरक्षण से जुड़े प्रश्न की कोई जगह नहीं थी। सभी नेता मौखिक रूप से देश को बचाने, बनाने, समता लाने तथा सबको सुखी बनाने के लिए तैयार थे। सभी नेता बढ़-चढ़ कर गरीबों को अनाज देने, मुफ़्त रुपये बाँटने और सभी तरह की भौतिक सुविधाएँ जुटाने की घोषणा करने और खटाखट खैरात बाँटने को तैयार थे, यह जान कर भी कि सरकार के पास कोई जादुई तिजोरी नहीं है कि फटाफट सब कुछ सब को मुहैया कर दिया जाये । वे यह भी नहीं सोच रहे थे कि सार्वजनिक मुफ़्तखोरी की लत का नुकसान सबको भुगतना पड़ेगा। आखिर अकर्मण्य बनाने में किसका भला होगा ? मनुष्य बनने लिए संस्कार की आवश्यकता पड़ती है। यही समझ कर शिक्षा की संस्थाएँ बनी। भारत इस तरह के प्रयास में अग्रगण्य था। यहाँ के नालंदा और तक्षशिला के बहु अनुशासनात्मक और समावेशी विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय संसार में कहीं न थे। औपनिवेशिक दौर में शिक्षा की जो व्यवस्था रोपी गई उसके फलस्वरूप हम जिस तरह पिछड़े उससे अभी तक उबर न सके। यह बिडम्बना ही कही जाएगी कि विकसित भारत का नारा देते हुए आज देश में शिक्षा आज कई तरह की दुर्दशाओं के दौर से गुजर रही है।

यह एक दुखद सत्य है कि स्वतंत्र भारत में चर्चाएं होती रहीं, आयोग बनते रहे, शोध रपटें आती रहीं, योजनाओं का खाका भी बनता रहा, कुछ आधे-अधूरे कदम भी उठाए गए परंतु कभी भी शिक्षा की ओर समग्रता से तथा व्यावहारिक स्तर पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा सका था। इसके लिए ढुलमिल और टालू नजरिया ही अपनाया जाता रहा। मोदी सरकार के पहले दौर से ही वर्ष 2015 में शिक्षा में सुधार का वादा ही नहीं किया गया बल्कि बल्कि नई शिक्षा नीति का बनाने की कवायद भी शुरू की। सांकेतिक पहल के रूप में 'मानव संसाधन मंत्रालय' का नाम 'शिक्षा मंत्रालय' कर दिया गया था। दूसरे कार्यकाल में अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए सरकार ने 2020 में अंतरिक्ष विज्ञानी डा कस्तूरीरंगन की अगुआई में लम्बे सलाह-मशविरे के बाद नई शिक्षा नीति आई। सबको आशा बंधी कि शिक्षा में एक नया सबेरा आने वाला है । उसकी कुछ झलक भी मिली थी पर अभी भी लम्बी दूरी तय करना शेष है। अब 2024 में मोदी सरकार की 71 मंत्रियों की फौज के साथ तीसरी पारी सौदिनी एजेंडे के साथ शुरू हो चुकी है। शिक्षा के लिए उसमें क्या जगह है यह तो स्पष्ट रूप से पता नहीं पर पुराने शिक्षा मंत्री ही फिर से दायित्व सँभाल रहे हैं और विभाग का काम-धाम रूटीन में पहले जैसा ही चलता रहेगा।

याद रहे कि शिक्षा नीति-2020 कक्षा तीन से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक की शिक्षा में 'आमूल-चूल परिवर्तन' लाने की विशाल महत्वाकांक्षा के साथ आगे बढ़ी थी। इस नीति को लागू करने की योजना पर खंड-खंड में कुछ काम भी शुरू हुआ। कुछ समितियाँ बनीं, कुछ गोष्ठियाँ भी हुईं और साथ में अनेक स्तरों पर और विभिन्न समूहों के साथ विचार-विमर्श भी चलता रहा। नीति की आत्मा को समझ कर नियमों और व्यवस्थाओं में फेर-बदल भी हुए थे। कई परिवर्तन कुछ जगहों पर लागू हो चुके हैं। पर प्रगति देखते हुए यही लगता है कि रस्म अदायगी ही हो रही है। आधे-अधूरे ढंग से धीमी गति से इस पर काम चल रहा है। शिक्षा के संचालन में विकल्पों की व्यवस्था, रुख में लचीलापन, व्यवस्था की सहजता, स्थानीयता पर बल, पारिस्थितिकी की चिंता, संस्कृति के साथ जुड़ाव, कुशलता-निर्माण को महत्व, रोजगार की उन्मुखता और शिक्षा देने में मातृभाषा के अधिकाधिक उपयोग की बात लिखित और मौखिक रूप में बार-बार सरकारी तंत्र द्वारा दुहराई जाती रही है। ये संकल्प जितने आकर्षक हैं उनको लागू करना उतना ही कठिन है। परिणाम है कि पहले की तुलना में परिसरों में दुर्व्यवस्था बढ़ती जा रही है और अध्ययन, अध्यापन तथा शोध की गुणवत्ता में गीयवत दर्ज हो रही है। आज शिक्षा के ज्यादातर परिसर सिर्फ. प्रवेश लेकर परीक्षा करा रहे हैं और डिग्री देने में व्यस्त हैं। साल में दो बार प्रवेश की ताजी योजना शिक्षा संस्थाओं को और व्यस्त करने वाला होगा। शिक्षा का सम्पादन दिनों-दिन कमजोर होता जा रहा है। खास तौर पर स्कूली शिक्षा की स्थिति पूरे देश में खस्ता हाल हो रही है। नीति-हीनता की विपत्ति यह है कि शिक्षक-प्रशिक्षण की व्यवस्था क्या हो? उसका पाठ्यक्रम कैसा हो? और कितने समय में उसे कैसे किया जाये? आदि प्रश्नों को लेकर कोई स्पष्ट और दृढ़ व्यवस्था नहीं हो पाई है और किस्म-किस्म के संशय बरकरार हैं।

शिक्षा के जमीनी हालात चिंताजनक हो रहे हैं और कोई उसका पुरसाहाल लेने वाला नहीं है। कागज-पत्र की कार्रवाई बेशक खास हो रही है। नैक है, एनआईआरएफ है, यूजीसी है और और भी बहुत कुछ है पर शिक्षा जगत में संसाधनों का घोर अकाल पड़ा है। उस स्थिति में 'आनलाइन' एक बड़ा सहारा बन कर अवतरित हुआ है। अब प्रवेश, पढ़ाई, परीक्षा और अनुसंधान सब काम इसकी बदौलत चल पड़ा है। गुरु-शिष्य संबंध और शिक्षा के साक्षात् सजीव अनुभव अब इतिहास की बात होती जा रही है। नीट आदि हर तरह की परीक्षा में पेपर लीक होना, परीक्षा परिणाम में धांधली और मानकों को धता बताना आम बात हो रही है। प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक लगभग सभी संस्थाओं में अध्यापकों की कमी बनी हुई है। जहां नियुक्ति हो रही है वहाँ किस तरह की धांधली होती है यह बंगाल के उदाहरण से बखूबी से समझी जा सकती है जो पकड़ में आकर सार्वजनिक हो चुका है। प्राचार्य और कुलपति आदि उच्च पदों को लेकर भी नाना प्रकार के संशय की गहरी छाया बनी हुई है। आर्थिक अपराध, चारित्रिक विचलन, नियमों की अवहेलना और साहित्यिक चोरी जैसी दुर्घटनाएँ शैक्षिक परिसरों में तेजी बढ़ रही हैं। बहुत से कुलगुरुओं को पद से हटाना पड़ा और बहुत से आरोपित हैं। शिक्षा की पवित्र संस्कृति लुप्त होती जा रही है। यहाँ भी बाजार के तर्ज.पर ही फायदे का सौदा और खरीद फरोख़्त चलता है।

शिक्षा और परीक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दुर्भाग्य से माँग के अनुसार स्तरीय शिक्षा देने में हम लोग पिछड़ते गये और शैक्षिक संस्थाओं की व्यवस्था में निजीकरण छाता गया। सरकारी संस्थाओं की बदहाली के बीच निजी संस्थाओं की बाढ़ आ गई है। वे फल फूल रहे हैं और मनमानी फीस वसूल रहे हैं। कोचिंग, ट्यूशन भी बड़े विशाल पैमाने पर शुरू हुई। अब साल्वर गैंग शिक्षण और परीक्षा को प्रदूषित कर रहा है । परीक्षाओं में बहु विकल्पों वाले सवाल चल रहे हैं जिनके लिए रटने पर जोर है। नेट की परीक्षा जो अध्यापक के चुनाव की है उसमें अभिव्यक्ति, विवेचन और समीक्षा की क्षमता जाँचने की जगह बहु विकल्प के प्रश्न दिए जा रहे हैं। इन सबसे जरूरी क्षमता का ठीक ठीक आकलन नहीं हो पाता। एन टी ए सरकार के निर्देशन में सिर्फ. कामचलाऊ तर्ज पर ठेके पर कार्य कर रही थी। फलतः नाजायज तरीकों से कमाई करने वाले जगह-जगह से उसमें सेंध लगा रहे थे जिसका खामियाजा छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। उनके परिश्रम, समय और आर्थिक नुकसान की चिंता किसी को नहीं है। एनटीए के डीजी को बदल देना और व्यवस्था में चौकसी के लिए कानून पास करना नाकाफी है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# ज्ञान, योग व पवित्रता की देवी थी ब्रह्माकुमारी मम्मा !

**डा. श्रीगोपाल नारसन**

अध्यात्म एवं ज्ञान के क्षेत्र में सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। सरस्वती, प्रजापिता ब्रह्मा की पुत्री भी हैं और जगत अम्बा भी । जिनके द्वारा परमात्मा, हर एक की इच्छाओं को पूर्ण करता है। इसी कारण जगदम्बा की पूजा होती है। सभी की इच्छायें निराकार परमात्मा ही जगदम्बा के माध्यम से पूर्ण करते है। जब जब भी चरित्र में गिरावट व विश्व में अशांति के बीज पनपने लगते हैं और संसार में दिव्यता की कमी, धर्म की ग्लानि होने लगती है।तब इन बुराइयों को समाप्त करने के लिए किसी न किसी महान विभूति का जन्म होता ही है। ऐसी ही एक महान विभूति हुई ,मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें प्यार से सब मम्मा कहकर बुलाते थे।मम्मा का बचपन का नाम राधे था। मम्मा जन्म सन 1919 को पंजाब प्रांत के शहर अमृतसर में हुआ। लौकिक पिता पीकरदास और माता रोचा की वह लाडली थी। एक दिन अचानक राधे के पिता का देहांत हो गया और राधे अपनी मां व छोटी बहन के साथ सिंध हैदराबाद में अपनी नानी व मामा के घर आ गई। राधे की पढ़ाई हैदराबाद में ही हुई। राधे ने मैट्रिक स्तर तक की पढ़ाई की।

उन्हीं दिनों ओम मंडली नामक एक सत्संग मण्डली का सत्संग दादा लेखराज के घर पर होता था। एक दिन राधे भी अपनी मां के साथ सत्संग में चली गई। उन्हें देखते ही दादा लेखराज को लगा कि यह तो उनकी वारिस बेटी है और राधे को भी लगा यह तो उनका बहुत काल से बिछुड़ा हुआ पिता है। दादा लेखराज उसी दिन से राधे को आलौकिक परमात्म ज्ञान की शिक्षा देने लगे।17 वर्ष की अल्पायु में ही मम्मा आध्यात्मिक रूप से परिपक्व हो गयीं एवं ब्रह्माकुमारीज के यज्ञ की जिम्मेदारियों को अपने हांथों में ले लिया। एक बार जब ओम मंडली के विरुद्ध न्यायालय में केस चल रहा था, तब मम्मा ने आकर ऐसी गवाही दी जिससे न्यायाधीश भी मौन हो गये।मम्मा ने स्पष्ट किया कि किस प्रकार निराकार परमात्मा ने दादा लेखराज को माध्यम बनाया हुआ है और उनके द्वारा परमात्मा हम सबको पढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक मनुष्यात्मा यह सत्य ज्ञान कैसे दे सकती है? परमात्मा ही आकर हमें पवित्र रहने की ( मन,वचन.कर्म में ) श्रीमत देते हैं। हर एक मनुष्य को अधिकार है कि वह अपने जीवन की दिशा एवं उद्देश्य स्वयं निर्धारित कर सके।

उनकी अध्यात्म के प्रति लग्न को देखकर कुछ ही समय में राधे को सत्संग की संचालिका बना दिया और कुछ अन्य माताओं व कन्याओं को मिलाकर एक समिति बना दी। दादा लेखराज जो उस समय हीरो के व्यापारी थे,ने ईश्वरीय बोध होने पर अपना अकूत धन व चल-अचल सम्पत्ति इस समिति रूपी ट्रस्ट के नाम कर दी। जिससे 14 वर्षों तक संस्था का खर्च चलता रहा। इस समिति रूपी ट्रस्ट का नाम आगे चलकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हुआ।

मम्मा यानि राधे सर्व गुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से सम्पन्न थीं। मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी, बल्कि अपने जीवन के अनुभव से प्रेरणा दी। इसी से दूसरे के जीवन में परिवर्तन आ जाता था। मम्मा के सामने चाहे कितना भी विरोधी, क्रोधी, विकारी, नशेड़ी आ जाता, परन्तु मम्मा की पवित्रता, सौम्यता व ममतामयी दृष्टि पाते ही वह शांत हो जाता और मम्मा के कदमों में गिर जाता था। मम्मा की सत्यता, दिव्यता व पवित्रता की शक्ति ने लाखों कन्याओं के लौकिक जीवन को अलौकिकता में परिवर्तित कर दिया और उन कन्याओं ने अपना सीमित परिवार त्याग कर विश्व को अपना परिवार स्वीकार करके विश्व की सेवा में त्याग व तपस्या द्वारा जुटकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रति अपना जीवन समर्पित किया। मम्मा ने अपने जीवन के अनुभव से बहुत बड़ी सीख दी कि अपने जीवन को सफल बनाने के लिए व विश्व सेवा के लिए बीस नाखूनों की शक्ति लगा दो, तो सफलता अवश्य आपके हाथ आ जायेगी। मम्मा बहुत कम बोलती थीं और दूसरों को भी कम बोलने का इशारा करती थीं। उनका मानना था कि अधिक बोलने से हमारी शक्ति नष्ट हो जाती है। अपने ज्ञान, योग, पवित्रता के बल से विश्व की सेवा करते हुए मम्मा मां जगदम्बा सरस्वती ने 24 जून 1965 को अंतिम सांस लेते हुए अपने नश्वर शरीर का त्याग कर दिया और आत्म स्वरूप में परमात्मा की गोद ले ली।

**(लेखक आध्यात्मिक चिंतक व वरिष्ठ पत्रकार है)**

## सूडोकु नवताल- 7106

✱ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Aagrasidaum.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# हमारे नदियों का पानी बहकर कही और जा रहा और हम पेयजल को तड़प रहे, ये दुर्भाग्यपूर्ण : आशीष भारद्वाज

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पानी यात्रा के 12 वें दिन युवाओं की टीम शाहपुर क्षेत्र वासियों के बीच पहुंचा। पलामू के युवा शान आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में चल रहे बारहवें दिन की पानी यात्रा में रविवार को संपूर्ण शाहपुर में जनजागरण सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं की टीम ने पेयजल आपूर्ति व पेयजल समस्या की जानकारी ली। इस दौरान शाहपुर क्षेत्र निवासी श्याम चंद्र शाह ने कहा सही मायने में नगरनिगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल आपूर्ति संकट को लेकर कोई आजतक हमलोगों के बीच नहीं पहुंचा है आपलोग भगवान के रूप में आये हमलोग कोयल नदी के तट पर होने की बावजूद भी पानी के जबरदस्त किल्लत से जूझ रहे है, इसका किसी तरह निराकरण होना चाहिए। इस दौरान युवाओं के टीम का नेतृत्व कर रहे आशीष भारद्वाज ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट को दूर करने के लिए वो किसी हद तक जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अभी वक्त है की नगरनिगम क्षेत्र में इस पर कार्य किया जाए नहीं तो आने वाले समय में यह समस्या विकराल रूप धारण कर लेगा। श्री भारद्वाज ने कहा हमारा शाहपुर कोयल नदी के तट पर है इसके बावजूद भी लोग पानी को तरस रहे है ये पलामू में निवास करने वाले हर पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि के लिए शर्म की बात है।जबतक हमारे लोगो के कंठ को तरावट नहीं मिल जाती हम चैन से नहीं बैठेंगे, हर उस ज़िम्मेवार दरवाजे को खट-खटायेंगे जहां से समस्या का समाधान होगा। हम जानते है ये संघर्ष बड़ा है लेकिन अंजाम तक लेकर जाएँगे। आम जनमानस को भी जलसंरक्षण हेतु पौधारोपण और पनसोखा, सोखता जैसे विसयों पर काम करना चाहिए ये हमारी ज़िम्मेवारी है। आज के पानी यात्रा में नवीन तिवारी,पिंकु तिवारी,साहेब जी नामधारी, शशांक सुमन,विनय ओझा, सत्यजीत प्रसाद उर्फ डब्लू, प्रेमचंद ठाकुर,छोटू कुमार, मिन्शू जयसवाल,धर्मेंद्र गुप्ता, शशि जयसवाल,शेरू पासवान, अख़्तर हुसैन, जाबिर खान, इसराइल खलीफा ,मुन्ना दूबे,सोनू पांडेय, मनीष तिवारी,संदीप प्रसाद,दीपक प्रसाद, विकास कश्यप,दिलीप गिरी,रणजीत चौधरी,राहुल जयसवाल,रोबिन श्रीवास्तव, ज्ञानेश तिवारी, अविनाश शुक्ला, प्रभात सिंह, सूरज सिंह, आकाश विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता,गोलू कुमार,गोलू दूबे,नवनीत मेहता के साथ कई लोग उपस्थित रहे।

# सभी योग्य लोगों को मिलेगा आवास योजना का लाभ : कार्यपालक पदाधिकारी

संवाददाता



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के शहरी आवास योजना से वंचित 72 लाभुकों के साथ पूर्व विधायक सह आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने रविवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंच कर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदिया से मुलाकात की। पूर्व विधायक श्री मेहता ने कार्यपालक पदाधिकारी को शहरी आवास से वंचित लाभुको के परेशानी से अवगत कराते हुए उन सभी को आवास योजना का लाभ देने की मांग की। मालूम हो कि शहरी आवास योजना के तहत 842 लाभुकों का चयन किया गया था। जिसमें विभिन्न आरोपों के कारण 212 लाभुकों का चयन निरस्त कर दिया गया था। इसे लेकर पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों व प्रतिनिधियों द्वारा पुनर जांच की मांग की गयी थी। बाद में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा 140 लाभुकों को जांचों उपरांत स्वीकृत कर दिया गया। परंतु शेष 72 लाभुकों को अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। वही बीडीओ सह नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी कुमार अरविंद बेदीया ने आश्वासन दिया कि जांचों परांत वंचित योग्य लाभुकों को शहरी आवास योजना का लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### जपला एके सिंह कालेज में मजदूर को गेट पेंटिंग के दौरान हुई हादसा रेफर



**हुसैनाबाद/ पलामू।** हुसैनाबाद शनिवार को स्थानीय एके सिंह कॉलेज में। मजदूर को गेट की पेंटिंग के दौरान हुआ हादसा।वह मजदूर पाटन थाना के शोले गांव निवासी महेंद्र भुइयां का 30 वर्षीय पुत्र द्वारिका कुमार हुआ गंभीर रूप से घायल। कुसुआ के ग्रामीणों ने घायल को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर हुआ रेफर।

### मनरेगा योजनाओं में अनियमितता की एसडीओ ने की जांच

**गढ़वा।** नगरउंटारी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की योजनाओं से संबंधित मिली शिकायत को प्रशासन ने गंभीरता से लिया। डीसी शेखर जमुआर ने बंशीधर नगर एसडीओ की अध्यक्षता में टीम गठित कर मामले की जांच कराई. जांच दल ने ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की कुल आठ योजनाओं की जांच की. जिसमें से सात योजनाओं (टीसीबी निर्माण योजना) में अनियमितता पाई गई। उक्त अनियमितता के फलस्वरूप डीसी ने सातो योजनाओं में कार्य से अधिक भुगतान की गई 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि की वसूली संबंधित ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, कनीय अभियंता एवं मेट से करने का निर्देश दिया. साथ ही मेट को हटा दिया गया. सभी दोषी कर्मी से स्पष्टीकरण मांगी गई है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात दोषी कर्मी के विरुद्ध संविदा समाप्त, विभागीय कार्रवाई एवं मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त करने के लिए कार्रवाई की जाएगी. वहीं दैनिक रूप से योजनाओं का समीक्षा, पर्यवेक्षण नहीं किए जाने के कारण बीडीओ, नगर उंटारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), नगर उंटारी से मनरेगा की धारा 25 के तहत 1000-1000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

### ठाकुरबाड़ी मंदिर में स्नान यात्रा संपन्न

**रंका।** ठाकुरबाड़ी मंदिर में स्नान यात्रा संपन्न हुआ. इस अवसर पर राजा साहब राजा गोवर्धन प्र सिंह के निर्देशानुसार युवराज गुलाब प्र सिंह के द्वारा राज पंडितों और राजपुरोहितों के मंत्रोच्चार के साथ ठाकुर जी को स्नान कराया गया. हल्दी, चन्दन आदि सुगंधित द्रव्यों से अभिषेक किया गया. तत्पश्चात भगवान को मोहनभोग का भोग लगाया गया. उसके उपरांत महाप्रसाद अटका का भी भोग लगा. इस उत्सव पर रंका राज परिवार के सदस्य और रंका ग्राम के सम्माननीय सदस्य, आसपास के पंडित ग्रामीण उपस्थित थे. अब आज से भगवान जगरन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा जी और बड़े भाई बलराम जी के साथ पंद्रह दिनों के लिए गर्भगृह में चले जाएंगे. उनका कपाट बन्द हो जाएगा. इस दौरान भगवान को सिर्फ फल, फल का रस आदि भोग लगेगा. ऐसी मान्यता है कि महास्नान के दौरान भगवान पंद्रह दिनों के लिए बीमार पड़ जाते हैं. इसीलिए गर्भगृह में चले जाते हैं और पंद्रह दिनों के बाद स्वस्थ होकर साज श्रृंगार कर के रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करते है. जिसे हम भक्त लोग रथयात्रा के नाम से जानते हैं। भगवान के बीमार पड़ने की भी बड़ी रोचक कहानी प्रचलित है. बताया जाता है कि उड़ीसा प्रांत में जगन्नाथ पूरी में भगवान श्री जगन्नाथ के एक भक्त माधव दास जी रहते थे. माधव दास जी अकेले रहते थे आर भगवान का भजन किया करते थे. हर रोज श्री जगन्नाथ प्रभु के दर्शन करते थे और अपनी मस्ती में मस्त रहते थे. वे सांसारिक जीवन से कोई मोह-माया नहीं थी ना वे किसी से कोई लेना-देना रखते थे. प्रभु माधव जी के साथ अनेक लीलाएं किया करते थे और चोरी करना भी सिखाते थे. एक दिन अचानक माधव दास जी की तबीयत खराब हो गई उन्हें उल्टी-दस्त का रोग हो गया. वह बहुत ही कमजोर हो गए. उठने-बैठने में भी उन्हें समस्या होने लगी. माधव जी अपना कार्य स्वयं करते थे. वे किसी से मदद नहीं लेते थे. जो व्यक्ति उनकी मदद के लिए आता था उनसे कहते थे की भगवान जगन्नाथ स्वयं उनकी रक्षा करेंगे।

### फर्जी एलपीसी के मामले में कंप्यूटर ऑपरेटर गया जेल



**नीलांबर पितांबरपुर।** लेस्लीगंज पुलिस ने नीलांबर पीतांबरपुर अंचल कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार सिंह उम्र 32 वर्ष लगभग, पिता - राम निहोरा सिंह, सकीम-झरीनिमिया ,पोस्ट - सिक्की कला , थाना- पाटन, जिला पलामू को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है । ज्ञात हो कि चंद्रशेखर कुणाल अंचल अधिकारी चैनपुर ने तीन कंप्यूटर आपरेटर पर शुक्रवार को फर्जी एलपीसी मामले प्राथमिक की दर्ज कर रहे हेतु आवेदन दिया था। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए लेस्लीगंज थाना ने एक अभियुक्त दीपक कुमार सिंह को लेस्लीगंज थाना कांड संख्या 76/2024 ,दिनांक 21/06 /2024 , धारा 420/ 467/ 468/ 471/ 120 -इ भा0 दं0 वि0 मे गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेजा दिया है।

# अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का बन गया है अड्डा : मुखिया मनदीप



संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर।** अंचल कार्यालय में फर्जी एलपीसी मामला थमने का नाम नहीं ले रही है। जहां एक ओर तत्कालीन अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल के द्वारा लेस्लीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई । जिसमें तीन कंप्यूटर ऑपरेटर को आरोपी बनाया गया।

वहीं दूसरी ओर मुखिया संघ ने आज प्रेस वार्ता कर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंदीप मेहता ने कहा कि जिस प्रकार अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। आए प्रतिदिन एक से बढ़कर एक नया मामला आ रहा है। मुखिया संघ नीलांबर पितांबरपुर के द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार फर्जी एलपीसी बनाकर जमीन खरीद बिक्री की जा रही है। इसका जांच उच्च अधिकारियों से कराया जाय।ताकि दोषी फंसे नहीं और निर्दोष बचे नहीं।साथ ही जिस अंचल अधिकारी के समय ये फर्जी खेल हुआ उसी पदाधिकारी को जांच का जिम्मा दिया गया है।जिस प्रकार अनुबंध कर्मियों को आरोपी बनाया जा रहा है दूसरी ओर बड़े अधिकारियों को बचाने का कार्य किया जा रहा है।प्रेस वार्ता में पूणाडीह मुखिया गुड्डी देवी, चौरा मुखिया गुड्डू पासवान, बीरेंद्र कुमार,शैलेश सिंह,अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी

# 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज 89 हजार का जुर्माना भी लगा

संवाददाता



**हुसैनाबाद/पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। 9 लोगों को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। बिना बिजली कनेक्शन बिजली का उपयोग करने वाले 9 लोगों के खिलाफ हैदरनगर थाना में बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

सभी 9 लोगों पर 89 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उनमें विनय शर्मा, बैजनाथ शर्मा, रामजय शर्मा, राजू साव ,हरिपुजन सिंह, दौलत सिंह, उमेश यादव, सुरेंद्र पासवान व अजीत कुमार शामिल हैं। सभी हैदरनगर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। इस अभियान में कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह के अलावा सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, मनोज कुमार व रंजीत कुमार शामिल थे। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापेमारी का कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुक्तान करने की हिदायत दी है। उन्होंने वैध कनेक्शन के बगैर बिजली का उपयोग करने वाले लोगों को चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी भी कार्य दिवस में विद्युत कार्यालय जपला में कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन की भी सुविधा है। प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

## सड़क दुर्घटना में मां की मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दारूडीह गांव निवासी सुदर्शन सिंह की पत्नी अस्तु देवी उम्र 45 वर्ष की रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक का पुत्र शशिकांत सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह दोनों मां बेटे बाइक पर सवार होकर पांकी किसी काम से गए थे।पांकी से घर लौटने के क्रम में शाहद गांव के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर दोनों मां बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया जहां इलाज के क्रम में अस्तु देवी की मौत हो गई। वहीं शशिकांत सिंह का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे।जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वही घटना की जानकारी मिलने पर शहर थाना की पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# फर्जी डॉक्टर बन सदर अस्पताल में महिला मरीज के साथ कर रहा था छेड़छाड़

संवाददाता



कोडरमा। सदर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही शुक्रवार रात सामने आयी है। एक युवक फर्जी डॉक्टर बनकर महिला वार्ड में मरीज के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शक होने पर मरीजों ने उस युवक को पकड़ कर कोडरमा पुलिस के हवाले कर दिया। इस तरह की घटना के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया।वहीं इस तरह के मामले आने के बाद कोडरमा डीएसपी, एसडीओ रिया सिंह भी उक्त मामले की जाँच की ओर युवक के खिलाफ कार्यवाई करने की बात कही।

वहीं कोडरमा पुलिस मरीजों के द्वारा पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है।जानकारी के अनुसार कोडरमा सदर अस्पताल में रात एक फर्जी डॉक्टर बनकर महिला वार्ड में महिला मरीज के साथ छेड़छाड़ करते पकड़ा गया। पकड़े गए युवक का नाम मो आसिफ (24) कोडरमा है। वार्ड में भर्ती मरीजों के द्वारा बताया गया कि वार्ड में कई दिनों से घूम कर मरीजों के साथ डॉक्टर बनकर छेड़छाड़ कर रहा था, जहां रात भी छेड़छाड़ करने के दौरान मरीज के द्वारा पकड़ा गया।पकड़े गए युवक के पैकेट से आला भी बरामद किया गया। बाद में सूचना मिलने पर थाना प्रभारी सुजीत कुमार दल बल के साथ पहुंचकर युवक को कोडरमा थाना लाया गया। वहीं पकड़े गए युवक से कोडरमा पुलिस पूछताछ कर रही है।

वहीं डीएस डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि एक युवक के द्वारा आला रख कर सिजीरियन के लिए आई महिला मरीज के साथ छेड़छाड़ करने की सूचना कुछ दिनों पूर्व मिली थी जिसके बाद प्रबंधन पूरी तरह चौकसी बरत रही थी ओर मरीज को हिदायत दी गई थी कि इस तरह का कोई आए तो इसकी सूचना दें। रात युवक पैकेट में आला रख कर महिला मरीज के साथ छेड़छाड़ कर रहा था, जिसे पकड़ा गया है। वहीं अस्पताल प्रबंधन के द्वारा कोडरमा थाना को आवेदन देकर पकड़े गए युवक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। इस बाबत युवक को जेल भेज दिया गया।

## अज्ञात अपराधियों ने युवक को पीट कर किया घायल, स्थिति गंभीर

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सतबरवा थाना क्षेत्र के लहलहे पंचायत नौआधोड़ गांव निवाशी कवलधारी यादव के पुत्र अवधेश यादव उम्र 35 वर्ष को अज्ञात अपराधियों ने बीती रात मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल अवधेश यादव ने बताया कि बीती रात करीब 9:00 बजे वह बाइक पर सवार होकर पोखराहा कुछ सामान लेने जा रहा था। इस बीच रास्ते में पोखराहा गांव के पास चार पांच की संख्या में अपराधी उसे घेर कर उसके साथ मारपीट करने लगे। जिसमें अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां इलाज के बाद भी अवधेश की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इसके बाद रविवार की सुबह परिजनों के द्वारा इस घटना की जानकारी सतबरवा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सतबरवा थाना की पुलिस घटना में शामिल तीन अपराधियों को पड़कर उन्हें पूछताछ के लिए थाना ले गई है। वहीं घायल व्यक्ति ने बताया कि इस घटना में उसका भतीजा का हाथ है।

# बीडीओ ने किया घासीदाग पंचायत में संचालित योजनाओं का निरीक्षण

संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद प्रखंड टीम के साथ घासीदास पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। जहां चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। मुखिया, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक से योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उसकी उपयोगिता को भी जाना। पंचायत क्षेत्र में चल रहे प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास का भी स्थलीय निरीक्षण करते भौतिक सत्यापन किया।

लाभुक को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं वैसे लाभुक जिनके द्वारा राशि प्राप्त होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है उन्हें एक सप्ताह के अंदर फाउंडेशन आदि का कार्य पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। साथ हीं कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, प्रखंड कोऑर्डिनेटर सहित पंचायत स्वयंसेवक को मिलकर निर्माण का शीघ्र पूरा कराने को कहा।

वही पंचायत क्षेत्र की भ्रमण के बाद बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद पंचायत सचिवालय में सभी के साथ समीक्षा बैठक की। जहां पंचायत क्षेत्र में संचालित योजनाओं का अभिलेख का अवलोकन किया। वहीं पंचायत में मनरेगा 7 रजिस्टर का संधारण नहीं किए जाने के कारण पंचायत के रोजगार सेवक अफताब आलम को कड़ी फटकार लगाई। साथ हीं कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र में किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पंचायत में संचालित योजनाओं को समय पर पूरा करने को लेकर मुखिया सहित सभी पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सेवक व रोजगार सेवक समन्वय बनाकर कार्य करें। किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित लोगों के ऊपर कारवाई की जाएगी। सभी तरह की योजनाएं स-समय व प्राक्कलन के अनुरूप हो इसके लिए सभी ग्रुप बनाकर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए योजनाओं को मूर्त रूप दें। वहीं सभी योजनाओं का अभिलेख व कैश बुक का भी अवलोकन किया। जहां आधा अधूरा पाए जाने की स्थिति में पंचायत सचिव को फटकार लगाई गई। साथ हीं अगले दो दिनों के अंदर अभिलेख व कैश बुक को दुरुस्त कर रिपोर्ट करने की बात कहा। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत का निरीक्षण नियमित किए जाते रहेंगे। निरीक्षण में प्रखंड के सभी कर्मी पंचायत प्रतिनिधि व पंचायत कर्मी शामिल होंगे। ताकि पंचायत क्षेत्र से आने वाली समस्याओं को तत्काल दूर किया जा सके। पंचायत क्षेत्र से आने वाली शिकायतों के लिए संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव सहित संबंधित विभाग के प्रखंड कर्मी जिम्मेवार होंगे। सरकार के दिशा निर्देश के अनुरूप सभी को कार्य करना होगा। मौके पर मुखिया अंजू देवी, अंकित श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार, अजीत सिंह,अनिकेत कुमार,सतीश कुमार ,अफताब आलम सहित पंचायत प्रतिनिधि व कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### भाजपा कदमा मंडल ने बलिदान दिवस के रुप में मनाई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



**जमशेदपुर ।** भाजपा कदमा मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में मंडल के सभी बूथों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपाइयों ने उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। मौके पर भाजपा झारखंड प्रदेश मंत्री नन्द जी प्रसाद, मंडल महामंत्री अजय झा, भोला शर्मा, बर्मा प्रसाद, कार्तिक गोप, डीएन सिंह, केएन ओझा, राजेश सोनकर, विक्की यादव, मनोज कुमार सिंह, संजय शर्मा, बिनोद रजक, ओम प्रकाश, पवन दूबे, सुनीता शर्मा, खुशी ओझा, साहिल यादव, मोहन दुबे, गुड्डी देवी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



**जमशेदपुर ।** झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन जमशेदपुर प्रतिनिधि एवं होमगार्ड जवानों ने पोटका विधायक सजीव सरदार से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें समान काम के समान वेतन के साथ साथ नियमित ड्यूटी देने की मांग की कही गई है। जिसपर विधायक ने आश्वासन भी दिया। मौके पर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, राम नारायण दुबे, रमेश प्रसाद, भगवान शाह, चतुर्भुज सिंह, आकाश गुप्ता, विषम कुमार, दूल्हा महाली, सनी, अरुण, जय, विजय मंडल, आनंद साहू, पंचानन सोरेन, रोहित मन्ना समेत अन्य भी मौजूद थे।

### हाइवा एसोशिएशन ने कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा ।** हाइवा एसोशिएशन के पदाधिकारियों के द्वारा कोडरमा सांसद सह कैबिनेट मंत्री अन्नपूर्णा देवी को केटीपीएस बाँझेडीह ओवरलोड छाई ढुलाई बंद करने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांझेडीह से छाई ढुलाई में सभी गाड़ियों से ओवरलोड माल ढुलाई की जा रही है। इससे आसपास के क्षेत्र में काफी प्रदूषण हो गया है, इस पर रोक लगाया जाय। प्राथमिकता के आधार पर विस्थापितों एवं प्रभावितों के हाइवा को काम में लगाया जाये। पूर्व में जो भी कंपनी अपना काम पूर्ण कर लिया गया है। वह जनवरी 2024 से अबतक भुगतान नहीं किया गया है, उसे किया जाये। नया काम को बगैर भुगतान किये शुरू नहीं किया जाये। वहीं मंत्री ने भी इस बाबत निराकरण करने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश यादव, अरुण यादव, रंजीत यादव, पिंटू यादव आदि के नाम शामिल है।

### सरयू राय ने किया बाल धर्नुधर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का उद्‌घाटन



**जमशेदपुर ।** विधायक सरयू राय ने सिदगोड़ा क्रीड़ा उद्यान में स्थित बाल धर्नुधर तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उक्त तीरंदाजी केंद्र उनके विधायक निधि से बना है। वहीं उद्घाटन के बाद उन्होंने तीर-धनुष पर अपना हाथ भी आजमाया। साथ ही उन्होंने उपस्थित बड़े-छोटे तीरंदाजों का हौसला भी बढ़ाया। इस दौरान चीफ कोच अनुपम सिंह ने बताया कि यह केंद्र को 9 से 14 साल तक के बच्चों को तीरंदाजी की बेसिक शिक्षा देने के उद्देश्य से चालू किया गया है। यहां बच्चों को नियमित तौर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उनका ट्रायल भी यहीं होगा। उन्होंने बताया कि अभी विधायक निधि से चार तीरंदाजी किट खरीदे गये हैं। आगे जरूरत हुई तो और भी किट भी खरीदे जा सकते हैं। उन्होंने फीस के बारे में बताया कि अभी यह तय नहीं हुआ है। मगर जो भी बच्चे यहां आकर सीखना चाहते हैं, उन्हें अपना पंजीकरण करवा लेना चाहिए। मौके पर तीरंदाज सुखराज कौर, डी काव्या, प्रज्ञा कुमारी, तेजस कुमार, राहुल करमकार, समीर लोहार, अलंकृता सिंह, राजवीर सिंह, अर्जुन सिंह, आयुष कुमार, आयुष सोनवर, अमन कुमार, कोच प्रयागराज सिंह, सुशांतो पात्रो, प्रेमचंद मार्डी, जीतन महतो और तिलक महतो के साथ साथ पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह भी उपस्थित रहे।

## झुमरी तिलैया में अन्नपूर्णा देवी का भव्य स्वागत किया गया

# केंद्र सरकार की उम्मीद पर खरा उतरुंगी: अन्नपूर्णा

संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** कोडरमा की लोकप्रिय सांसद अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला एवं झुमरी तिलैया नगर मंडल द्वारा स्थानीय झंडा चैक पर नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन महामंत्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। नागरिक अभिनंदन समारोह में पार्टी के पदाधिकारी , कार्यकर्ता, नेता , व्यवसायियों एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि ने अन्नपूर्णा देवी को पुष्प गुच्छ , प्रतीक चिन्ह,



माला पहनाकर भव्य स्वागत किया । जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि हमारी लोकप्रिय सांसद अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा लोकसभा कि जनता ने झारखंड एवं बिहार में सबसे अधिक मतों से विजयी बनाया है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय महिला विकास मंत्री बनाकर कोडरमा लोकसभा का नाम इतिहास के पन्नों में लिख दिया है इसके लिए मोदी को कोटि-कोटि आभार एवं कोडरमा की जनता जनार्दन का बहुत बहुत धन्यवाद। अनूप जोशी ने मंत्री से कहा कि कोडरमा के गझंडी रोड पर 5000 एकड़ जमीन और मरकच्चो के बरियारडीह के खेशमी जंगल में 12000 एकड़ जमीन सरकारी भूमि है। उस जमीन पर भारी उद्योग लगाकर इंडस्ट्रियल एरिया घोषित किया जाए तो कोडरमा का सर्वांगिक विकास होगा और इतिहास के पन्नों में आपको सदैव सदैव याद रखा जाएगा यहां की बेरोजगारी मिटेगी और कोडरमा जिला के लोगों के चेहरे पर चमक लौट आएगी। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा लोकसभा की जनता ने जो हमें प्यार दिया है। उसके लिए सदा आपकी ऋणी रहूंगी। आपका आशीर्वाद की ही देन है कि मोदी सरकार में इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है केंद्र सरकार की उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी और झारखंड की चुनौती, बेरोजगारी, कुपोषण, महिलाओं का उत्थान एवम कोडरमा क्षेत्र में बेरोजगारी दूर करने के लिए जो जमीन का जिक्र अभी जिला अध्यक्ष ने कहा है उस पर केंद्र सरकार से बात कर इंडस्ट्रियल हब बनाने एवं बड़ी इंडस्ट्रीज लगवाने का प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाए उन्होंने अपने स्तर पर पचास हजार पौधा लगाने का संकल्प लिया एवं देवतुल्य जनता का आभार प्रकट किया। डॉ नीरा यादव ने कहा कि मोदी सरकार में अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास मंत्री बनने के लिए नरेंद्र मोदी को कोटि-कोटि आभार और कोडरमा की जनता का आभार प्रकट किया। सम्मानित करने वाले प्रदेश कार्य समिति सदस्य नितेश चंद्रवंशी, रवि मोदी, रमेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ,डॉ नरेश पंडित, सुरेश झांझरी,भदानी मोदी, नवीन पाण्डया, पप्पु सिंह,नि.वार्ड पार्षद नीलू सिंह, पिंकी जैन, अविनाश सिंह, नीरज कर्ण,सुनील बड़गवे, राजकुमार अजमेरा जिला उपाध्यक्ष देवनारायण , जिला राजकुमार यादव, शशि भूषण प्रसाद , सुधीर सिंह,जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी,संजय शर्मा, नवीन चैधरी, जयप्रकाश यादव, राजू यादव, ललन सिन्हा , आदि सैकड़ो कार्यकर्ता एवं व्यवसायियो ने सम्मानित किया।

## रंजीत सरदार हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी गणेश सिंह के घर में पुलिस ने चस्पाया इस्तेहार

### न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर होगी घर की कुर्की जब्ती



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** विगत दिनों टेल्को थाना अंतर्गत सबुज कल्याण संघ के पास हुए रंजीत सरदार हत्याकांड मामले में फरार चल रहे आरोपी मानगो डिमना रोड निरंजन सिंह कांप्लेक्स निवासी गणेश सिंह के घर समेत आस-पास में रविवार को न्यायालय के आदेश का तामिला करते हुए पुलिस ने इश्तेहार चस्पा किया। इस दौरान पुलिस ढोल-नगाड़ों के साथ मौके पर पहुंचकर इस्तेहार चस्पा किया। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से क्यूआरटी को भी तैनात किया गया था। जबकि पूर्व में जमशेदपुर न्यायालय से गणेश सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी हुआ था। मगर फरार होने के कारण उसकी गिरफ्तारी न हो सकी। जिसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक कुमार की अदालत ने उसके विरुद्ध इस्तेहार जारी किया था। बताया जा रहा है कि इश्तेहार चस्पा करने के एक माह के अंदर अगर गणेश सिंह न्यायालय में प्रस्तुत न हुआ तो पुलिस कुर्की जब्ती की कार्रवाई भी करेगी। वहीं बीते गुरुवार की देर रात्रि पुलिस ने गणेश सिंह के घर छापेमारी भी की थी। मगर वह मौजूद नहीं था। बताते चलें कि बीते साल दुर्गा पूजा के समय गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी रंजीत सरदार की टेल्को थाना अंतर्गत सबुज कल्याण संघ के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह बेटी के साथ घुमने गया था। तभी यह घटना घटी। वहीं मामले में गणेश सिंह को नामजद आरोपी भी बनाया गया था। जिसमें वह फरार चल रहा है।

### याद किए गए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**रामगढ़।** भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसदौरान बताया गया की भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता के अत्यन्त प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अल्पायु में ही विद्याध्ययन के क्षेत्र में सफलता हासिल की। 33 वर्ष की अल्पायु में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। इस पद पर नियुक्ति पाने वाले वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। एक विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् के रूप में उनकी उपलब्धि तथा ख्याति निरन्तर आगे बढ़ती गयी। प्रखर शिक्षा विद 23 जून 1953 को अपनी जान के आहुति दे दी।श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे,कश्मीर को बचाने के लिए जिसका एक नारा है ।

### सरयू राय की अध्यक्षता में श्री लक्ष्मी-नारायण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की बैठक हुई संपन्न



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** आगामी 3 से 7 जुलाई तक गोलमुरी केबुल टाउन स्थित निमार्णाधीन श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर रविवार एक महत्वपूर्ण बैठक मंदिर समिति के संरक्षक सह विधायक सरयू राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें स्थानीय समेत आस-पास के प्रमुख लोग भी शामिल हुए। बैठक में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को निर्विघ्नतापूर्वक व दिव्य रूप से आयोजित करने की रुपरेखा भी तैयार की गई। वहीं 3 जुलाई को जलयात्रा, पंचांग पूजन, ब्राम्हण वरण, मण्डप प्रवेश, वेदी निर्माण और जलाधिवास होगा। जबकि 4 जुलाई को देवताओं का आह्वान, पूजन, पाठ जप, धन्नाधिवास, धृताधिवास, गन्धाधिवास एवं संध्या बेला में भजन संध्या का आयोजन होगा। इसी तरह 5 जुलाई को मंडपस्थ आवाहित देवताओं का पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन, पाठ जप, हवन, पुष्पाधिवास, पलाधिवास, वस्त्राधिवास, औषध्याधिवास और मिष्ठानाधिवास होगा। साथ ही 6 जुलाई को आवाहित देवताओं का पूजन , पाठ, हवन, देवस्नपन, नगर भ्रमण और शय्याधिवास का कार्यक्रम होगा। वहीं 7 जुलाई को आवाहित देवताओं के पूजन के उपरांत जप, मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति एवं भोग वितरण होगा। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों-श्रद्धालुओं ने पांच दिवसीय महायज्ञ में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने की सहमति भी दी।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने इंदरवाटांड़ गांव के बच्चे को चलचित्र दिखाया




संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चे को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आमिर खान द्वारा निर्मित चलचित्र ष्तारे जमीं परष दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी के गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की गई। बच्चों के मानसिक एवं व्यावहारिक स्थिति को मजबूत एवं स्वस्थ बनाने के उदेश्य से चलचित्र दिखाया गया। उक्त चलचित्र देख कर बच्चे बहुत खुश एवं ऊजार्वानवित हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि चलचित्र देखने से हमारी मानसिक विकृतियां विमुक्त होती है और हमें तरोताजा अनुभूति होती है हमें समय समय पर चलचित्र देखना चाहिए ताकि हमारी मानसिक स्थिति स्वस्थ रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल सह कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि चलचित्र देखने से हमारी स्मरण शक्ति बढ़ती है एवं हमारे अंतर्निहित कार्यक्षमता का सतत विकास होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ के बच्चे मधु कुमारी, गंगा कुमारी, राखी कुमारी, मुस्कान कुमारी, प्रीती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नैना कुमारी, ज्योति कुमारी, ममता कुमारी, खुशबू कुमारी,सुमित कुमार, रितेश कुमार, नितेश कुमार, सागर कुमार एवं हीरा कुमार सहित लगभग 70 बच्चे एवं महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2022-24 की प्रशिक्षु ज्योति कुमारी, शम्मा प्रवीण, खुशबू रानी, वैभवी श्री, स्वाति कुमारी एवं अन्य सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक एवं सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे। चलचित्र देखने के दौरान महाविद्यालय द्वारा बच्चे को खाद्य सामग्री के रूप में चिप्स, फल, कोल्ड ड्रिंक्स, पॉपकॉर्न आदी महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक सह कार्यक्रम समन्वयक खुशबू कुमारी सिन्हा के देखरेख में सम्पन्न की गई।

## सद्भावना मंच ने किया मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन



संवाददाता

**भुरकुण्डा ।** सद्भावना मंच रिवर साईड भुरकुंडा के तत्वावधान में शनिवार को देर रात्रि इस्लामिया उच्च विद्यालय प्रांगण में मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गया (बिहार) के कवि सैयद गुफरान अशरफी व मंच संचालन नेहाल सरयावी ने की। कार्यक्रम में कवियों ने एक से बढ़कर एक स्व लिखित रचना का काव्यपाठ किया। बिहार और झारखंड से आयें कवियों ने अपने अंदाज में गंगा जुमना तहजीब पर कई कविताओं का पाठ किया। राष्ट्रीय स्तर के स्थानिय कवि सरोज कांत झा झारखंडी ने अपने शायरी और गजल से खुब वाहवाही लूटी । वही राँची, हजारीबाग,पलामु, लातेहार, गया से आये कवि चंद्रिका ठाकुर देशदीप, सरोज झा झारखंडी, मीना बंधन, अंकिता सिन्हा, शालिनी नायक,मनीष नन्दन, चन्दन प्रजापति, कुदरतुललाह कुदरत, सैयद नेहाल अशरफी, खालिक हुसैन प्रदेसी, अख्तर इमाम अंजुम, हसन इमाम, महफुज आलम महफुज, मकबुल मंजर, ऐजाज अनवर, नेहाल सरयावी, हारुन खुमार शेरघाटवी, मीत जरमसतपुरी कवियों ने अपने अंदाज में लोगों को खुब आनंदित किया। उपस्थित लोग-संतोष यादव, संजय कुमार सिंह,जानकी ठाकुर, राजेश कुमार वर्मा, अभय कुमार यादव, राहुल कुमार, नसीम अख्तर डॉ शकील अहमद, डॉ एस जे अख्तर, सतेंद्र पांडे,अजीत कुमार उपाध्याय, प्रभाकर कुमार दांगी, शंभू सिंह,घिरज कुमार, शमीम अहमद,मो रफीक अंसारी, इरफान अली, मो शफी अहमद, हबीब उल्लाह, अख्तर इमाम, अब्दुल सर, शर्मा सर,मो युसूफ, सरफराज आलम, सलाउद्दीन मंसुरी, खुर्शीद आलम सहित दजर्नो श्रोता उपस्थित थे।

## भारतीय ओलंपिक के सपने को सच करने की दिशा में प्रयासरत

संवाददाता

**जमशेदपुर ।** यह 1920 का समय था और दुनिया प्रथम विश्व युद्ध के विनाशकारी प्रभावों से उबर रही थी। युद्ध के कारण कई वर्षों तक स्थगित रहे ओलंपिक खेलों को आखिरकार फिर से शुरू किया गया। इस नई शुरूआत के लिए बेल्जियम के एंटवर्प को चुना गया। भारत ब्रिटिश शासन के तहत एक गुलाम राष्ट्र था। हालांकि जब क्रांति के बीज परिपक्व हो रहे थे और विभिन्न तरीकों से खुद को प्रकट कर रहे थे तो खेलों के मामले में अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद को साबित करने की आवश्यकता कोई अजूबा नहीं था। सर दोराबजी टाटा एक प्रमुख उद्योगपति और परोपकारी व्यक्ति



ने भारतीय ओलंपिक के सपने की कल्पना की। वह एक दूरदर्शी व्यक्ति थे। जिनका दृढ़ विश्वास था कि खेलों में भारत की भागीदारी देश की प्रतिभा को प्रदर्शित करेगी और एकता तथा राष्ट्रीय गौरव की भावना को बढ़ावा देगी। इसे वास्तविकता बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित सर दोराबजी टाटा ने भारत की पहली ओलंपिक टीम के लिए योजना बनाना शुरू कर दिया। हालांकि उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। जिसमें फंडिंग हासिल करने से लेकर भाग लेने के लिए अनुकूल प्रतियोगियों को ढूंढना शामिल था। इन बाधाओं के बावजूद सर दोराबजी टाटा के दृढ़ संकल्प ने सात सदस्यों की टीम बनाई। जिनमें से कई ने अपने-अपने खेलों में अपना नाम बनाया था। ओलंपिक खेलों में पहुंचना कोई आसान काम नहीं था। क्योंकि टीम को लॉजिस्टिक संबंधी बाधाओं, वित्तीय बाधाओं और उन लोगों के संदेह को दूर करना था, जो वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने की भारत की क्षमता पर संदेह करते थे। सर दोराब जी टाटा अपने विश्वास में अडिग रहे और टीम को असंभव को संभव बनाने के लिए प्रेरित किया। जैसे ही भारतीय टीम एंटवर्प पहुंची, दुनिया उनके प्रदर्शन का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। चुनौतियों का सामना करने के बावजूद एथलीट एथलेटिक्स से लेकर कुश्ती तक विभिन्न स्पधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए। उनकी उपस्थिति ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। एक सीखने का अनुभव जिसने महानता के लिए उनकी आकांक्षाओं को बढ़ावा दिया। सर दोराबजी टाटा के दूरदर्शी नेतृत्व ने ओलंपिक में भारत के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया। जिससे ओलंपिक खेलों में भविष्य की प्रगति के लिए मंच तैयार हुआ। सर दोराब टाटा का भारतीय खेल इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने 1924 में पेरिस में आयोजित ओलंपियाड में भारत की भागीदारी सुनिश्चित की। साथ ही उन्हें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का सदस्य भी नियुक्त किया गया। जिसके बाद 1927 में वे भारतीय ओलंपिक संघ के पहले अध्यक्ष बने।

## भरत सिंह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किया अर्पित



संवाददाता

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह समाजसेवी भरत सिंह ने रविवार को साकची स्थित कार्यालय में उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया और आगे चलकर उन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की। जिसे आज हम भारतीय जनता पार्टी के नाम से जानते हैं। वास्तव में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ही भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक हैं। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन देश और इसकी जनता को समर्पित किया। वे सदैव देश के लिए कार्य करते रहें। ये उनका ही नारा था कि एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेगा। जिसे हमारे मौजूदा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 एवं 35 (ए) हटाकर पूर्ण किया। मौके पर शक्ति सिंह, राजेश सिंह, गोपी सिंह, सूरज यादव, जय मंगल झा, शशिकांत सिंह, अमनदीप सिंह समेत अन्य भी मौजूद थे।

## टी-20 विश्वकप: अफगानिस्तान टीम ने रचा इतिहास

# ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हराया

### अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट गंवा कर 148 रन बनाए

### रहमनुल्लाह गुरबाज ने 60 रन और इब्राहिम ने 51 रनों की पारी खेली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए टीम अफगानिस्तान ने रविवार को किंग्सटाउन के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा कर इतिहास रच दिया।

टी20 विश्वकप के 48वें मैच में सुपर-8 का अहम मुकाबला रविवार को ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में छह विकेट गंवा कर 148 रन बनाए।




### ऑस्ट्रेलियाई टीम 127 रन पर सिमट गई

रहमनुल्लाह गुरबाज ने 60 रन और इब्राहिम जादरान ने 51 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर सिमट गई। राशिद खान की अगुआई वाली अफगानिस्तान की टीम ने पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है। पिछले साल हुए वनडे विश्वकप में अफगानिस्तान जीत की दहलीज तक पहुंचा था लेकिन मैक्सवेल की यादगार पारी ने उससे जीत छीन ली थी। इसबार अफगानिस्तान ने ऐसी कोई गलती नहीं की और ऑस्ट्रेलिया को किंग्सटाउन के मैदान पर 21 रनों से हरा दिया।

# पैट कमिंस ने लगातार दूसरे मैच में ली हैट्रिक, रचा इतिहास

एजेंसी

**किंग्सटन।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर आठ के मुकाबले में इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपने लगातार दूसरे टी20 मुकाबले में हैट्रिक विकेट लिए हैं। कमिंस ने राशिद खान, करीम जन्नत और गुलबदीन नैब को आउट कर-के टी20 विश्व कप में अपनी दूसरी हैट्रिक बनाई। इस उपलब्धि के साथ कमिंस टी-20 विश्व कप क्रिकेट इतिहास में दो हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को आउट किया।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने अच्छी लेंथ पर थोड़ी शॉर्ट गेंद फेंकी, जिसकी गति धीमी थी और राशिद ने गेंद को सीधे लॉन्ग-ऑन फील्डर के हाथों में मार दिया। वनडे और टेस्ट कप्तान कमिंस को अफगानिस्तान की पारी का आखिरी ओवर फेंकने




के लिए मिशेल मार्श ने वापस बुलाया और कमिंस ने लगातार दो गेंदों पर करीम जन्नत और गुलबदीन नैब का आउट कर अपनी लगातार दूसरे मैच में हैट्रिक पूरी की। गुलबदीन को आउट करने के साथ ही कमिंस ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 विश्व कप में दो बार हैट्रिक लेने वाले और लगातार दो टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हैट्रिक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

## एक नजर

### कुंवर बहादुर सिंह बने प्रयागराज के मंडल कोऑर्डिनेटर

**प्रयागराज।** विकास खंड मांडा के गांव कोसड़ा खुर्द निवासी कुंवर बहादुर सिंह को उत्तर प्रदेश ग्रामीण वॉलीबाल एसोसिएशन द्वारा प्रयागराज मंडल का मंडल कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया गया है। इस आशय की जानकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण वॉलीबाल एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव उमाकांत तिवारी ने देते हुए बताया कि कुंवर बहादुर सिंह वॉलीबाल के पूर्व खिलाड़ी तथा मान्यता प्राप्त रेफरी हैं। जिन्हें विगत 19 जून 2024 से आगामी कार्यकाल तक के लिए कार्यकारिणी समिति द्वारा मंडल कोऑर्डिनेटर मनोनीत किया गया है। जिससे प्रयागराज जनपद के साथ-साथ मांडा क्षेत्र के ग्रामीण खिलाड़ी काफी उत्साहित और खुश है। उनका कहना है कि अब मांडा क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी वॉलीबाल खेल में आगे बढ़ने का मौका प्राप्त होगा। इस अवसर पर प्रेमशंकर द्विवेदी ग्राम प्रधान, राकेश भास्कर, गुलाब भास्कर, जनक सिंह, विकास कुमार उर्फ विक्की तिवारी, मजीद खां, कमला शंकर सिंह, योगेंद्र कुमार पटेल, कुशलकांत मिश्रा, मो.सैम, कमलेश तिवारी, असफाक अहमद, आकाश भारतीया, कमल कुमार, चंचल प्रजापति, पन्नालाल, राकेश कुमार व हिमांशु विश्वकर्मा आदि ने सोशल मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं भेजकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय हाकी टीम का मुख्य चयनकर्ता होंगे डॉ. आर.पी. सिंह

**लखनऊ।** टोक्यो ओलंपिक की ऐतिहासिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस बार पेरिस ओलंपिक में पदक के लिए मजबूत दावेदारी करेगी। इस दिशा में सोमवार से बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होने वाले दो दिवसीय ट्रायल के माध्यम से आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का चयन किया जाएगा। इस टीम का चयन हॉकी इंडिया के मुख्य चयनकर्ता डॉ. आरपी सिंह की मौजूदगी में होगा। पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी व यूपी हॉकी के सचिव डॉ.आरपी सिंह उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक भी हैं। इस बारे में डॉ.आरपी सिंह ने कहा कि भारतीय हॉकी में वर्तमान में बहुत सारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और हम पेरिस ओलंपिक में पोडियम पर पहुंचने के हकदार हैं। मेरा प्रयास होगा कि निष्पक्ष ट्रायल के माध्यम से समुचित टीम का चयन किया जाये। पेरिस ओलंपिक खेलों में मुख्य चयनकर्ता डॉ. आरपी सिंह हॉकी इंडिया का भी प्रतिनिधित्व करेंगे जिनके कार्यकाल में भारतीय हॉकी टीम का प्रदर्शन निरंतर सुधार के पथ पर अग्रसर है। पिछले एक साल में पुरुष और महिला दोनों भारतीय टीमों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

### ओलम्पिक दिवस: तलवारबाजी प्रतियोगिता बुधवार को

**रांची ।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस समारोह 2024 का आयोजन प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मनाया जा रहा है इसी के तहत झारखंड फेंसिंग संघ ने आगामी बुधवार 26 जून को एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन करेगी यह जानकारी झारखंड फेंसिंग संघ के सेक्रेटरी जय कुमार सिंह ने दी उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता बिरसा स्टेडियम मोराबादी के फेंसिंग हाल में आयोजित किए जाएंगे प्रतियोगिता ओपन वर्ग की होगी। पेरिस ओलम्पिक में भाग लेने जा रहे भारतीय दल का उत्साहवर्धन ओलम्पिक दिवस समारोह का उद्देश्य होगा. फ्यूल योर जर्नी टू ओलम्पिक सक्सेस के थीम के साथ ये समारोह आयोजित होंगे। इस वर्ष का ओलंपिक दिवस समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि पेरिस ओलंपिक के कगार पर हैं। हमारी टीम इस भव्य खेल आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रही है, और निश्चित रूप से हमें उन्हें पदक जीतने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

# भारत ने सेमीफाइनल की उम्मीद को दी मजबूती

## भारतीय टीम जीत के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ 50 रनों से जीत के साथ शनिवार को भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को और मजबूती दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 146 रन बना सकी। सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले खेलते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। भारत का इस विश्व कप में यह सर्वोच्च स्कोर है। हालांकि कप्तान रोहित शर्मा सस्ते में आउट हो गए। शाकिब अल हसन ने रोहित का विकेट लिया। खराब फॉर्म से जूझ रहे विराट कोहली का बल्ला इस मैच में बोला। विराट ने 24 गेंदों पर 36 रनों की पारी खेली। हार्दिक ने उपयोगी पारी खेली लेकिन अर्धशतक से चूक गए।

**भारत की तरफ से कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए**

**अर्शदीप व बुमराह को दो-दो विकेट लिए**

**हार्दिक पांड्या के खाते में भी एक विकेट गया**

**शिवम दुबे ने पांड्या का अच्छा साथ निभाया**



### भारत का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आज

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम को ओपनर लिट्टन दास और तंजीद हसन ने अच्छी शुरूआत दिलाई थी। लेकिन ज्यादातर बल्लेबाजों ने निराश किया। कप्तान नाजमुल हसन शांतो ने 32 गेंदों में एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाए। भारत की तरफ से कुलदीप यादव ने तीन विकेट, अर्शदीप व बुमराह को दो-दो विकेट लिए। हार्दिक पांड्या के खाते में भी एक विकेट गया। भारतीय टीम ने जीत के साथ ग्रुप-1 की अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। दो मैचों में लगातार दो जीत के साथ भारत के चार अंक हो गए हैं। भारत को अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को खेलना है। इस मैच में जीतते ही भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। इससे पहले टीम इंडिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ 47 रनों से जीत के साथ सुपर-8 में अपनी शुरूआत की थी।

# ताइक्वांडो चैंपियनशिप : कैंट ताइक्वांडो के बच्चे रहे अव्वल

### ताइक्वांडो अकादमी की टीम 48 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही

एजेंसी

**लखनऊ।** कैंट ताइक्वांडो अकादमी ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ ओलंपिक गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सर्वाधिक 86 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। लखनऊ ओलंपिक संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में संपन्न चैंपियनशिप में लखनऊ ताइक्वांडो अकादमी की टीम 48 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही। वहीं यश ताइक्वांडो अकादमी को 46 अंक के साथ तीसरा स्थान मिला।

आज हुई स्पर्धाओं में मयांशु गौतम, शाहरुख खान, शिवम जोशी, अनंत वर्मा, वैभव कुमार बनौधा, हर्ष जोशी, आद्वविक तिवारी, आयुषी, गार्गी कृष्णा, लकी प्रजापति, भूमि, सिमरन पाण्डेय, अक्षत शाह, जैन अली, अक्षिता शाह, वघीशा सिंह आलम, शिवांश वर्मा, दिव्यांशी सिंह, यश भारद्वाज, अथर्व मिश्रा, मेहुल शुक्ला, झलक यादव, गौरी पाण्डेय ने अपने-अपने भार वर्गो में स्वर्ण पदक जीते।

लखनऊ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष राजकुमार (सचिव, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन) ने बताया कि लखनऊ ओलंपिक गेम्स ताइक्वांडो चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को 23 जून को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर आयोजित ओलंपिक डे समारोह के दौरान पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# हमने गेंद और बल्ले से किया बेहतरीन प्रदर्शन: रोहित शर्मा

एजेंसी

**एंटीगा।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा खिलाड़ियों ने मैदान पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतरीन खेल दिखाया जैसे कि उनसे उम्मीद थी। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के बाद रोहित ने कहा, मैं काफी लंबे समय से इस पर अपनी राय रखते आया हूं। हमने आज परिस्थितियों को बहुत बेहतर ढंग से परखा। गेंद और बल्ले दोनों के साथ ही हमारी रणनीति सफल हुई। कुल मिलाकर यह बहुत बढ़िया टीम प्रयास था। हमें मैदान में उतर कर उसी तरह का खेल खेलना है, जो हमसे उम्मीद की जाती है। उन्होंने कहा, हर बल्लेबाज को अपनी भूमिका होती है। आज सिर्फ एक बल्लेबाज ने ही अर्धशतक लगाया, लेकिन इसके बावजूद हम 196 स्कोर तक पहुंच गए। मुझे नहीं लगता कि टी-20 में यह मायने रखता है कि आप कितने अर्धशतक या शतक लगा रहे हैं बल्कि यह अधिक जरूरी है कि आप विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में कितने सफल हैं। मैंने पिछले मैच के बारे में भी कहा था कि सूर्या के साथ उनकी साझेदारी हमारे लिए




काफी महत्वपूर्ण थी और उस साझेदारी की बदौलत हम अच्छी स्थिति में पहुंच गए थे। हमें हार्दिक की क्षमता का पता है। आज उन्होंने इस बात की मिसाल पेश की कि वह बल्ले के साथ क्या कमाल दिखा सकते हैं।

अगर वह ऐसे ही अपना खेल जारी रखेंगे तो हम बहुत अच्छी स्थिति में पहुंच जाएंगे।

# ओलंपिक डे रन के बाद पचास उदीयमान खिलाड़ियों को दिया गया विजयपथ सम्मान

एजेंसी

**लखनऊ।** पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे भारतीय खिलाड़ियों की हौसला अफजाई के लिए लखनऊ में रविवार को ओलंपिक डे रन का आयोजन किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के नेतृत्व में लखनऊ ओलंपिक संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस-2024 पर हुई ओलंपिक डे रन के बाद आयोजित ओलंपिक दिवस समारोह में 50 उदीयमान खिलाड़ियों को विजयपथ सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर सभी का उत्साहवर्द्धन किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि डबल इंजन की सरकार ने खेलों को गति देने का काम किया है और अब खेल नई ऊंचाईयों को छू रहे हैं। ऐसे आयोजन से लखनऊ में खेलों को नए आयाम मिलेंगे, इसके लिए लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र हैं।




### 50 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया

ओलंपिक दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि लखनऊ ओलंपिक संघ द्वारा हुआ यह आयोजन लखनऊ के खिलाड़ियों के हौसले का प्रतीक है और आज इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ी यहां इकट्ठे हुए, उसकी जितनी भी सराहना की जाये, वह कम है। इस दौरान लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि विजय पथ योजना का ये तीसरा वर्ष है जिसमें लखनऊ ओलंपिक संघ की ओर से आर्थिक सहायता के अलावा 50 अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। इसके साथ खेलों के सवार्गीण विकास के लिए एक उत्तर प्रदेश ओलंपिक सभागार की भी स्थापना लखनऊ ओलंपिक संघ के द्वारा की गई है। अंत में खेल निदेशक डॉ.आरपी सिंह ने इस आयोजन में उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व अन्य खेल प्रेमियों का आभार जताया। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी, उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजकुमार, उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के सचिव सुधीर शर्मा, उत्तर प्रदेश टेनिस संघ के सचिव पुनीत अग्रवाल, कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के सचिव जसपाल सिंह, किक बाक्सिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव अरविंद शेरवालिया, लखनऊ ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष मो.नदीम, संयुक्त सचिव डा.आनन्द किशोर पाण्डेय सहित मोहम्मद नासिर, सुशीम बाजपेयी, एडवोकेट मुकीद खान आदि मौजूद थे।

## वाणिज्य

# एनसीआर में अपना घर बनाने का सपना होगा जल्द पूरा

### जुलाई के दूसरे सप्ताह में नालामी शुरू होगी

### नीलामी लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित की जाएगी

एजेंसी

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में अपना घर या व्यापारिक संस्थान बनाने का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) आगामी जुलाई महीने में अपनी विभिन्न आवासीय व व्यावसायिक योजनाओं में खाली संपत्तियों को नीलामी के जरिए बेचने की योजना बना रहा है। इसके लिए तैयारी पूरी हो चुकी है। जुलाई के दूसरे सप्ताह में नालामी शुरू हो जाएगी। नीलामी लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित की जाएगी। इस नीलामी से गाजियाबाद में जहां लोगों का अपना घर बनाने का सपना पूरा हो सकेगा वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को नए पंख लगने की उम्मीद है। यह क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने रविवार




को मीडियाकर्मियों से कहा कि नीलामी में डेढ़ सौ से अधिक आवासीय भवन अथवा भूखंड, एक सौ ज्यादा व्यावसायिक और कई औद्योगिक भूखंड सम्मिलित किए गए हैं। इसके अलावा 12 ग्रुप हाउसिंग प्लॉट, कन्वीनिएंट शॉपिंग भूखंड, सामुदायिक केंद्र, अस्पताल और दुकानें को भी नीलामी के जरिए बेचा जाएगा। इसमें खास बात यह है कि इनमें 2 हजार वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट भी सम्मिलित किए गए हैं जो बड़े निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए आकर्षक हो सकते हैं। इसके पीछे जीडीए का उद्देश्य न केवल लोगों को घर बनाने के सपने को पूरा करना है बल्कि गाजियाबाद में व्यावसायिक और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देना है।

जीडीए अधिकारियों का कहना है कि नीलामी में शामिल प्लॉट गाजियाबाद की कई प्रमुख योजनाओं मधुबन बापूधाम, गोविंदपुरम, नंदग्राम, इंदिरापुरम, इंद्रप्रस्थ, तुलसी निकेतन, कौशांबी, कोयल एंक्लेव, वैशाली, कपूरींपुरम, स्वर्णजयंतीपुरम और प्रताप विहार शामिल हैं। सभी उपलब्ध प्लॉटों की विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। खरीदार वेबसाइट पर जाकर सम्पत्ति की विस्तृत जानकारी हासिल कर आवेदन कर फिर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी मनपसंद सम्पत्ति खरीद सकते हैं।

# पानीपत के हैंडलूम निर्यात में 50 फीसदी की गिरावट, 16 हजार करोड़ पर आया कारोबार

एजेंसी

**पानीपत।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक हैंडलूम नगरी पानीपत का हैंडलूम निर्यात उद्योग जहां चार वर्ष से मंदी की मार झेल रहा है, वहीं अब इस उद्योग को सरकारी प्रोत्साहन की दरकार है। यह उद्योग इस समय अंतिम सांसें ले रहा है। पानीपत से यूरोप के करीब 20 देशों में हैंडलूम के सामान का निर्यात होता है, जिसमें मुख्य रूप से होम टेक्सटाइल, होम डेकोर के अंतर्गत आने वाले सामान जैसे- कारपेट, दरी, बाथ मैट, कार्टन, कुशन, बेड कवर, किचन टेक्सटाइल, कंबल, थ्रीडी बेडशीट सहित अनेक समान यूके, यूएस, हंगरी, तुर्की, इटली, फ्रांस, रूस, यूक्रेन, स्विटजरलैंड, स्पेन, स्वीडन, पोलैंड, रोमानिया पुर्तगाल, यूनान, डेनमार्क, साइप्रस, बेल्जियम, बुलगारिया, फिनलैंड सहित अन्य देशों को भी निर्यात होता है। वर्ष 2020 में लॉकडाउन से पहले पानीपत का निर्यात करीब 32 हजार करोड़ रुपये था जो लॉकडाउन के बाद घटकर 20 हजार करोड़ पर आ गया। रही सही कसर रूस-यूक्रेन और



इजराइल- हमास की लड़ाई ने पूरी कर दी। वर्तमान में पानीपत का निर्यात घटकर सिर्फ 16 हजार करोड़ पर सिमट गया है, जो निर्यातकों की चिंता का विषय है।

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पानीपत के अध्यक्ष विनोद धमीजा के मुताबिक पानीपत से सरकार को जीएसटी के द्वारा तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक टैक्स के रूप में जाता है। इनकम टैक्स अलग जाता है, बावजूद इसके पानीपत के उद्योग को सुविधा के नाम पर सिर्फ ठेंगा मिलता है। जब से पानीपत इंडस्ट्री को सरकार ने एनसीआर में लिया है तब से दिल्ली के कड़े कानून लागू कर दिए हैं। अब किसी भी फैक्टरी से निकलने वाले काले व पीले धुंए पर एक तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया और अब डीजल के उपयोग पर प्रतिबंध लगाकर छोटे उद्यमों की तो कमर ही तोड़ दी है, दिल्ली के कानून तो लागू कर दिए लेकिन राजधानी की सुविधाएं नहीं मिल रहीं हैं। क्योंकि बिजली जाने पर जनरेटर चलाना पड़ता और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी जनरेटर बिना ड्यूल फ्यूल किट लगाए नहीं चलना चाहिए, जबकि ड्यूल फ्यूल किट लगाने का खर्च जनरेटर की कुल लागत का 70% का खर्चा आता है।

ऐसे में छोटा उद्यमी कहां से ड्यूल फ्यूल किट लगाएगा, क्योंकि बिजली के मुकाबले जनरेटर की बिजली महंगी पड़ती है। औद्योगिक क्षेत्र में सुविधा के नाम पर सड़कें टूटी, पानी की निकासी का कोई इंतजाम नहीं, बिजली पूरी नहीं मिलती जो छोटे उद्यमियों ने जो अन ऑथराइज्ड छेत्र में फैक्टरी लगाई हुई है ।

## एक नजर

### विदेश मंत्री यूएई की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर आज 23 जून को यूएई की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अपने यूएई समकक्ष के साथ साझेदारी के व्यापक मुद्दों पर बैठक करेंगे। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी और क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी।

### नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल

**काठमांडू।** नेपाल सरकार के मुख्य सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में आरोप पत्र दायर किया गया है। रेवेन्यू स्टीकर छापने को लेकर हुए आर्थिक अनियमितता पर जांच पूरी करने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की तरफ से चार्जशीट दाखिल की गई थी। ब्यूरो के आयुक्त जयबहादुर चन्द ने कहा कि मुख्य सचिव बैकुंठ अर्याल पर उनके संचार सचिव रहते हुए सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस खरीद मामले और रेवेन्यू स्टीकर की छपाई के मामले में भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में मुख्य सचिव के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो ने विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की है। यह पहला मौका है जब ब्यूरोक्रेसी के सबसे बड़े अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। नेपाल की संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक किसी भी अदालत में चार्जशीट दायर होते ही पद स्वतः निलम्बित हो जाता है।

### नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में लगाया पौधा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया। पार्टी एवं केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने इस अवसर पर पौधे वितरित कर सभी से इस अभियान में शामिल होने और स्वजनों को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। आइए, हम सभी मिलकर अपनी वसुंधरा को हरा-भरा बनाएं, अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाएं।

### जल्द शुरू हो सकती है शिवखौड़ी दाम के लिए हैलीकाप्टर सेवा

**जम्मू।** कुछ दिन पूर्व रियासी जिले के शिव खोड़ी से दर्शन कर वापिस लौट रही श्रद्धालुओं की बस पर आतंकियों ने हमला किया था जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई उसके बाद श्रद्धालुओं को और बेहतर सुविधाएं देने के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड कार्य करने में जुट गया। बोर्ड के सूत्रों के अनुसार श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड और शिवखोड़ी श्राइन बोर्ड श्रद्धालुओं को एक बड़ी सौगात दे सकते हैं। बोर्ड कटरा से शिवखौड़ी के लिए हैलीकाप्टर सेवा की शुरूआत करने की योजना पर काम कर रहा है क्योंकि आगामी 25 जून को जम्मू एयरपोर्ट से सीधे मां वैष्णो देवी भवन तक हेलीकॉप्टर सेवा की शुरूआत होने जा रही है और इसी सेवा का विस्तार करने पर दोनों बोर्ड काम कर रहे है। क्योंकि बोर्ड जम्मू से चापर में मां के भवन आने वाले श्रद्धालुओं को शिवखौड़ी दाम की पवित्र गुफा में विराजमान भोलेनाथ के दर्शन करने का भी लाभ देने की दिशा में काम कर रहा है और सूत्रों की माने तो जल्द ही एलजी प्रशासन इस सेवा का ऐलान कर सकता है।

### अनियंत्रित कार पुलिया से नीचे गिरी, 5 घायल



**कांकेर।** जिले के भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुगुकोंदल जाने वाले मार्ग पर आज दोपहर 1 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पर तत्काल भानुप्रतापपुर पुलिस मौके पर पंहुचकर घायलों को भानुप्रतापपुर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थित को देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जनकारी के अनुसार कार सवार सभी लोग माना के बताए जा रहे हैं। घायलों के संबध में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

# पेपर लीक, रद्द या स्थगित होना बन गई है भाजपा सरकार की कार्यशैली: कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को कहा कि बड़ी परीक्षाओं को पेपर लीक के कारण रद्द करना मोदी सरकार की कार्यशाली बन गई है लेकिन पेपर रद्द करना और अधिकारियों को बदलना इस समस्या का समाधान नहीं है इसलिए इस दिशा में भेदभाव रहित तरीके से काम करने और सबके हित कदम उठाने की जरूरत है।



श्री खड़गे ने कहा, 'नीट घोटाले में ज़िम्मेदारी सरकार के शीर्ष अधिकारियों के इर्दगिर्द आकर रुकती है। नौकरशाहों में फेरबदल करना भाजपा द्वारा बर्बाद शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है। एनटीए को एक स्वायत्त निकाय के रूप में पेश किया गया था लेकिन वास्तव में इसे भाजपा तथा आरएसएस के कुटिल हितों की पूर्ति के लिए बनाया गया था। छात्रों को न्याय दिलाने के लिए मोदी सरकार को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'नीट-पीजी परीक्षा स्थगित कर दी गई है। पिछले 10 दिनों में चार परीक्षाएं या तो रद्द या स्थगित की गई हैं। पेपर लीक, भ्रष्टाचार, अनियमितताएं और शिक्षा माफिया ने हमारी शिक्षा प्रणाली में घुसपैठ कर ली है। देर से की गई लीपापोती की कवायद का अब कोई फायदा नहीं है क्योंकि अनगिनत युवा इससे पीड़ित हैं।'

श्रीमती वाड्रा ने कहा, 'नीट-पीजी पेपर लीक, नीट-पीजी रद्द, यूजीसी-नेट रद्द, सीएसआईआर-नेट रद्द। आज ये देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढाँचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है। लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंप देने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपसों से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा- व्यवस्था की पहचान बना दिया है। हालत ये हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती।' उन्होंने कहा, 'आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी हो चुकी है। देश के काबिल युवा अपना सबसे कीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गवां रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।'

### मोदी राज में बर्बाद शिक्षा व्यवस्था का नमूना है नीट परीक्षा स्थगित होना : राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट को स्थगित करने पर मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए आज कहा कि मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है इसलिए इस तरह के दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय लिये जा रहे हैं। श्री गांधी ने कहा 'अब नीट पीजी भी स्थगित। यह नरेन्द्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए 'पढ़ाई' नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से 'लड़ाई' लड़ने को मजबूर है।' उन्होंने कहा 'अब यह स्पष्ट है-हर बार चुप- चाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं। नरेन्द्र मोदी की अक्षम सरकार स्टूडेंट्स के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है- हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा।' कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक ट्वीट हैंडल पर कहा 'अब नीट-पीजी की परीक्षा भी रद्द हो गई। इससे पहले पेपर लीक की वजह से यूजीसी-नेट की परीक्षा भी रद्द हुई थी। नीट को लेकर देश के युवा सड़कों पर प्रदर्शन कर ही रहे हैं। मोदी सरकार-पेपर लीक सरकार बन चुकी है।'

### मायावती ने लोस चुनाव में हार की समीक्षा के लिए की बड़ी बैठक

## पार्टी में बड़े फेरबदल कर सकती है मायावती

- भतीजे आकाश से नाराजगी हुई दूर, बैठक रहे मौजूद

एजेंसी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर मैदान में उतरी बहुजन समाज पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। इसकी समीक्षा के लिए पार्टी की मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को बैठक बुलाई। इसमें उनके भतीजे आकाश आनंद भी शामिल हुए। आकाश ने अपनी बुआ मायावती के पैर छुए तो उन्होंने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि मायावती की भतीजे आकाश से नाराजगी दूर हो गई है।



मायावती ने पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव की समीक्षा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर एक बैठक बुलाई। इसमें सभी जिलों के पदाधिकारी, नेशनल कोआर्डिनेटर और वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। भतीजे आकाश भी मौजूद रहे। झारखंड, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र व हरियाणा में निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए मायावती पार्टी में बड़े फेरबदल कर सकती हैं। इसी को देखते हुए शनिवार को ही पार्टी ने आकाश को स्टार प्रचारक बनाया था। इससे यह उम्मीद जगी है कि मायावती ने भतीजे को माफ कर दिया है। आकाश ने लोकसभा चुनाव में कई रैलियां करके सरकार विरोधी भाषण दिए थे। सीतापुर की रैली में दिए गये बयान पर उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसके बाद मायावती ने उन्हें सभी पदों से कार्य मुक्त कर दिया था। रविवार को जिस तरह से मायावती ने भतीजे के सिर पर हाथ रखा है, उससे यह चर्चा है कि आकाश ही मायावती के उत्ताराधिकारी रहेंगे। उन्हें सभी पदों की जिम्मेदारी वापस की गयी है।

दूसरी तरफ पार्टी को विस्तार देने के लिए मायावती ने कई निर्णय लिए हैं। इसमें अहम निर्णय है बसपा की सदस्यता शुल्क घटाना। बसपा ने सदस्यता शुल्क एक चौथाई कर दी है। अब सिर्फ. 50 रुपये में नये सदस्य बनेंगे, अभी तक 200 रुपये शुल्क था। माना जा रहा है कि पार्टी सदस्यों की संख्या बढ़ाकर संगठन को मजबूत करेगी।

## जोधपुर में होगा भारतीय वायु सेना का युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति'

- दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर करेंगे शिरकत

एजेंसी

**जोधपुर।** भारतीय वायु सेना पहली बार बहुपक्षीय हवाई अभ्यास अगस्त के पहले हफ्ते में जोधपुर आयोजित करने जा रही है। 'तरंग शक्ति' के नाम से होने वाले इस युद्धाभ्यास में दुनिया की 12 वायु सेनाओं के जांबाज फाइटर बॉम्बर और स्ट्रैटेजिक लिफ्ट विमान शामिल होंगे।



वायु सेवा सूत्रों के अनुसार दो चरणों के इस अभ्यास की शुरूआत दक्षिण भारत के एयरबेस से होगी। इसके बाद अगस्त के मध्य से सितंबर के मध्य तक यह अभ्यास जोधपुर में होगा। युद्धाभ्यास में स्पेन और यूएई समेत 12 देशों को बुलाया गया है। क्वाड देश अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के अलावा यूरोप की तीन बड़ी वायु सेनाओं ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के फाइटर जेट भी अभ्यास में हिस्सेदारी करेंगे।

यह अभ्यास अमेरिका के 'रेड फ्लैग वॉर गेम' के स्तर का होगा, जिसमें नाटो देश हिस्सा लेते हैं। रेड फ्लैग वॉर गेम जून, 2023 में हुआ था। इसमें भारत में भी हिस्सेदारी की थी और अपने राफेल लड़ाकू विमान लेकर गया था। इस बहुपक्षीय युद्ध अभ्यास में रूस शामिल नहीं होगा।

## दरबार साहिब में योग करने वाली लड़की के खिलाफ मामला दर्ज

- एसजीपीसी ने ड्यूटी पर मौजूद तीन कर्मचारियों को निलंबित किया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दरबार साहिब परिसर में योगा करके वीडियो वायरल करने वाली गुजराती लड़की अर्चना मकवाना के खिलाफ अमृतसर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पहले ही तीन कर्मचारियों को निलंबित किया है।

अमृतसर पुलिस ने दरबार साहिब के प्रबंधक भगवंत सिंह की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। पुलिस को दी शिकायत में भगवंत सिंह ने कहा है कि 22 जून को यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल किया गया, जिसमें अर्चना मकवाना दरबार साहिब की परिक्रमा में शहीद बाबा दीप सिंह के स्थान के पास जगह पर योगा करते हुए फोटो खींची और जानबूझ कर वायरल किया, जिससे सिख भावनाओं को ठेस पहुंची है। अर्चना मकवाना ने सोशल मीडिया पर 2 तस्वीरें पोस्ट कीं। इनमें वह ध्यान और शीर्षासन करते नजर आ रही हैं। यह योगासन उन्होंने गोल्डन टेंपल की परिक्रमा में किए। उन्होंने खुद ही यह फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि मैं वाहे गुरु जी का शुक्रिया करती हूं कि मुझे उनके स्थान से योग की शक्ति फैलाने में मदद मिली।

पुलिस ने मामला दर्ज करने की कार्रवाई उस समय की है, जब अर्चना इस बारे में माफी भी मांग चुकी है। इस बीच एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि गोल्डन टेंपल में इस तरह के काम करना सिख मर्यादा के खिलाफ है। फिर भी कुछ लोग जानबूझ कर इस पावन स्थान की पवित्रता और ऐतिहासिक महत्ता को नजरअंदाज कर ओछी हरकतें करते हैं।

### घुसपैठ के दौरान मारे गए आतंकवादी का शव बरामद, अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में गोहालन गांव में शनिवार को मारे गए दो आतंकवादियों में से सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी का शव रविवार को बरामद कर लिया है। जबकि मारे गए दूसरे आतंकी के शव की तलाश की जा रही है। इलाके में अभी भी अभियान जारी है। सेना को शनिवार को सुरक्षा एजेंसियों से इनपुट मिले कि आतंकियों का एक दस्ता उड़ी सेक्टर के रास्ते कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में है। इसके आधार पर सेना ने सभी अग्रिम चौकियों को अलर्ट जारी करते हुए अग्रिम इलाकों में विशेष नाके स्थापित किए थे। शनिवार को आतंकी जैसे ही नियंत्रण रेखा को पार करने लगे, जवानों ने उन्हें ललकारते हुए आत्मसमर्पण करने को कहा। घुसपैठियों की गोलीबारी पर जवानों ने जवाबी गोलीबारी की। इस दौरान दो आतंकी मारे गए और दो अन्य वापस भागने में कामयाब रहे।

## नौकरों के शोषण का मामला : हिंदुजा परिवार बरी, शिकायतकर्ताओं ने वापस लिए आरोप

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय मूल के बिजनेसमैन ब्रिटेन के सबसे अमीर हिंदुजा परिवार के 4 सदस्यों को नौकरों के शोषण मामले में सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। एक दिन पहले 21 जून को निचली अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जेल की सजा सुनाई थी। अब ऊपरी अदालत ने 22 जून को इस परिवार के सदस्यों को सभी आरोपों से बरी कर दिया।

निचली अदालत के फैसले में प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल हिंदुजा को साढ़े चार साल की सजा मिली थी। उनके बेटे अजय और बहू नम्रता को चार साल की सजा सुनाई गई थी। उनके मैनेजर नजीब जियाजी को भी 18 महीने की सजा हुई थी। परिवार ने फैसले को उच्च अदालत में चुनौती दी थी।



हिंदुजा परिवार के प्रवक्ता के मुताबिक उच्च अदालत ने सभी गंभीर आरोप खारिज कर दिए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक शिकायतकताओं ने आरोप वापस ले लिए हैं। अदालत को उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे बयानों पर साइन करने के लिए गुमराह किया गया था, जिन्हें वे नहीं समझते थे। उनका न तो ऐसा इरादा था और न उन्होंने ऐसी कार्यवाही शुरू की थी।

उल्लेखनीय है कि प्रकाश हिंदुजा, कमल, अजय और बहू नम्रता पर आरोप हैं कि उन्होंने स्विट्जरलैंड के जिनेवा स्थित अपने बंगले में काम करने वाले कामगारों का शोषण और गैरकानूनी तरीके से कर्मचारियों को काम पर रखा। उन्हें कम वेतन पर 18 घंटे तक काम कराया गया। उन्हें बहुत कम या बिल्कुल भी छुट्टी नहीं दी जाती थी तथा स्विस कानून के तहत अपेक्षित वेतन के दसवें हिस्से से भी कम था।

**उपलब्धि** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दर्ज की एक और कामयाबी

# आरएलवी 'पुष्पक' की लगातार तीसरी सफल लैंडिंग

- चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी. की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल
- व्हीकल ने धीमी गति से उड़ान भरने के बाद लैंडिंग गियर के साथ एटीआर में लैंड किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' का तीसरी बार पूरी तरह कामयाब परीक्षण किया। पुष्पक को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया। आज के आखिरी परीक्षण में इसरो के 'पुष्पक' शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है।

इसरो ने इससे पहले पिछले साल 02 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया गया था। इसी श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में आज सुबह 07:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया।



इसरो के मुताबिक 'पुष्पक' नामक पंख वाले वाहन को भारतीय वायु सेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई पर छोड़ा गया। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल धीमी गति से उड़ान भरने के बाद रनवे से 4.5 किमी दूर स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार युद्धाभ्यास करने के बाद रनवे के पास पहुंचा और सेंटर लाइन पर लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में 7.40 बजे लैंड किया। लैंडिंग करते वक्त इसका वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि एक वाणिज्यिक विमान के लिए यह 260 किमी प्रति घंटे और एक सामान्य लड़ाकू विमान के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है। टचडाउन के बाद वाहन के वेग को उसके ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके लगभग 100 किमी प्रति घंटे तक कम कर दिया गया था।

लगातार तीसरी बार यह परीक्षण सफल होने के बाद साबित हो गया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के सहारे रॉकेट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है। इस परीक्षण में इसरो के साथ भारतीय वायु सेना, वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई), हवाई वितरण अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एडीआरडीई), सैन्य उड़ान योग्यता और प्रमाणन केंद्र (सीईएमआईएलएसी) के तहत क्षेत्रीय सैन्य उड़ान योग्यता केंद्र (आरसीएमए), राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशालाएं (एनएएल), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर, भारतीय एयरोस्पेस औद्योगिक साझेदार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से महत्वपूर्ण समर्थन के साथ कई इसरो केंद्र शामिल थे।

## सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल का भाई सूरज रेवन्ना गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में कर्नाटक पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। सेक्स स्कैंडल में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई सूरज रेवन्ना को हासन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूरज पर जेडीएस कार्यकर्ता के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप है।

कर्नाटक पुलिस ने शनिवार को जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के 27 वर्षीय कार्यकर्ता के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था।

होलेनारसीपुरा ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को जेडीएस एमएलसी सूरज रेवन्ना के खिलाफ पार्टी के 27 वर्षीय कार्यकर्ता के साथ कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में सूरज रेवन्ना और शिवकुमार को आरोपित बनाया है। केस दर्ज कराने से पहले पीड़ित ने राज्य के गृहमंत्री और पुलिस महानिदेशक से लिखित शिकायत की थी।

एफआईआर के अनुसार, पीड़ित कथित तौर पर 16 जून को शाम करीब 6.15 बजे हासन जिले के होलेनारासीपुरा स्थित एक फार्महाउस पर सूरज रेवन्ना से मिलने गयी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि एमएलसी ने उसका यौन उत्पीड़न किया और इस बारे में किसी के सामने मुंह खोलने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सूरज रेवन्ना ने उसे नौकरी दिलाने और राजनीति में लाने का आश्वासन दिया था।

### झारखंड राज्य किसान सभा का दो दिवसीय सम्मेलन 29-30 को आयोजित

# सम्मेलन में विभिन्न जगहों से करीब 5000 लोग होंगे शामिल

संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग भारतीय कम्युनिस्ट कार्यालय में अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट गुलाम जिलानी ने की, जिसमें झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता भी उपस्थित थे। उन्होंने घोषणा की कि झारखंड राज्य किसान सभा का दो दिवसीय राज्य सम्मेलन 29 और 30 जून 2024 को निर्धारित है। सम्मेलन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी. राजा की उपस्थिति रहेगी, जो राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर राजनीतिक स्थिति पर प्रकाश डालेंगे। किसानों



को प्रभावित करने वाले विभिन्न मुद्दों, विशेष रूप से कोयला खनन गतिविधियों के कारण विस्थापन से उत्पन्न होने वाले मुद्दों पर चर्चा की गई। किसानों के लिए 10,000 मासिक पेंशन की मांग के साथ-साथ खाद, बीज और कीटनाशकों की आपूर्ति पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अलावा, अडानी एंटरप्राइजेज द्वारा गोंडलपुरा बड़ी कागवान में कोल ब्लॉक के आवंटन को 22 अप्रैल, 2023 से रद्द किए जाने के बारे में चिंता व्यक्त की गई। चिलचिलाती धूप के बीच लोग विरोध में बैठे, लेकिन न तो केंद्र और न ही राज्य सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान दिया। 27 अप्रैल, 2023 से सिंगर कठिया रेलवे लाइन के पास गैर-अल्पसंख्यक भूमि को लेकर खुर्द में किसानों द्वारा इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया गया। दोनों स्थानों पर प्रदर्शनकारी 14 महीने से अधिक समय से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर राज्य सम्मेलन में विचार-विमर्श किया जाना है, जिसमें एक नई समिति के गठन की उम्मीद है। अतुल कुमार अंजन नगर, पतरातू डैम और रामगढ़ में होने वाले सम्मेलन में हजारीबाग जिले के विभिन्न ब्लॉकों से लगभग 5,000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।
यह सम्मेलन मुख्य रूप से महेंद्र राम पूर्व मुखिया, अधिवक्ता शंभू कुमार, डॉ अनवर हुसैन, मस्जिद, निजाम, प्रधान स्वदेशी प्रमुख राम प्रकाश सिंह, अवधेश कुमार, मोहम्मद शमी, लालजी शर्मा, प्रभु बैठे मोहम्मद इम्तियाज, केदार दास, आदि 50 से अधिक लोग उपस्थित थे। बैठक में पूर्व ग्राम प्रधानों, वकीलों, डॉक्टरों और सामुदायिक नेताओं सहित प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिन्होंने किसानों की शिकायतों और मांगों को संबोधित करने के महत्व पर जोर दिया।

## विहिप दुर्गा वाहिनी का प्रशिक्षण वर्ग सभी सनातनी बहनों के लिए जरूरी: अनामिका श्रीवास्तव

संवाददाता

**रामगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद् कार्यलय में 22 जून को दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण प्राप्त सदस्यों का स्वागत किया गया।सात दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में रामगढ़ से 11 लड़कियों ने वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन सभी को अभय यादव , सुजीत सोनकर , संतोष सिंह , अवधेश वर्मा के द्वारा भगवा वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया,तथा त्रिशूल दीक्षा दी गई। मौके पर उपस्थित दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव ने कहा की दुर्गा वाहिनी बीते कई वर्षो से लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। प्रशिक्षण



प्राप्त कर ये संगठन देश में लव जिहाद, धर्मांतरण आदि को रोकने का सफल प्रयास करती है। दुर्गा वाहिनी लड़कियों में आत्मसुरक्षा तथा स्वयंरक्षा, धर्म रक्षा और देश भक्ति की भावना को बढ़ाती है। इस वर्ष रामगढ़ से कुल 11 बहनें वर्ग से प्रशिक्षित हो कर आई हैं। सभी लोग अपने धार्मिक, सामाजिक कर्तव्यों का पालन करेंगी और समाज में बढ़ रहे लव जिहाद तथा धर्मांतरण को रोकने का सफल प्रयास करेंगी।

## खास खबर

### हजारीबाग विधानसभा में मुन्ना सिंह की पहल से जनता को मिला भरोसा



**हजारीबाग।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के चानो स्थित आवास में प्रतिदिन की भांति कल भी हजारीबाग विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, और युवा पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं को के बारे में चर्चा किया। कई समस्याओं का समाधान तत्क्षण किया गया, जबकि कुछ समस्याओं को शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान एक मामले में मुन्ना सिंह ने मुफस्सिल थाना पहुंचकर प्रभारी से मुलाकात की और मुद्दे के पहलुओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने थाना प्रभारी से इस मामले के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया। हजारीबाग विधानसभा के क्षेत्रवासियों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह की प्रतिबद्धता ने जनता का विश्वास और मजबूत किया है।

### भाजपाईयो ने डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई

**भुरकुण्डा ।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मण्डल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय जवाहर नगर शक्ति केंद्र पर श्रद्धाय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाई गईं । कार्यक्रम की शुरूआत डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प आर्पित कर श्रद्धांजलि देकर किया गया। मौके पर मण्डल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा ने डॉक्टर साहब के जीवनी पर प्रकाश जलते हुये कहा की भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी का सपना या कि कश्मीर भारत का अंग हो, एक विधान एक संविधान एक निशान का उन्होंने नारा दिया था। जो आज भाजपा सरकार पीएम मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ है। जो भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा की डॉ मुखर्जी के सपनो को सकार के लिए उनके बताये मार्ग पर चलने का हमसब संकल्प ले यही उनकी सच्ची श्रद्धाजलि होगी । मौके पर मुख्य रूप एस सी मोर्चा जिला प्रभारी जुगल नायक, अशोक सोनी, राकेश चौधरी, विजय मोहन मिश्रा, राजेश सिंह, संजय सोनी, नागेशर, चरकु राम, राजू सिंह, सहदेव वर्मा व बूथ के कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### इल्म की रौशनी ट्रस्ट ने 60 वर्षीय बेवा महिला को दिलाई अस्पताल से रिहाई

**लईयो।** इल्म की रौशनी ट्रस्ट ने एक और कदम कामयाबी के आगे बढ़ायी। ट्रस्ट के जानिब से चुम्बा रामगढ़ निवासी को अस्पताल से रिहाई दिलाई गयी। बेवा महीला का उम्र लगभग 60 वर्ष है जो एक रोड हादसा का शिकार हो गयी थीं। जिससे उनका पैर टूट गया था और इलाज रांची रोड में स्थित (दा होप) अस्पताल में चल रहा था। ट्रस्ट के सदस्यों से परिजनों ने मदद की अपील कि ताकि उनको छुट्टी करवा कर वापस घर लाया जा सके। ट्रस्ट सचिव मुहम्मद वसीम कौसर रजवी ने बताया कि जिस महिला को ट्रस्ट द्वारा मदद की गयी वो आंख से भी लाचार हैं जिसके वजह से उनको हादसे का शिकार होना पड़ा। अस्पताल जा कर ट्रस्ट सदस्यों ने उनका जायजा लिया और उनको अस्पताल से छुट्टी करवा कर घर के तरफ रवाना किया। महिला ने ट्रस्ट सदस्यों को सलामत रहने की दुआएं दी। साथ ही ट्रस्ट सचिव ने ये भी कहा कि जब हम बेसहारों को सहारा देते हैं तो एक नयी खुशियाँ हमारे अन्दर जन्म लेती है जिससे हमें आगे काम करने का हौसला मिलता है। मौके पर ट्रस्ट सदस्य अब्दुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, तबरेज अंसारी, व महिला के परिजन शामिल थे।

### भुरकुंडा रेलवे स्टेशन के विकास के लिए 24 करोड़ रूपये की मिली स्वीकृति : महेंद्र महतो



**भुरकुण्डा ।** भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भुरकुंडा रेलवे स्टेशन के विकास के लिए रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 24 करोड़ रुपए की लागत से गति शक्ति मल्टी - मॉडल कार्गो टर्मिनल का निर्माण किया जाएगा। महतो ने बताया कि कोयलांचल क्षेत्र का पहला रेलवे स्टेशन भुरकुंडा में यह योजना शुरू होने जा रहा है । रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 500 रेलवे स्टेशनों को मल्टी - मॉडल कार्गो टर्मिनल के रूप में विकसित किया जाना है । जिसमें क्षेत्र के भुरकुंडा को भी शामिल किया गया है । इस योजना पर रेल मंत्रालय भारत सरकार ने 50 हजार करोड़ रूपया खर्च करने का योजना बनाया है । मल्टी- मॉडल कार्गे टर्मिनल से ट्रांसपोर्ट यातायात एवं आम जनों दुकान की काफी सुविधा होगी और सेकड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा ।

### विधायक ने छात्राओं के बीच साइकिल का किया वितरण

# शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करें बच्चे : अंबा प्रसाद

संवाददाता

**पतरातू।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल, पतरातु में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख कौशल्या देवी, बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित थे। विधायक अंबा प्रसाद ने सैकड़ो छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए राज्य सरकार की कई योजनाएं



चल रही है। ऐसे में बच्चों से यह अपेक्षा है कि वे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले और शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करें। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके अलावा छात्राओं ने विधायक अंबा प्रसाद के हाल में रिलीज हुए कर्म पर्व जिया हरसाई गीत पर डांस प्रस्तुत किया। इस दौरान कुल 393 साइकिल का वितरण किया गया । इसके पूर्व स्कूल प्रबंधन ने भव्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,मुखिया गिरजेश कुमार, अमित साहू, जयंत तुरी,सीताराम मुण्डा,याकूब राय, नईम अंसारी, वासुदेव राम, जय सिंह, हरिदास साव,चंदन साव, डॉ.अशोक प्रसाद,कमलेश राम, रामकेवल सिंह, शौकत खान,अमर सिंह,कन्हैया रजक आदि उपस्थित थे।

## पी वी यू एन एल प्रबंधन का रवैया निराशाजनक : आदित्य नारायण साहू



संवाददाता

**पतरातू।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक कटिया सरना काली मन्दिर परिसर में आयोजित की गई। आदित्य नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक का संचालन प्रदीप महतो ने किया। आज के बैठक में स्पष्ट किया गया कि पीवीयूएनएल प्रबंधन के द्वरा वार्ता के क्रम में बहुत ही सकारात्मक आश्वासन तो दिया जाता है परन्तु बाद में फिर वही ढाक के तीन पात। प्रबंधन दिए गए आश्वासन को हवा में उड़ा देता है। अभी मैन पावर सप्लाई करने वाले बाहरी एजेंसी कुछ विस्थापित विरोधी अधिकारियों से मिलकर लगातार विस्थापित - प्रभावित ग्रामीणों को दरकिनार कर गुपचुप ढंग से बाहरी लोगों की नियुक्त कर ही रहे हैं। इसीलिए बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जितने भी मैन पावर सप्लाई एजेंसी हैं उनका घेराव किया जाएगा और सीधा पूछ ताछ किया जाएगा। बैठक में मुख्य रुप से राजाराम प्रसाद, किशोर कुमार महतो, कोलेश्वर महतो, प्रियनाथ मुखर्जी, छोटु करमाली,लक्ष्मी कांत,अशोक महतो, मनु मुंडा, प्रदीप कुमार, प्रकाश, भरत साहू, विजय सोनी, नागेश्वर महतो, वेदप्रकाश महतो, भूवनेश्वर करमाली, आदि भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

## 7 जुलाई को टाउन हॉल में राष्ट्रीय स्तर का श्रमिक कांग्रेस सम्मेलन आयोजित किया जाएगा

संवाददाता

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव रेड्डी के आदेश अनुसार राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे समेत तमाम बड़ा नेता करेंगे शिरकत। आज झारखंड राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला और प्रदेश संयुक्त सचिव चंद्रशेखर मिश्र ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता की। 7 जुलाई 24 दिन रविवार को टाउन हॉल में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय डॉ संजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडे, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर समेत पूरे राज्य भर के प्रतिनिधि भाग लेंगे। हजारीबाग समेत तमाम जगहों के मजदूर रैयत विस्थापितों के हक अधिकार की चर्चा करेंगे। हजारीबाग बड़कागांव केरेडारी के रैयत विस्थापित से करेंगे



मुलाकात। कोयला उत्खनन कंपनियों के द्वारा की जा रही माइनिंग लॉ का उल्लंघन लेबर लॉ का उल्लंघन का लेंगे जायजा। ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों के द्वारा हो रहे प्रदूषण, सड़क सुरक्षा की अनदेखी, वाहन चालकों के साथ हो रहे अन्याय की करेंगे समीक्षा। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस झारखंड प्रदेश के द्वारा नए सिरे से पूरे राज्य में राज्य स्तर पर मजदूर रैयत, विस्थापित, ठेका मजदूर दैनिक भोगी मजदूर, कोयला मजदूर, सरकारी गैर सरकारी कर्मचारी की अद्यतन स्थिति को देखते हुए संगठन पूरे तेजी से जन आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी और इंटक से जोड़ने का अभियान चलाएगी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला, संयुक्त संगठन सचिव चंद्रशेखर मिश्रा, वरिष्ठ नेता धीरज सिंह, दीपक गुप्ता रविंद्र पांडे, अर्जुन राम, अर्जुन नायक, कजरू, साहू सुनील चंद्रवंशी, उपेंद्र कुशवाहा, रितलाल मंडल, प्रमोद सिंह बरही, सालिक शुभानी, बीजीआर यूनिट अध्यक्ष परमेश्वर कुमार, नीतीश वर्मा समेत इंटक के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भुरकुण्डा क्षेत्र की समस्या के निदान को लेकर भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा का हुआ गठन

संवाददाता

**भुरकुण्डा ।** पंचायत भवन भुरकुण्डा में रविवार को क्षेत्र के प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता परमजीत सिंह धामी एवं संचालन विश्वरंजन सिन्हा ने किया । बैठक में सर्व सम्मति से भुरकुंडा के समग्र विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा का गठन किया गया । इस दौरान भुरकुंडा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। जिसमें मुख्यतः भुरकुंडा सड़क जाम को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई । सड़क जाम को लेकर सोमवार की संध्या भुरकुंडा में हस्ताक्षर अभियान चलाने, सड़क जाम की समस्या से मुक्ति को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने । रविवार के दिन पूर्व की भांति बड़े वाहनों पर रोक लगाने , सड़क जाम को लेकर स्थानीय प्रशासन की उदासीनता



पर चिंता व्यक्त करते हुए आगे की रणनीति पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही भुरकुंडा को प्रखंड बनाने, भुरकुंडा रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करने, केंद्रीय विद्यालय को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने, आईएजी फैक्ट्री को पुनः शुरू करने, भुरकुंडा में आधुनिक अस्पताल का निर्माण करने, भुरकुंडा बाजार एवं फोरलेन सड़क पर आधुनिक शौचालय का निर्माण करने, क्षेत्र में संचालित आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय युवाओं को रोजगार देने सहित भुरकुंडा क्षेत्र के विकास के लिए अन्य मुद्दों पर भुरकुंडा नवनिर्माण मोर्चा निरंतर आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया अजय पासवान, अजय साहू, उदय मालाकार, महेश्वर साहू, मुकेश राउत, प्रवीण शर्मा, विजय वर्णवाल, पूर्व सूबेदार एच एन यादव, नितेश ओझा, शैलेश कुशवाहा, बुधन गोस्वामी, राज नायक, विजय कुमार यादव, अमित साहू, बिहारी मांझी, मंसूर खान, कैलाश प्रसाद, जितेंद्र वर्मा, रुस्तम कुमार, रतन सिंदेरिया, देवानंद प्रसाद इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

### उर्दू में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वालों के लिए हुआ सम्मान समारोह

## अंजुमन फरोग ए उर्दू ने 150 छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

संवाददाता

**रामगढ़ ।** अंजुमन फरोग ए उर्दू रामगढ़ जिला इकाई के तत्वावधान में गर्ल्स उर्दू हाई स्कूल चितरपुर में सम्मान समारोह आयोजित कर उन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने इस वर्ष मैट्रिक, इंटरमिडिएट और स्नातक परीक्षा में उर्दू विषय का चयन किया और उसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त किया। इस अवसर पर रामगढ़ जिला के सभी प्रखंड के उर्दू विषय के छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।
समारोह का उद्घाटन रामगढ़ महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य डॉ शारदा प्रसाद ने किया। समारोह की अध्यक्षता चास कॉलेज उर्दू विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ मो अब्दुल्ला ने किया और संचालन एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला आयोजन सचिव डॉ शाहनवाज खान ने किया। स्वागत



भाषण मो रफिकुल्लाह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अंजुमन फरोग ए उर्दू के प्रोग्राम समन्वयक मोअज्जम अली सिद्दीकी ने किया।
सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि समाज सेवी हाजी रईस खान ने कहा कि उर्दू कोई ऐसी वैसी भाषा नहीं है बल्कि हिंदुस्तान में जन्मी पली बढ़ी विकसित भाषा है। इसमें मिठास है, तहजीब है और आदाब है। आज भी हिंदुस्तान की अवाम उर्दू ही बोलते हैं और जो उर्दू नहीं बोलते हैं वह भी हिंदी के साथ उर्दू के असंख्य शब्द उर्दू का इस्तेमाल करते हैं। भारतीय फिल्मी दुनिया उर्दू से ही अलंकृत है। आज भी के कोई फिल्मी डायलॉग और गाने उर्दू के बगैर नहीं होते हैं। सम्मान समारोह के मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ एस जेड हक ने कहा कि उर्दू विश्व की दूसरी बड़ी जुबान है। उर्दू भारतीय उप महाद्वीप के आलावा दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी बोली जाती है। यह किसी धर्म विशेष की भाषा नहीं है बल्कि अवाम की जुबान है। यह धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देती है। मुहब्बत का पैगाम देती है। इसे धर्म विशेष से जोड़कर देखना गलत है। प्रेमचंद से ले कर पंडित रघुपति सहाय और आज के गोपीचंद नारंग इस के मिशाल हैं।
रामगढ़ महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ शारदा प्रसाद ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुवे कहा कि उर्दू हिन्दी की सगी बहन है इसमें भी सुंदरता और आकर्षण है। जेएन कॉलेज धुर्वा, रांची के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ मो. गालिब नश्तर ने कहा कि उर्दू पढ़ने से रोजगार के संभावना में कमी नहीं होती है बल्कि रोजगार मिलने की संभावना बढ़ जाती है। अध्यापक, प्राध्यापक, अनुवादक से लेकर वैसे सभी विभाग जिस में दूसरे विषय के छात्र छात्राएं योग्य हैं।

## रेखा वर्णवाल बनी लायंस क्लब ऑफ भुरकुण्डा की अध्यक्ष



संवाददाता

**भुरकुंडा।** उत्सव मैरेज हॉल भुरकुण्डा में शनिवार को लायंस क्लब ऑफ भुरकुण्डा की नव नियुक्त अध्यक्ष रेखा वर्णवाल को सत्र 2024-25 के लिए पदभार सौंपा गया। इस अवसर सत्र 2023-24 की अध्यक्ष माला शर्मा ने नवनियुक्त अध्यक्ष रेखा वर्णवाल को लायंस प्रसिडेन्ट जैकट व प्रसिडेन्ट मेडल पहनाकर अध्यक्ष पदभार को ग्राहण कराया । उसके बाद अगले सत्र के लिए सचिव अंजु देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद को पदभार सौपा गया।मौके पर वर्तमान अध्यक्ष माला शर्मा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बेहतर कार्य करने की आशा के साथ बधाईया और शुभ कामनाये दी। पदभार ग्राहण के बाद अध्यक्ष रेखा वर्णवाल ने कहा की जिस उम्मिद और विश्वास के साथ मुझे क्लब की जिम्मेवारी दी गई है । सबके साथ और सहयोग से लायंस क्लब भुरकुण्डा सर्वाजनिक क्षेत्र में एक नया इतिहास रचेगा। उन्होंने कहा की मेरी पहली प्राथमिकता पयार्वारण, स्वस्थ्य और स्वच्छ्ता के प्रति जागरुकता लाना होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार ) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999